राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 51
लखनऊ, रविवार 06 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे महाकुम्भ का लोगो, वेबसाइट और ऐप लॉन्च 03

गलत सूचना से राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान : जगदीप धनखड़ 12

## चतुर्थम् कूष्माण्डा



सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च। दधाना हस्तपद्माभ्यां कुष्मांडा शुभदास्तु मे॥

नवरात्रि पूजन के चौथे दिन देवी के कूष्माण्डा स्वरूप की ही उपासना की जाती है। मान्यता है कि उन्होंने अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न किया था। इनकी आठ भुजाएं हैं। अपने सात हाथों में वह कमंडल, धनुष, बाण, कमल का फूल, अमृत से भरा कलश, चक्र और गदा लिए हैं।

# डीआरडीओ ने पोखरण में बहुत कम दूरी की मिसाइल के तीन सफल परीक्षण किए

## दुश्मन के यान, विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भागने या बचने का नहीं मिलेगा मौका, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ व सेना को दी बधाई

### सशस्त्र बलों को हवाई खतरे के खिलाफ और अधिक तकनीकी बढ़ावा देगी नई मिसाइल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने पोखरण से चौथी पीढ़ी की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइल के तीन सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। यह एयर डिफेंस सिस्टम रूस के एस-400 की तरह ही है। इससे दुश्मन के यान, विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भागने या बचने का मौका ही नहीं मिलेगा।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को डीआरडीओ और भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों से लैस यह नई मिसाइल सशस्त्र बलों को हवाई खतरे के खिलाफ और अधिक तकनीकी बढ़ावा देगी। वीएसएचओआरएडीएस का वजन 20.5 किलोग्राम होता है। इसकी लंबाई करीब 6.7 फीट और व्यास 3.5 इंच है। यह अपने साथ 2 किलोग्राम वजन का हथियार ले जा सकता है। इसकी रेंज 250 मीटर से 6 किलोमीटर है।

अधिकतम 11,500 फीट तक जा सकता है। अधिकतम गति मैक 1.5 है, यानी 1800 किमी प्रतिघंटा। इससे पहले इसकी टेस्टिंग पिछले साल मार्च में और 2022 में 27 सितंबर को की गई थी।

उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्यों के खिलाफ ग्राउंड-बेस्ड मैन पोर्टेबल लॉन्चर से उड़ान परीक्षण के दौरान मिसाइल ने विमान के पास आने और पीछे हटने की नकल की। मिसाइल ने मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा करते हुए लक्ष्यों को मिसाइलों ने अवरुद्ध करके उन्हें नष्ट कर दिया। उड़ान परीक्षणों को भारतीय सेना के अधिकारियों, डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और रक्षा उद्योग जगत भागीदारों की उपस्थिति में पूरा किया गया।

### स्वदेशी रूप से तैयार और विकसित की गई एमएएनपीएडी

रक्षा मंत्रालय के अनुसार कहीं पर भी ले जाने में सक्षम वायु रक्षा प्रणाली (एमएएनपीएडी) को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की प्रयोगशालाओं में भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) ने स्वदेशी रूप से तैयार और विकसित किया है। इस बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली की इस मिसाइल को दोहरी थ्रस्ट सॉलिड मोटर से संचालित किया जाता है। इसका उद्देश्य सीमित दूरी से कम ऊंचाई पर उड़ने वाले हवाई उपकरणों के खतरों को बेअसर करना है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने दी बधाई



रक्षा मंत्री राजनाथ ने इस सफल परीक्षण के लिए इसमें शामिल रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, भारतीय सेना और रक्षा उद्योग जगत को बधाई दी है। आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस यह नई मिसाइल प्रणाली हमारे सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से और अधिक सुसज्जित कर देगी।

## सांसद पप्पू ने किया बाढ़ प्रभावित माला गांव का दौरा

**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के बायसी प्रखंड के माला हरिनतोर पंचायत का दौरा किया। उन्होंने वार्ड नंबर 03, 05 और 08 में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सांसद ने बाढ़ पीड़ितों को तत्काल राहत के रूप में सूखा राशन सामग्री के साथ 50 हजार रुपए नगद वितरित किए। क्षेत्र में नदी कटाव की वजह से 50 से अधिक घर बर्बाद हो गए हैं और कई लोग बेघर हो गए हैं। पप्पू यादव ने चीफ इंजीनियर और एग्जेक्युटिव इंजीनियर से फोन पर बात कर नदी कटाव को रोकने के लिए जल्द से जल्द उपाय करने को कहा। वे बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**कानपुर।** डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी मामले में ग्वालटोली थाना की पुलिस ने शनिवार को लाल इमली के पास से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त मध्य महेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नौबस्ता थाना क्षेत्र के केशव नगर 925 डब्लू ब्लॉक निवासी राहुल कटियार है। उसके खिलाफ शुक्रवार को डॉ. विभा ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि राहुल ने धोखे से उनके आधार कार्ड और आईडी से लगभग डेढ़ करोड़ का लोन ले लिया है। वह पूरा पैसा भी हजम कर गया। इस सम्बंध में जब मुझे पता चला तो मामले की जांच के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जांच के दौरान मामला सत्य पाए जाने के बाद राहुल के खिलाफ शुक्रवार रात मुकदमा दर्ज किया गया।

### महाराष्ट्र में भीड़ के पथराव में 21 पुलिसकर्मी हुए घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अमरावती शहर में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ एक हिंदू संत की आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए मामला दर्ज करने की मांग को लेकर भीड़ द्वारा पुलिस पर पथराव किये जाने से 21 पुलिसकर्मी घायल हो गये हैं जबकि 10 पुलिस वैन क्षतिग्रस्त हो गयी है। शुक्रवार की रात अमरावती शहर के नागपुरी गेट थाने के बाहर पथराव की अमरावती के पुलिस आयुक्त नवीन चंद्र रेड्डी ने संवाददाताओं को बताया कि कुछ संगठनों के सदस्यों सहित एक बड़ी भीड़ गाजियाबाद के यति नरसिंहानंद महाराज के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर रात करीब 20.15 बजे नागपुरी गेट पुलिस स्टेशन पहुंची थी। घटना के परिप्रेक्ष्य में 1,200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनमें से 26 की पहचान की है।

### हैती में गिरोह हमले में 70 की मौत, सरकार ने की निंदा

**पनामा सिटी।** हैती सरकार ने पोंट-सॉन्डे शहर में 'ग्रैन ग्रिफ' गिरोह द्वारा किए गए घातक हमले की निंदा की है, जिसमें कम से कम 70 लोगों की मौत हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर एक बयान में प्रधानमंत्री गैरी कॉनिल कार्यालय ने हमले पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया और इसे अवर्णनीय क्रूरता करार दिया है।

# सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी

## पीएम मोदी ने महाराष्ट्र को दी 23,300 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात

### सरकार वाशिम व आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी लगभग 23,300 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

इन परियोजनाओं में पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त का वितरण, नमो शेतकरी महासन्मान निधि योजना की 5वीं किस्त का शुभारंभ, कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) के तहत 7,500 से अधिक परियोजनाओं का समर्पण, 9,200 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का समर्पण, और महाराष्ट्र में 19 मेगावाट की कुल क्षमता वाले पांच सौर पार्कों का समर्पण शामिल हैं।



प्रधानमंत्री ने वाशिम में संत सेवलाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया और महान संतों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गोंडवाना की महान योद्धा रानी दुर्गावती जी की जयंती का भी उल्लेख किया और बताया कि पिछले साल देश ने उनकी 500वीं जयंती मनाई थी।

प्रधानमंत्री ने आज लगभग 9.5 करोड़ किसानों को लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री -किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त के वितरण का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने किसानों को दोहरा लाभ प्रदान करने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने नमो शेतकारी महासंमान निधि योजना का भी जिक्र किया, जहां महाराष्ट्र के लगभग 90 लाख किसानों को लगभग 1900 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए की गई विभिन्न परियोजनाओं का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार वाशिम और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने आज की परियोजनाओं के लिए महाराष्ट्र और भारत के सभी नागरिकों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने आज पोहरादेवी में बंजारा विरासत संग्रहालय के उद्घाटन का जिक्र करते हुए कहा कि नव उद्घाटन संग्रहालय भावी पीढ़ियों को बंजारा समुदाय की प्राचीन संस्कृति और विशाल विरासत से परिचित कराएगा।

### पीएम ने पोहरादेवी को किया नमन

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करने से प्रधानमंत्री ने वाशिम की पवित्र भूमि से पोहरादेवी माता को नमन किया और माता जगदंबा के मंदिर में दर्शन और पूजा करने का उल्लेख किया। उन्होंने किसान उत्पादक संगठनों से संबंधित सैकड़ों करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं को समर्पित करने का उल्लेख किया। लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने पर प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि यह योजना नारीशक्ति की क्षमताओं को सशक्त बना रही है।

### शारदीय नवरात्रि में वरदान समान है सम्मान निधि



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शारदीय नवरात्रि की तृतीया तिथि पर देश के साथ ही उत्तर प्रदेश के किसानों का घर भी धन-धान्य से परिपूर्ण हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। इससे देश के 9.4 करोड़ किसानों के साथ ही उत्तर प्रदेश के 2.25 करोड़ किसानों को इसका लाभ मिला। प्रदेश के किसानों के खाते में 4985.49 करोड़ रुपये पहुंच गए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के किसानों को शारदीय नवरात्र में यह उपहार दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। इसमें उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 25 लाख 91,884 किसानों के खाते में 4985.49 करोड़ रुपये भेजे गए। वहीं देश के 9.4 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक भेजकर लाभान्वित किया गया। गौरतलब है कि इससे पहले लोकसभा चुनाव जीतने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 18 जून को 17वीं किस्त का वितरण किया था।

# विधानसभा चुनाव : हरियाणा में 90 सीटों पर हुआ 61 फीसदी मतदान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को राज्य की कुल 90 सीटों पर शाम 05 बजे तक औसतन 61 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह 07 बजे से शुरू हुआ, जो शाम 06 बजे तक जारी रहा।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक शाम पांच बजे तक राज्य में 61 फीसदी मतदान हो चुका है। शाम छह बजे जो लोग मतदान केंद्रों के बाहर लाइनों में होंगे उनका वोट डलवाया जाएगा। छह बजे के बाद किसी भी मतदाताओं को लाइनों में नहीं लगाया गया। आज मतदान के दौरान रोहतक जिले के महम विधानसभा हलके में पूर्व विधायक बलराज कुंडू के साथ मारपीट तथा उनके भाई को बंधक बनाने की खबरें आईं। हिसार जिले के नारनौंद हलके में कांग्रेस तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट हुई। नूंह जिले में कांग्रेस तथा बसपा कार्यकर्ताओं के बीच पथराव की घटना की खबर है। निर्वाचन आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक अंबाला जिले में 62.26 प्रतिशत, भिवानी जिले में 63.06, चरखी-दादरी जिले में 58.10, फरीदाबाद जिले में 51.28, फतेहाबाद जिले में 67.05, गुरुग्राम जिले में 49.97, हिसार जिले में 64.16, झज्जर जिले में 60.52, जींद जिले में 66.02, कैथल जिले में 62.53, करनाल 60.42, कुरुक्षेत्र जिले में 65.55, महेंद्रगढ़ जिले में 65.76, नूंह जिले में 68.28, पलवल जिले में 67.69, पंचकूला जिले में 54.71, पानीपत जिले में 60.52, रेवाड़ी जिले में 60.91 मतदान हुआ है।



### रोहतक, नूंह व हिसार में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुईं

## यूपी में फिर बदलेगा मौसम, गरज व चमक के साथ होगी भारी बारिश

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव आने वाला है। यहां पर फिर बारिश का सिलसिला शुरू होने वाला है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, आने वाले दो दिनों में बारिश शुरू होगी और प्रदेश के कई इलाकों में गरज और चमक के साथ बरसात होगी। इसके लिए विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। बारिश की वजह से मौसम में बदलाव होगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। बता दें कि पिछले दिनों यूपी में भारी बारिश हुई। लंबे समय से हो रही बारिश की वजह से कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए थे। नदियां उफान पर थी, ग्रामीण इलाके में पानी भर गया था, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इससे कई बीमारियां भी फैल गई। लोगों को जलभराव से डेंगू, मलेरिया समेत कई बीमारियां हो रही हैं।

## भाजपा सरकार महंगाई रोक पाने में पूरी तरह से विफल : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार महंगाई रोक पाने में पूरी तरह से विफल है। आज जनता खाने पीने की चीजों दाल, तेल, आटा से लेकर सब्जी, दूध सबके दाम आसमान छू रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने महंगाई रोकने के लिए जनता से झूठे वादे किये।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव के समय वोट लेने के लिए जो भी वादे करती है, सत्ता में आने के बाद ठीक उसके विपरीत आचरण करती है। आम जनता महंगाई से त्रस्त है। पिछले दिनों एक बार फिर व्यवसायिक गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ गए। तेलों, दालों और अन्य खाद्य सामाग्री के दाम बढ़ने



से सबसे ज्यादा असर गरीब, मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। उनके लिए घर चलाना मुश्किल हो रहा है। भाजपा सरकार में काला बाजारी और मुनाफा खोरी चरम पर है। किसान के खेत से पांच रुपये किलो बिकने वाला आलू आज 40 रुपये किलो मिल रहा है। इसी तरह से प्याज, लहसुन, टमाटर के दाम कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर मुनाफाखोरी को प्रश्रय दे रही है। किसान को सही दाम नहीं मिल रहा है लेकिन बिचौलिए मुनाफा कमाकर मालामाल होते जा रहे हैं।

## एनआईए ने असम से जैश-ए-मोहम्मद के 10 सदस्यों को हिरासत में लिया

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को असम पुलिस के सहयोग से ग्वालपाड़ा जिले के कृष्णई इलाके से प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के दस संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया है। सुरक्षा बलों ने आतंकी समूह के एक संदिग्ध ठिकाने पर छापामारी की। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने पुष्टि करते हुए कहा कि एनआईए ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकवादियों के विरुद्ध आज राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया। असम पुलिस को 10 संदिग्धों को गिरफ्तार करने का जिम्मा दिया गया था। असम पुलिस ने सभी 10 संदिग्धों को गिरफ्तार कर एनआईए को सुपुर्द कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी एनआईए ही दे सकती है। सभी दस संदिग्धों को एक गुप्त स्थान पर ले जाकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

## महाकुंभ में अब शाही नहीं, राजसी स्नान होगा

### अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी की अध्यक्षता में 10 प्रस्ताव पास

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ मेला में अब शाही स्नान और पेशवाई शब्द हटाने को लेकर अखाड़ा परिषद की शनिवार को पहले सत्र की बैठक में पास हुआ।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी की अध्यक्षता में प्रयागराज में निरंजनी अखाड़ा के दारागंज स्थित मुख्यालय में साधु संतों की महाकुंभ की तैयारियों को लेकर चल रही पहले सत्र की बैठक में लव जिहाद, गाय को राष्ट्रीय माता घोषित करने, पेशवाई और शाही स्नान का नाम बदलने सहित 10 प्रस्ताव पास किए गए। बैठक में संतों ने उर्दू और फारसी के शब्दों 'पेशवाई और शाही स्नान' हटाकर सनातन संस्कृति के आधार पर नाम रखे जाने



पर एकजुटता दिखाई। कुछ संतों ने शाही की जगह अमृत स्नान नाम रखने की बात कही, जिसका अधिकांश संतों ने समर्थन किया। अखाड़ा परिषद की ओर से रविवार को प्रयागराज में कुंभ मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक करने आ रहे मुख्यमंत्री के सामने 10 प्रस्तावों को रखा जाएगा।

परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा वर्तमान समय कई देशों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। ऐसे में हर व्यक्ति की जांच की जानी चाहिए। हर व्यक्ति के पास आधार कार्ड और आईडी प्रूफ होना चाहिए। यदि कोई संदिग्ध या हमारे धर्म के विरूद्ध आचरण करने वाला व्यक्ति हो तो उसे मेले से बाहर कर देना चाहिए। महाकुंभ मेले में देश और दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ जुटेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में सनातन धर्म को बचाने के लिए अहम प्रस्ताव पास किया गया। धर्मांतरण और मंदिरों को नष्ट होने से बचाने के लिए कई प्रस्ताव पास किए गए। अखाड़ों को महाकुंभ 2019 में दिए गए अनुदान को बढ़ाकर दोगुना किया जाना, गंगा की अविरलता और निर्मलता, गंगा यमुना पर बन रहे स्नान घाटों का नामकरण अखाड़ों के इष्ट देवता के नाम पर किए जाने समेत अन्य मांगों पर चर्चा की गई। अग्नि अखाड़ा के सचिव महंत सोमेश्वर नंद ने कहा कि महाकुंभ क्षेत्र में मांस एवं मदिरा की दुकानों को प्रतिबंधित किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

# चुनावी बॉन्ड : सुप्रीम कोर्ट ने समीक्षा याचिकाएं की खारिज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'चुनावी बॉन्ड योजना' को असंवैधानिक करार दिए गए अपने फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और अन्य द्वारा दायर समीक्षा याचिकाओं को खारिज कर दिया है। पीठ ने इस मामले में खुली अदालत में सुनवाई के एक आवेदन को भी खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने यह आदेश 25 सितंबर को पारित किया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने अपने आदेश में कहा, समीक्षा याचिकाओं के



अवलोकन करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं मिली है। उच्चतम न्यायालय नियम -2013 के आदेश XLVII नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए, समीक्षा याचिकाएं खारिज की जाती हैं। शीर्ष अदालत के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिका पर न्यायाधीशों द्वारा उनके कक्ष में संबंधित दस्तावेजों पर विचार किया जाता है। शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ ने 15 फरवरी 2024 को इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार दिया था और संबंधित बैंक को बॉन्ड जारी करने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था।

## कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि घुसपैठ की कोशिश की खुफिया जानकारी प्राप्त होने के बाद कुपवाड़ा के केरन सेक्टर के गूगलधार वन क्षेत्र में यह अभियान शुरू किया गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अभियान अभी भी जारी है। सेना ने एक्स पर कहा, सुरक्षा बलों ने अभियान में गूगलधार में दो आतंकवादियों को मार गिराया है और मौके से युद्ध जैसे शस्त्रों के भंडार बरामद किए गए हैं। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। सेना के मुताबिक शुक्रवार को घुसपैठ की कोशिश की खुफिया जानकारी प्राप्त होने आधार पर सेना ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

**लोकार्पण** — नड्डा ने सिरमौर में नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा

# उजाले का आनंद लेने के लिए अंधेरों की याद जरूरी

एजेंसी

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया और भाजपा कार्यालय देहरा की पट्टिका का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पहली बार हिमाचल प्रदेश और नाहन आया हूं। मैं हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए प्रदेश की जनता को हृदय से धन्यावाद देता हूं। हिमाचल की जनता के आशीर्वाद से 60 सालों के बाद कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरे बार प्रधानमंत्री बने हैं तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का जिला कार्यालय भी पार्टी को आत्मनिर्भर बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसलिए उनके मार्गदर्शन में हर जिले में भाजपा कार्यालय बन रहा है। आज सिरमौर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन हुआ है, जिसका नम्बर 563 वां है। अर्थात सिरमौर को लेकर देश में 563 भाजपा जिला कार्यालयों का निर्माण हो चुका है। नड्डा ने अपने युवा दिनों की याद करते हुए कहा कि जब मैं पहले यहां आता था, तब हमारे मित्र और भाजपा कार्यकर्ता दुकानों से चंदा लेकर शिमला जाने के लिए बस का टिकट कटाकर मुझे देते थे। ऐसी परिस्थितियों से हमलोग आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब लोग मुझसे पूछते थे कि भाजपा क्या है? मैं उनसे कहता था कि भाजपा कार्यालय आ जाओ। लोग कहते थे कि कार्यालय आकर क्या होगा? इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, विधायक रीना कश्यप, सुरेश कश्यप, सुखराम चौधरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

### किराए के मकान में चलता था भाजपा कार्यालय

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने वे दिन भी देखे हैं जब किराए के मकान में भाजपा कार्यालय चलता था। कभी भाजपा समर्थक से उनके दुकान के ऊपर की जगह लेकर कार्यालय चलाया करते थे। वहां कार्यक्रम करने के लिए व्यापार मंडल की दरी लाते और कार्यक्रम करते थे। फिर उस दरी को समेट कर व्यापार मंडल को वापस पहुंचा देते थे। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं से मैं कहना चाहता हूँ कि कि जब उजाले का आनंद लेना है तो अंधेरों को याद करना चाहिए।



## कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग की 8वीं मंजिल से कूदकर छात्र ने दी जान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक कोचिंग सेंटर की 8वीं मंजिल से एक छात्र कूद गया। छात्र के कूदने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने अफरा-तफरी में घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक, यह मामला हजरतगंज थाना क्षेत्र के चरण प्लाजा के पास कोचिंग सेंटर का है। जानकीपुरम निवासी आदित्य (17) सुबह कोचिंग करने के लिए पहुंचा था। वह छत पर गया, अपना मोबाइल फोन और बैग वहीं रख दिया। इसके बाद छत से नीचे छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई है। छात्र इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा था। वह कई दिनों से गुमसुम था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# आईटीआई के विद्यार्थियों को वितरित किया गया टैबलेट

**विद्यार्थी बोले, पढ़ाई के साथ घर बैठे सीख सकेंगे नए हुनर**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील गोला गोकरननाथ के अंतर्गत गोला से सिकंदराबाद जाने वाले मार्ग पर एस. वी. एन. सी. निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैदाखेड़ा में संस्थान में टैबलेट का वितरण हुआ जिसमें अतिथि शत्रोहन मिश्रा ने माता सरस्वती जी की पूजा अर्चना करते हुये टैबलेट वितरण कार्यक्रम शुभारंभ किया। माईक संचालिका सुनीता वर्मा ने छात्रों को बधाई दी और छात्रों को संबोधित करते हुए, आधुनिक समय में तकनीकी शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे तकनीकी ज्ञान से छात्रों को भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकते है। टैबलेट पाकर सभी बच्चे खुश नजर आए।सरकार द्वारा टैबलेट पाने वाले बच्चों ने बताया कि अब उन सबको आगे की पढ़ाई करने में बहुत सुविधा मिलने लगेगी। बच्चों ने टैबलेट मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। संस्थान के प्रबंधक विजय वर्मा ने संबोधन करते हुए बताया कि डिवाइस का उपयोग मात्र वीडियो देखने तक ही सीमित न रहे, अपितु इसका उपयोग अपनी पढ़ाई एवं कोर्स के स्तर को बढ़ाने के लिए किया जाये। शासन द्वारा इस डिवाइस पर प्रत्येक छात्र के विषय के अनुसार ऑनलाईन कोर्स निशुल्क उपलब्ध कराये जायेगें जिसके माध्यम से



आप अपने विषय के बारे में सीमित न होकर नयी नयी तकनीकि के माध्यम से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है। खुशीराम वर्मा टैबलेट वितरण करते हुए, बताया कि यह टैबलेट्स छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में मदद करेंगे और उनके लिए नौकरी के अवसर पैदा करेंगे। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने राज्य के करीब एक करोड़ कॉलेज स्टूडेंट्स को फ्री मोबाइल फोन और टैबलेट बांटने की योजना बनाई है यूपी राज्य सरकार तकनीकी, चिकित्सा और नर्सिंग संस्थानो से ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट को फ्री टैबलेट और स्मार्टफोन दे रही है। अतिथि सोनू प्रजापति ने कहा कि सरकार द्वारा यह योजना छात्र -छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए लायी गयी है। इसका उपयोग भविष्य में अपने कैरियर को देखते हुए करें, न कि मनोरंजन के लिए।टैबलेट व स्मार्टफोन से छात्र-छात्राओ को नई तकनीकी से सहायता मिलती रहेगी। साथ में कहा कि सरकार द्वारा डिजिटल तकनीकि से जोड़ने की कोशिश के तहत उसके समकक्ष छात्र- छात्राओं को स्मार्ट फोन व टैबलेट का लगातार वितरण किया जा रहा है। उसका सदुपयोग करते है तो निश्चित ही यह हमारे लिए बहुत लाभदायक होगा।सरकार द्वारा यह योजना छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया है। साथ ही डिजिटल से छात्रों को जोड़ने का कार्य किया है। टैबलेट वितरण कार्यक्रम समापन के पश्चात कार्यक्रम में आए सम्मानित व्यक्तियों को प्रशिक्षण संस्थान की तरफ से पुरस्कार चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान के संचालक नरेश चंद्र वर्मा तथा अतिथि राजेश कुमार राठौर एवं प्रधानाचार्य अचिन्त्य मोहन श्रीवास्तव व कार्यालय बाबू संजीव कुमार वर्मा व संस्थान के अध्यापक संदीप कुमार, सौरभ सिंह तथा अध्यापिका चंदा वर्मा, सोनू वर्मा व अन्य सम्मानित लोगो के साथ संस्थान के छात्र अश्वनी मिश्रा, प्रेमपाल वर्मा, आशीष भारती, अभिषेक वर्मा, आलोक कुमार, अंकित वर्मा, शिवम कुमार, अवधेश वर्मा, अर्पित गुप्ता, जतिन वर्मा, परवेज अली, नरेंद्र कुमार, अमन शुक्ला, दीपक कुमार आदि छात्र टैबलेट वितरण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# नहर में युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप

**निघासन खीरी।** निघासन इलाके के पलिया रोड पर स्थित चूराटांडा के निकट नहर में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची निघासन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।



कस्बे के पलिया रोड पर स्थित मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी रामदुलारे के पुत्र जगदीश कनौजिया उम्र 45 का शव निघासन कस्बे के पश्चिम पलिया रोड पर स्थित नहर से बरामद हुआ, जो कल रात अपने घर से लापता थे, जिनकी काफी तलाश करने के बाद शव पलिया रोड पर स्थित नहर के अंदर पानी में तैरता हुआ बरामद हुआ, घटना की सूचना मिलते ही कस्बे के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए, मामले की सूचना निघासन पुलिस को दी गई, सूचना मिलते ही सीओ महक शर्मा सहित कोतवाल महेश चंद्र पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि जगदीश शराब पीने के आदी थे, जो कल रात शराब पीकर नहर की पुलिया से नीचे नहर के अंदर पानी में गिर गए हैं जिनकी पानी में डूबने से मौत हो गई है। निघासन सीओ महक शर्मा ने बताया कि परिजनों की तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, और परिजन पोस्टमार्टम करने के लिए भी इंकार कर रहे है, इसलिए नियमानुसार कार्यवाही के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# खुशबू राठौर बनीं एक दिन के लिए मितौली तहसील की सांकेतिक उप जिलाधिकारी

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील में शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण के क्रम में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में उप जिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय ने राजा लोन सिंह इण्टर कालेज की छात्रा रही खुशबू राठौर को 1 दिन के लिए मितौली तहसील का सांकेतिक उप जिलाधिकारी नियुक्त किया गया। कस्बा मितौली निवासी खुशबू राठेर राजा लोन सिंह इंटर कॉलेज की इंटर की छात्रा थी खुशबू ने इण्टर की परीक्षा में जनपद में बारहवां स्थान प्राप्त किया था। उप जिलाधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय ने संपूर्ण समाधान दिवस में खुशबू राठैर को 1 दिन का सांकेतिक उप जिलाधिकारी नियुक्त किया गया।उत्तर प्रदेश सरकार का महिला सशक्तिकरण



अभियान के तहत सफल कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिन में राजस्व विभाग से संबंधित 9 शिकायती प्रार्थना पत्र तथा पुलिस विभाग से संबंधित तीन प्रार्थना पत्र विकास विभाग से संबंधित चार प्रार्थना पत्र बिजली विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्र एक प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित किया गया।उप जिलाधिकारी खुशबू राठौर ने तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्रो का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मितौली शमशेर बहादुर सिंह, तहसीलदार मितौली दिनेश कुमार, खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार, समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाकियू ने किया संगठन का विस्तार



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) के संगठन को और अधिक मजबूती देने की मंशा से संगठन का विस्तार किया। जिसमें प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक पदाधिकारियों का उनका दायित्व सौपा गया। संगठन के केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू ने कई सदस्यों को जिला से लेकर प्रदेश तक के मनोनयन में हरदेव सिंह सैनी उर्फ पप्पू प्रधान निवासी अफजालनगर (सुभाषनगर) को जिला अध्यक्ष, कमल वर्मा निवासी नीमगांव को प्रदेश प्रवक्ता, बलजीत सिंह को जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप सिंह गोला को विधानसभा अध्यक्ष, मनप्रीत सिंह गोला को विधानसभा उपाध्यक्ष, जीत सिंह को जिला सचिव, भूपेंद्र सिंह गोला को विधानसभा उपाध्यक्ष, राजीव वर्मा को युवा जिला प्रभारी, उपेंद्र कुमार प्रजापति को जिला महासचिव बनाया गया है। इसी कडी में उन्होने गन्ना भुगतान, धान खरीद व जंगली जानवरों निजात दिलाए जाने के मसले पर भी चर्चा की। इस मौके पर किसान बापू गुरदीप सिंह, बलदेव सिंह, जसविंदर सिंह, ओंकार सिंह, लखविंदर सिंह, बलजिंदर सिंह, कुलदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, आदि किसान मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवसः डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**ईसानगर खीरी, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जनपद की धौरहरा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील में डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनते ही उनका निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए। अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा सहित सीएमओ खीरी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इसमें राजस्व से संबंधित 40,



पुलिस विभाग से 15, विकास विभाग से 10, समाज कल्याण विभाग से तीन, स्वास्थ्य विभाग से दो तथा अन्य विभागों से 25 शिकायतें आई। कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, एवं तहसीलदार आदित्य विशाल सिंह, पूर्ति निरीक्षक रमेश चंद्र,ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी ईसानगर नीरज दुबे, खंड विकास अधिकारी धौरहरा उपस्थित रहे द्य डीएम ने उपस्थिति अधिकारियों को आने वाली शिकायतों को शीघ्र निस्तारण आख्या प्रेषित करने के आदेश दिए।

## खबरें एक नजर में

### स्वास्थ्य विभाग की औचक छापेमारी से झोलाछाप डॉक्टर और फर्जी पैथोलॉजी संचालकों के बंद रहे शटर

**उचौलिया खीरी।** मुख्यमंत्री का आदेश आते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है, जिसने शुक्रवार को उचौलिया क्षेत्र में छापामारी करते हुए काफी लंबे समय से बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से संचालित हो रहे एच आर मेमोरियल हॉस्पिटल को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग में रजिस्ट्रेशन कराए ही बिना धड़ल्ले से संचालित हो रहे निजी अस्पताल और जांच सेंटर मरीजों की जान से खिलवाड़ करते हुए उनका खुला आर्थिक शोषण कर रहे हैं। जिसको लेकर हाल ही में मुख्यमंत्री योगी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अवैध रूप में संचालित अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई का आदेश जारी किया था जिसके बाद महज औपचारिकता निभाकर पल्ला झाड़ता आ रहा स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा औचक ढंग से की गई इस कार्रवाई की भनक लगते ही क्षेत्र से जुड़े निजी चिकित्सकों में हडकंप मच गया, जिनमें अधिकांश पकड़ में आने से बचने के लिए आनन फानन में अपनी क्लीनिकों के शटर बंद करते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए। जिसके कारण बुखार समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को इधर से उधर धक्के खाने के बाद भी कई घंटों तक चिकित्सा सेवा मुहैया होनी संभव नहीं हो पाई। स्वास्थ्य विभाग ने खाना पूर्ति करते हुए केवल एक हॉस्पिटल को ही सीज किया है। अभी भी क्षेत्र में दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर गांव गांव में बैठे गरीब मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### बेलरायां की अनुष्का पटेल बनीं एक दिन की एसडीएम निघासन



निघासन खीरी। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति फेज–5 के अंतर्गत दस दिवसीय कार्यक्रम के तहत निघासन तहसील क्षेत्र के बेलरायां की मेधावी छात्रा अनुष्का पटेल को निघासन तहसील का एक दिन का सांकेतिक एसडीएम के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया। एसडीएम राजीव निगम व सीओ महक शर्मा ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर कर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए एक दिन की सांकेतिक एसडीएम बनने पर अनुष्का को बधाई दी। बेलरायां के सरजू सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की इंटरमीडिएट में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील टॉप करने वाली मेधावी छात्रा अनुष्का पटेल पुत्री रामनिवास द्वारा शनिवार को एक दिन का एसडीएम पद का निर्वहन किया गया। एसडीएम ने तहसील के समस्त विभागों का निरीक्षण व विभागीय कार्यों के संबंध में विभाग से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से जानकारी ली। समस्त विभागों के कर्मचारियों को सत्य निष्ठा से कार्य निष्पादित करने, कार्यालय में समय से आने एवं साफ सफाई के निर्देश भी दिए हैं। शासन के निर्देशानुसार तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दूर दराज से पहुंचे फरियादियों की फरियाद सुनकर मौके पर ही एक समस्या का मौके पर ही निस्तारण करते हुए, शेष लंबित प्रकरणों के लिए के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम राजीव निगम, सीओ महक शर्मा, तहसीलदार भीमचंद, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद, नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही, हरिराम, पूर्ति निरीक्षक आरएस यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एक दिन की सांकेतिक उपजिलाधिकारी पहुचीं मोहम्मदी तहसील



**मोहम्मदी- खीरी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस एस0डी0एम सभागार में उत्तर प्रदेश शासन के प्रस्तावित कार्यक्रम में जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में छात्रा नंदिनी गुप्ता , केन ग्रोवस इंटर कॉलेज जंगबहादुरगंज की अध्यक्षता में मोहम्मदी का एक दिन की उपजिलाधिकारी बनाया गया है उक्त बालिका उपजिलाधिकारी के दायित्यों का सांकेतिक रुप से निवर्हन करके प्रशासनिक कार्यप्रणाली दिखेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को एक ओर इन पदों पर कार्यरत होकर कैसे पदगत दायित्यों का निर्वहन किया जाता है, इसके प्रति जागरुकता होगी जिसके फलस्वरुप उन्हे देश प्रदेश के संवैधानिक व प्रसानिक पदों पर पहुचनें की प्रेरणा मिलेगी।

# वन्य जीव सप्ताह के आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं

**पोस्टर में प्राची मॉडल में दिव्या निबंध में निधि ने मारी बाजी**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

वन्यजीव सप्ताह के तहत श्री गुरु हरिकिशन डिग्री कॉलेज में भाषण, प्रोजेक्ट, पोस्टर, मॉडल व निबंध प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर व मार्डल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषक समाज इण्टर कॉलेज के जीव विज्ञान प्रवक्ता डा अनिल कुमार और कालेज के प्राचार्य डॉ निर्मल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। उसके बाद विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों ने विभिन्न



प्रकार के जागरूकता संबंधित भाषण, प्रोजेक्ट, पोस्टर एवं मॉडल बनाए। प्राचार्य डॉ निर्मल सिंह ने वन्यजीवन को संरक्षित करने संबंधी सुझाव विद्यार्थियों से साझा किए। डॉ अनिल कुमार ने छात्र/छात्राओं को बाघ से बचने के लिए सुझाव एवं तरीकों की विस्तार से चर्चा की। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सदीप कुमार वर्मा ने नेहरू युवा क्लब के माध्यम से युवाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं व वाइल्ड लाइफ से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्राची प्रथम, श्वेता जायसवाल द्वितीय, नेहा शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। मॉडल प्रतियोगिता में दिव्या दीक्षित प्रथम, हिमांशी, द्वितीय, आशीष कुमार व चेतन वर्मा तृतीय रही।निबंध प्रतियोगिता में निधी सिंह प्रथम, रिचा पटेल द्वितीय, नेहा देवी तृतीय रही और भाषण प्रतियोगिता में दिव्या दीक्षित प्रथम, अनमोल गुप्ता द्वितीय और प्राची शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मांगों व समस्याओं पर चर्चा के साथ दिव्यांग जनों की मासिक बैठक संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड कुंभी में भारतीय दिव्यांग यूनियन की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने की। विकास कुमार ने दूर दूर से आए दिव्यांगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन समाज की बहुत ही गरीब कड़ी है। दिव्यांग समाज को एक सम्मान पूर्वक जीवन जीने के लिए अंत्योदय राशन कार्ड बनने चाहिए रहने के लिए झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले दिव्यांगों के लिए आवास उपलब्ध कराने चाहिए और रोजगार करने के लिए 5 लाख लर्निंग की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि दिव्यांगो को लेखपाल भर्ती परीक्षा पास किए लगभग एक साल हो गया है।



यूको गार्डन लखनऊ में धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार कोई सुधि नहीं ले रही है। अगर दिव्यांग भर्ती नहीं करनी थी तो सरकार फिर वैकेंसी क्यों निकलती है। अभी 2024 में पोस्टमैन में जगह निकली उसमें भी एक नियम लागू कर दिया गया। जो दिव्यांग एक पैर से हैं वही अप्लाई कर सकते हैं। जो दिव्यांग दोनों पैरों से दिव्यांग है वे लोग अप्लाई फॉर्म नहीं कर सकते हैं। इस मौके पर संजेश कुमार राठौर, तिलकराम वर्मा, मिथिलेश कुमार, सर्वेश कुमार अर्कवंशी, जाहिर, जगपाल, राजेश मौर्य, आरती, पृथ्वी पाल, दिनेश वर्मा आदि मौजूद थे।

# सभासद से पुलिस की बदसलूकी पर भड़के पालिकाध्यक्ष, किया विरोध-प्रदर्शन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को सुबह किसी काम से जा रहे एक सभासद से एक पुलिस एसआई की वाहन चेंकिग को लेकर विवाद हो गया। आरोप है। कि एसआई ने सभासद से अभद्र व्यवहार किया। मामले की सूचना पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू सहित तमाम सभासद सदर चौराहे पर एकत्र होकर थाने से सटे पार्क पर धरने पर बैठ गए। पालिकाध्यक्ष व सभासदों ने मांग रखी कि संबंधित अधिकारी सभासद से किए गए व्यवहार पर मांफी मागे। करीब चार घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज हंगामें को लेकर शहर में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। इधर पालिकाध्यक्ष के धरने पर बैठने की खबर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित एसडीएम व अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने मांफी मांगने की बात का विरोध करते हुए जांच करने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। किसी तरह मामला शांत हुआ। बता दें कि वार्ड नंबर सात के सभासद धर्मेन्द्र सिंह किसी काम से जा रहे थे। उसी दौरान



एसआई देवेन्द्र सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर मामला पालिकाध्यक्ष तक पहुंचा। जिस पर भडके पालिकाध्यक्ष ने सभासदों के साथ सदर चौराहे पर पहुंचकर पुलिस से वार्ता की। लेकिन बात न बनने पर वह सभासदों के साथ धरना प्रदर्शन पर अड गए। कई घंटों तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद मामले की जांच व संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए धरना समाप्त किया। इस मौके पर आनंद सोनी, कफील अहमद, नानक चंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, आशीष अवस्थी, सोरभ तिवारी, धर्मेन्द तिवारी टीटू, भोली गिरि, रामनरेश वर्मा सहित तमाम सभासद मौजूद रहे।


## वीजा मास्टर केंद्र पर प्रवेश आरंभ

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** शहर के लखीमपुर रोड पर संचालित न्यू वीजा मास्टर में नई सुविधाओं के तहत आईएलईटीएस व पीटीई प्रशिक्षण में प्रवेश आरंभ है। जिसमें प्रथम बीस छात्रों के लिए प्रतिमाह 15 सौ रुपये शुल्क लिया जाएगा। छात्रों को प्रशिक्षण की सुविधा के लिए एयर कंडीशन क्लासरुम, सुरक्षा व्यवस्था, प्रोजेक्टर से शिक्षण व्यवस्था, वीसा फाइलिंग के साथ मेधावी छात्र छात्राओं के लिए टूरिस्ट वीजा, स्टडी वीजा, वर्क वीजा, एयर टिकट के माध्यम से उनके हुनर व कौशल के मुताबिक प्रशिक्षण देकर विदेश में जाब का अवसर दिया जाएगा।






## कार्यालय अधिशासी अभियंता, अ. अनुरक्षण खण्ड नं.-3 (सिविल) लो.नि.वि. लखनऊ।

पत्रांक-1869/टेन्डर/2024 दिनांक- 27.09.2024

**निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ.अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल)लो.नि.वि. लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग क्लास ए.बी.सी.डी. में भवन कार्य के पंजीकृत हो निविदा डालने के योग्य होंगे।

| क्र0 स0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभि0 का पता | मुख्य अभि0 का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | लखनऊ | मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ के पुराने परिसर स्थित सी0जे0 ब्लाक एवं मा0 रजिस्ट्रार आवास में मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | अधिशासी अभियन्ता, अनु0 खण्ड नं0-3 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ | अधीक्षण अभि, 39वां वृत्त, लो0 नि0वि0, लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (भवन) लो0नि0वि0 लखनऊ | जिला अधिकारी लखनऊ |
| 2. | लखनऊ | मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ के पुराने परिसर स्थित सी0जे0 ब्लाक में मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 3. | लखनऊ | मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ के ट्रांजिट हास्टल में विभिन्न सिविल मरम्मती कार्य। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 4. | लखनऊ | मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ के ट्रांजिट हास्टल में रंगाई पुताई का कार्य। | 4.00 | 0.40 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 5. | लखनऊ | मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ के पुराने परिसर स्थित सर्वेन्ट क्वाटर में विभिन्न मरम्मती कार्य एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 6. | लखनऊ | मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ के पुराना परिसर एवं जनपद न्यायालय के बीच छत पर लोहे की ग्रिल एवं फेन्सिंग वायर लगाने का कार्य। | 6.50 | 0.65 | 860.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |

2. कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक 15.10.2024 से दिनांक 22.10.2024 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधीक्षण अभियन्ता,अ.अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल) लो.नि.वि. लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त धनराशि रू. 500/- देकर प्राप्त की जा सकती है तथा इसके लिए दिनांक 21.10.2024 सायं 4 बजे तक अनुरोध स्वीकार किया जायेगा। निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी डाक में देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगें। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट **www.uppwd.nic.in** से डाउनलोड की जा सकती है और इसकी लागत रू. 500/- के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अधिशासी अभियन्ता, अ.अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो.नि.वि. लखनऊ के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक 23.10.2024 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।

3. निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगी।

**www.uppwd.nic.in**
**Upid-220327 Date-06.09.2024**

अधिशासी अभियन्ता
अ. अनुरक्षण खण्ड-3 (सिविल)
लो.नि.वि., लखनऊ।


# तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला पंचायत इंटर कालेज कस्ता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ब्लाक प्रमुख व राजा लोने सिंह इण्टर कालेज मितौली के प्रबंधक बलवीर सिंह चौहान ने फीता काट कर किया। खेलकूद के प्रति रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जिला पंचायत इंटर कालेज कस्ता में दो दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य राजा लोने सिंह इंटर कालेज मितौली बलवीर सिंह चौहान व विशिष्ट अतिथि वर्तमान प्रधानचार्य राजा लोने सिंह इण्टर कालेज मितौली रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित करने के साथ फीता काट कर किया गया। जिला पंचायत इंटर



कालेज कस्ता, जिला पंचायत इंटर कालेज औरंगाबाद,राजा लोने सिंह इंटर कालेज मितौली, केदार सिंह मेमोरियल इंटर कालेज मितौली ,आदर्श इण्टर कालेज मितौली, भारतीय इंटर कालेज मैगलगंज के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। लंबी कूद,ऊंची कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक,भाला फेंक आदि खेलों में सीनियर वर्ग व जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। 5000 मी0सीनियर वर्ग दौड़ में जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता का छात्र अंकुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं राजा लोनेसिंह इंटर कॉलेज मितौली का छात्र अंकुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा राजा लोनेसिंह इंटर कॉलेज मितौली के छात्र पिंकू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में जिला पंचायत इंटर कालेज कस्ता की प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा इसी विद्यालय की पलक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कर विद्यालय का नाम रौशन किया। सीनियर बालक वर्ग गोला क्षेपण में केदार सिंह मेमोरियल इंटर कालेज मितौली के विक्रमजीत सिंह ने प्रथम स्थान तथा जिला पंचायत इंटर कालेज कस्ता के अंजिल कुमार व जिला पंचायत इंटर कालेज औरंगाबाद के अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग लंबी कूद में जिला पंचायत इंटर कॉलेज कस्ता के छात्र आकाश कुमार ने प्रथम प्राप्त किया। तथा इसी विद्यालय के छात्र आशुतोष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा केदार सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज मितौली के खिलाड़ी विक्रम जीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जागरण में झूम उठे भक्त, सुंदर-सुंदर सजी झांकियां



**बिजुआ खीरी।** नवरात्र के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा का बहुत महत्व है। दिन ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन–पूजन किया गया।वहीं ब्रम्हचारिणी मा के रुप गांव की बिटिया अयांशा त्रिवेदी को तैयार किया गया व मा ब्रम्हचारिणी की आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी जिसके बाद पंडालों में पूजा–अर्चना का दौर शुरू हो गया। वहीं देवीगीतों की स्वरलहरी में भक्त रात भर झूमते रहे, वहीं विभिन्न देवी–देवताओं की आकर्षक झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। गांव हजूरपुरवा के दुर्गा पंडाल प्रांगण में जागरण का आयोजन किया गया। सायंकालीन आरती के बाद विभिन्न जगह से प्रसिद्ध जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें गौरी गणेश, शंकर–पार्वती, राधा–कृष्ण, मां काली का तांडव और बरसाने की फूलों की होली खेली गई। जागरण कलाकारों ने भजनों के माध्यम से मां दुर्गा की अलख जगाई और भक्तों को भावविभोर कर दिया।

# आक्रोश : उपद्रवियों ने तोड़ी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा, काकोरी के गांव में पुलिस तैनात

**▸ प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शुरू की जांच**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में अंबेडकर प्रतिमा तोड़ दी गई है। गांव में सुबह यह बात पहुंची तो लोगों की भीड़ जुट गई। अराजकतत्वों द्वारा की गई घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना काकोरी थाना क्षेत्र के भलिया गांव की है।

भलिया गांव में अंबेडकर पार्क है, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगी है। इसे अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। प्रतिमा के हाथ और संविधान की किताब को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। काकोरी थाना क्षेत्र के भलिया गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ अराजक तत्वों द्वारा तोड़ने के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिकायत की है। स्थानीय निवासी देवेंद्र कुमार ने थाना अध्यक्ष काकोरी को ज्ञापन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी से 24 घंटे के भीतर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव का काकोरी में अंबेडकर प्रतिमा के मामले में कहा कि अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहां अंबेडकर जी की नई प्रतिमा लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# आजीविका मिशन के तहत समूहों के उत्पादों से सज रहे मां के दरबार

### स्वंय सहायता समूहों की दीदियों को लखपति दीदी बनाने व स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हर स्तर पर दे रही प्रोत्साहन : केशव मौर्य

**▸ गाय के गोबर से भी बने दियों से मनाई जाएगी दीपावली**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर उनके नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित हो रहे समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों से त्योहारों में रौनक लाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के इन परिवारों में आमदनी के जरिए खुशियां लाने का अनूठा प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली के पावन अवसर पर हजारों समूह की लाखों दीदियों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जा रहे हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर माता की मूर्ति और चुनरी से लेकर के धूप, दीप, सिंदूर, रोली, दोना पत्तल परिधान अगरबत्ती, हवन सामग्री, प्रसाद आदि सामग्री भारी मात्रा में समूहों द्वारा ही बनाए जा रही हैं। विभिन्न जिलों में समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के गिफ्ट हैंपर भी तैयार किया जा रहे हैं, जिनसे ग्रामीण एवं शहरी बाजारों में एक नई तरह की रौनक आएगी।

समूह द्वारा तैयार किया जा रहे गिफ्ट हैंपर लोगों को भेंट स्वरूप देने मे जहां उपभोक्ताओं में उत्सुकता है, वहीं आम जनमानस में समूहों के उत्पादों की अधिक से अधिक बिक्री हेतु संदेश भी जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वंय सहायता समूहों की दीदियों को लखपति दीदी बनाने तथा उन्हें स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हर स्तर पर उन्हें प्रोत्साहन दे रही है।

मिशन शक्ति व महिला सशक्तिकरण की दिशा में आजीविका मिशन के कार्य निःसन्देह सराहनीय हैं। विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प व विजन को मूर्तरूप देने में आधी आबादी की पूरी भूमिका व भागीदारी होगी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक श्रीमती दीपा रंजन मिशन द्वारा बताया गया कि यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समस्त जिलों के सभी धार्मिक स्थलों एवं मुख्य बाजारों में समूह की दुकानों के लिए उचित स्थान दिलाया जाए एवं विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मो जैसे-अमेजॉन फ्लिपकार्ट आदि के माध्यम से भी समूह के उत्पादों की अधिक से अधिक संख्या में बिक्री कराई जाए। विभिन्न जनपदों में समूहों द्वारा गाय के गोबर से लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति एवं दिये बनाए जा रहे हैं साथ ही साथ झालर बनाने का भी कार्य किया जा रहा है, जिनकी मांग प्रत्येक वर्ष लगातार बढ़ती ही जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव, जोनल अधिकारी ने संभाला मोर्चा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहर में डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए एंटी लार्वा और फॉगिंग का छिड़काव शुरू हो गया है। शनिवार शहर के अलग-अलग इलाकों में सुबह 5 से 7 बजे तक अभियान चलाया गया। कई जगह जोनल अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभाल लिया। जोन 6 में आचार्य नरेंद्र देव वार्ड में अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी मनोज यादव ने खुद इलाके में फॉगिंग की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने बताया कि सुबह वार्ड के विभिन्न मोहल्लों, गलियों और नालों के किनारे बसी हुई बस्तियां के अलावा चिकवानाला, निवासगंज, नेपियर कॉलोनी में अभियान चलाया। एंटी लार्वा, फॉगिंग, ब्लीचिंग का बड़े स्तर पर छिड़काव किया गया। इस दौरान वार्ड और मोहल्लों में लोगों को जागरूक करने का अभियान भी चलाया गया। लोगों से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने को कहा गया। यह भी कहा गया कि कूड़ा नगर निगम की टीम को ही दिया जाए। जिससे उसका सही निस्तारण हो सके। प्रचार के दौरान बहुत से भवन स्वामियों ने नगर निगम को कूड़ा नहीं देने की बात कही, जिस पर मौके पर कूड़ा नहीं देने पर वातावरण में फैल रहे दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। यह भी कहा गया कि कूड़ा अगर नाली और बाकी जगह डाला गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसमें जोनल सफाई इंस्पेक्टर की तरफसे कार्रवाई की जाती है।

### इंडिगो का सर्वर डाउन, एयरपोर्ट पर कई उड़ानें लेट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडिगो एयरलाइंस के सर्वर डाउन होने से देशभर के हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी का माहौल है। लखनऊ एयरपोर्ट पर इसका सीधा असर देखा गया। जहां इंडिगो की कई उड़ानें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से उड़ान भर सकीं। यात्रियों को चेक-इन के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा। जिससे एयरपोर्ट पर भीड़भाड़ बढ़ गई। उड़ानें घंटों देरी से इंडिगो एयरलाइंस की अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट 6ई8279 अपने तय समय 13.25 बजे के बजाय 14.38 बजे उड़ान भर पाई। इसी तरह मुंबई जाने वाली उड़ान 6ई5302 भी 13.30 बजे के बजाय 15.16 पर रवाना हो सकी। वहीं, दिल्ली और गोवा की उड़ानें भी घंटों देरी से रवाना हुईं। यात्रियों को आई परेशानी यात्रियों को न केवल फ्लाइट के विलंबित होने की समस्या झेलनी पड़ी, बल्कि इंडिगो की वेबसाइट से टिकट बुकिंग करने में भी खासी दिक्कतें आईं। एयरपोर्ट पर चेक-इन काउंटरों पर लगी लंबी लाइनों के कारण यात्रियों में हताशा देखी गई।

### 51 शक्तिपीठ में मां का नारंगी हुआ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव के तीसरे दिन शनिवार को मां चंद्रघंटा की भक्तों ने श्रद्धा के साथ पूजन किया। समस्त सनातनियों को शक्ति सद्बुद्धि सन्मति विवेक एकता प्रदान करने वाली तथा अधर्मियों, अविवेक, विघटनकारी शक्तियों का नाश करने वाली मां का नारंगी श्रंगार किया गया। आज माता चंद्रघंटा के पिंडी पूजन का सौभाग्य मन्दिर के आचार्य धनंजय एवं गीता को प्राप्त हुआ। संस्था के अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए सामूहिक हवन किया गया जिसमें लोगों ने आहुतियां डाली।

### आगामी त्यौहार के मद्देनजर यूपी पुलिस कर्मियों की छुट्टी पर रोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी पर 08 नवम्बर तक रोक लगा दी गई है। पुलिसकर्मी विषम परिस्थितियों में अपने उच्चाधिकारियों को सूचित कर और उनकी अनुमति से छुट्टी ले सकते हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को इस संबंध में पत्र जारी किया है। दुर्गा पूजा, दशहरा, दिवाली और छठ पूजा के मद्देनजर आठ अक्टूबर से 08 नवम्बर तक सभी प्रकार के पुलिस कर्मियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। इस आदेश का सभी को पालन करना होगा।

### 10 लाख के मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त, 30 नमूनों की होगी जांच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। टीन ने लगभग 10 लाख रुपए के मिलावटी खाद्य पदार्थों को जब्त किया। मिलावटी घी, स्किम्ड मिल्क पाउडर और माइल्ड फैट जैसे पदार्थों को सील कर दिया। कई प्रतिष्ठानों में एक्सपायरी सामान भी मिले। शनिवार को आयुक्त और जिलाधिकारी के निर्देश पर लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 30 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। सभी सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा गया है। छापेमारी के दौरान विशेष रूप से कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे, घी और अन्य फलाहार सामग्रियों की जांच की गई। कई प्रतिष्ठानों पर लगभग 1768.8 किलोग्राम घी जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 6,43,809 रुपए है। इसके अलावा, कई स्थानों पर एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थ जैसे घी, स्किम्ड मिल्क पाउडर और माइल्ड फैट को सीज किया गया। कुल मिलाकर 288 लीटर और 384 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 3,68,580 रुपए है।

### शायर मुनव्वर राणा की बेटी हाउस अरेस्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शायर मुनव्वर राणा की बेटी सुमैया राणा को लखनऊ पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। मुनव्वर राणा की बेटी के घर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। मुन्नवर राणा की बेटी सुमैया ने यति नरसिंहानंद के खिलाफकैसरबाग कोतवाली में महिलाओं के साथ तहरीर देने का एलान किया था। सुमैया का आरोप है कि उन्हें घर में नजरबंद किया गया है। हाउस अरेस्ट के बाद सुमैया राणा ने बयान देते हुए कहा कि आज हम लोग यति नरसिंहानंद के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में तहरीर देने जा रहे थे। मगर पुलिस ने हमें हाउस अरेस्ट कर लिया। नरसिंहानंद ने जो पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी की है यह किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। कार्रवाई के नाम पर सिर्फदिखावा न किया जाए। ये लोग उल्टे सीधे बयान देकर देश का माहौल खराब करना चाहते हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे महाकुम्भ का लोगो, वेबसाइट और ऐप लॉन्च

समृद्धि न्यूज



**▸ सीएम प्रयागराज में महाकुम्भ से जुड़े स्थलों को करेंगे निरीक्षण, साधु संतों से भी करेंगे मुलाकात**

**▸ महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों संग करेंगे समीक्षा बैठक**

**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण करने के साथ वेबसाइट और ऐप की लॉन्चिंग करेंगे। महाकुम्भ को दिव्य, भव्य और नव्य तरीके से आयोजित कराने के लिए सीएम योगी ने खुद कमान संभाल ली है। ऐसे में वह रविवार को तैयारियों का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचेंगे। इस दौरान अधिकारियों से कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के साथ अन्य बिंदुओं पर गहन चर्चा करेंगे। साथ ही कई महत्वपूर्ण जगहों का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज के परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। इसके बाद वह महाकुम्भ की तैयारियों का जायजा लेंगे। सीएम महाकुम्भ से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण करेंगे और कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखेंगे। मुख्यमंत्री योगी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक भी करेंगे। इसमें वह अधिकारियों से कार्यों की बिंदुवार चर्चा कर दिशा-निर्देश देंगे। इसके बाद सीएम योगी महाकुम्भ के प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण करेंगे। साथ ही महाकुम्भ की वेबसाइट (कुम्भ.जीओवी.इन) और ऐप (महाकुम्भमेलां2025) की लॉन्चिंग करेंगे। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों और साधु संतों के साथ मुलाकात भी करेंगे।

महाकुम्भ के लोगो का उपयोग महाकुम्भ की वेबसाइट और ऐप के साथ अन्य प्रचार माध्यमों में किया जाएगा। यह श्रद्धालुओं और पर्यटकों के वायु, रेल एवं सड़क मार्ग से महाकुम्भ पहुंचने में मार्गदर्शक का कार्य करेगा। इसी के माध्यम से प्रयागराज में आवास, स्थानीय परिवहन, पार्किंग, घाटों तक पहुंचने की जानकारी मिल सकेगी। इसमें स्थानीय और आसपास के आकर्षणों और पर्यटन स्थलों का मार्गदर्शन भी होगा। मेला स्थल में नेविगेट करने और धार्मिक गतिविधियों में प्रतिभागिता के संदर्भ में विस्तृत जानकारी होगी।

श्रद्धालुओं को यादगार बनाने के लिए स्मृति चिन्ह और धार्मिक वस्तुएं उपलब्ध कराने की सुविधा, आपातकालीन स्थितियों के लिए एसओएस सुविधा, जिससे श्रद्धालु तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। श्रद्धालुओं को घाटों, आवास और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों तक आसानी से पहुंचने के लिए गूगल नेविगेशन, श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य और सुरक्षा के महत्वपूर्ण अलर्ट की जानकारी की उपलब्धता, मेला के सभी कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की समय सारिणी भी इसमें होगी।

# ग्राम चौपालों में अब तक चार लाख 17 हजार प्रकरणों का हुआ निस्तारण

**▸ अब तक लगी एक लाख 04 हजार से अधिक ग्राम चौपाल**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या-गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1486 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4168 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3866 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6574 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 85 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 04 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 73 लाख 93 हजार से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख 17 हजार से अधिक समस्याओं, प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# नगर निगम ने अभियान चलाकर खाली कराया अवैध कब्जा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर निगम ने शनिवार को अलग-अलग इलाके में अभियान चलाकर करीब 42 करोड़ की जमीन खाली कराई। इसमें हरिहरपुर इलाके में करीब 22 करोड़ रुपए की जमीन खाली कराई। पिछले दो दिन में करीब 60 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन नगर निगम खाली करा चुका है। इससे पहले शुक्रवार को 18 करोड़ रुपए की जमीन को खाली कराया गया था।

अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कई महीने से नगर निगम की टीम लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार को टीम ग्राम हरिहरपुर में पहुंची थी। यहां करीब 0.9020 हेक्टेयर एवं 1590 हेक्टेयर जमीन पर अलग-अलग कब्जा था। उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर सचिन वर्मा के सहयोग से यह जमीन नगर निगम के कब्जे में आई। उन्होंने बताया कि गाटा 209 में राज कुमार यादव द्वारा कथित पट्टे की आड़ में अतिक्रमण का खेल किया गया। जिसमें कई दुकानें बनाकर किराए पर उठाकर कारोबार किया जा रहा था। महेश चंद्र वर्मा द्वारा भी इस गाटे में आलीशान मकान एवं 10 से अधिक दुकानें बनाकर लाखों रुपए महीने की वसूली हो रही थी। इसका क्षेत्रफल लगभग 80 हजार वर्गफीट है। जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये आंकलित की गई है। जेहटा गांव में भी करीब 22 करोड़ रुपए की जमीन खाली कराई गई। खसरा संख्या-1337, 1346, 1363, 1366 पर कब्जा था। कागजों पर यह जमीन नजूल की थी। बावजूद इसके यहां निर्माण कराया गया था। स्थानीय पुलिस, नगर निगम के सहयोग से करीब 13,530 वर्गमीटर (1,45,637 वर्गफुट जमीन को खाली कराया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि अभियान चलाए जाने के बाद से 1500 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन को खाली कराई गई है। आगे नगर निगम का टार्गेट 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन खाली कराने का है। अवैध कब्जे की जांच में पता चल रहा है कि बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने मौके की सरकारी जमीन को कब्जा कर लिया है। यहां तक की तालाब तक को कई जगह पाट दिया गया है। उस जगह पर प्लाटिंग की जा रही है।

### राजधानी में अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

**लखनऊ ।** जानकीपुरम इलाके में शुक्रवार रात में जागरण देखकर लौट रहे दोस्त डिवाइडर से टकरा गए। जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर से घायल है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। लखनऊ के नीताबहादुर चौक, जानकीपुरम के पहले वाले विजय (26) पुत्र जगजीवन और खोटवा बीकेटी के रहने वाले ललित (20) पुत्र राकेश शुक्रवार को जागरण देखने गए थे। वहां से लौटते समय 60 फिटा रोड पर सेंट्रल एकेडमी के पास दोनों का एक्सीडेंट हो गया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बाउन्ड्री से टकरा गई। आस-पास मौजूद लोगों ने ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान के विजय की मौत हो गई जबकि ललित का इलाज चल रहा है। वहीं गोमतीनगर के ग्वारी गांव निवासी रामपाल (57) प्लंबर का काम करते थे। शुक्रवार रात अपने दामाद के साथ बाइक से दोस्त के गृह प्रवेश कार्यक्रम से लौट रहे थे। रात करीब 9 बजे वह इंदिरा डैम से कुछ दूर पहले पहुंचे ही थे तभी बाइक खराब हो गई। सुसर कुछ दूर आगे जाकर सड़क किनारे खड़े हो गए। तभी तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें रौंद दिया।

# 148 शिकायतों में मौके पर 28 का निस्तारण

**▸ समाधान दिवस में सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम ने सुनीं शिकायतें**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें एसीपी मोहनलालगंज और एसीपी एलओ विशेष रूप से शामिल थे। सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना था। इस मौके पर फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पेंशन, आवास और अन्य जनहित के मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा।

सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। एसीपी मोहनलालगंज और एसीपी एलओ ने भी कानून-व्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर ध्यान दिया और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य लोगों को एक मंच प्रदान करना है। यहां वे अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रख सकते हैं और न्याय पा सकते हैं। मोहनलालगंज लखनऊ संपूर्ण समाधान दिवस में 148 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें 28 का मौके पर निस्तारण हो गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम ने करते हुए एक सप्ताह में समस्यायों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। ज्योति पत्नी सुशील कुमार गढ़ी मदरसा अमेठी ने गुहार लगाई की मेरा विवाह सुशील के साथ 14 वर्ष पूर्व हुआ था। मुझे प्रधानमंत्री आवास मिला था। बनवाने के बाद सपरिवार रह रहे थे। पति नशेड़ी प्रवृति के होने के कारण काफी घरेलू सामान बेच चुके हैं। अब पीएम आवास बेचने के फिराक में है जो कि लोगों से पैसे ले रहा है। देन दाता पति सुशील से सावधान रहें नहीं स्वयं जिम्मेदार होंगे जिसे बेचने से रोकने की आवश्यकता है नहीं तो हम और बच्चे क्या सड़क पर रहेंगे। सावित्री पत्नी आशाराम दुल्हापुर हुसेनाबाद गोसाईगंज में शिकायत दर्ज कराई की 6 माह पूर्व राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसका क्रमांक 215 740 698 811 जिसमें तीन यूनिट राशन कार्ड बनना था परंतु अब तक राशन कार्ड नहीं बनाया गया। काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तमाम दिक्कतें लेकर फरियादी आए जिसका अधिकारियों से निस्तारण किया गया।

### 572 मामलों में 132 का मौके पर निस्तारण

**सरोजनीनगर।** लखनऊ, सरोजनीनगर तहसील में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 114 मामलों में से 45 का मौके पर निस्तारण किया गया। जनपद की अन्य तहसीलों में भी समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां कुल 572 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 132 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि शेष को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी मामले में देरी या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफदंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। समाधान दिवस में पुलिस, राजस्व, विकास, शिक्षा और चिकित्सा विभागों से जुड़े कुल 572 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामले जो बार-बार समाधान दिवस में उठाए जा रहे हैं, उनका गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और यदि वे निस्तारित हो सकते हैं, तो तुरंत निपटाया जाए।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**▸ मतदाता सूची सुधार और जागरूकता पर दिया जोर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश स्तरीय मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन कराने, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची की अपडेट करने में राजनैतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गयी। साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से आग्रह किया कि वे मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने स्तर पर भी अभियान चलाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनैतिक दल हर बूथ पर एक बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त करें ताकि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि को दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) के नाम और मोबाइल नंबर मतदान केंद्रों पर प्रदर्शित किए जाएंगे ताकि मतदाताओं को किसी भी जानकारी की जरूरत होने पर आसानी से संपर्क किया जा सके। विशेष अभियान तिथियों के दौरान सभी बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। उनके पास मतदाता सूची और सभी आवश्यक फॉर्म (जैसे- फॉर्म 6, 7 और 8) उपलब्ध होंगे, ताकि मतदाता अपने नाम जोड़ने, हटाने या सुधारने संबंधी कार्यवाही कर सकें। इसके अलावा, निवास परिवर्तन के लिए अब फॉर्म-6 के बजाय फॉर्म-8 का उपयोग करने की प्रक्रिया भी स्पष्ट की गई।बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गयी।

**ऐतिहासिक जीत** | रेस्ट ऑफ इंडिया और मुबई के बीच इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया यह मुकाबला रहा ड्रॉ

# मुकाबला ड्रॉ रहने के बावजूद मुंबई ने 27 साल बाद जीता ईरानी कप

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने ईरानी कप 2024 का खिताब जीत लिया है। मुम्बई की टीम ने 27 साल के बाद यह ट्रॉफी अपने नाम की है। रेस्ट ऑफ इंडिया और मुबई के बीच लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया यह मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन मुंबई की टीम ने पहली पारी में बढ़त के हिसाब से जीत हासिल कर ली। मुम्बई की जीत के हिरो सरफराज खान रहे, जिन्होंने पहली पारी में दोहरा शतक लगाते हुए नाबाद 222 रन बनाए थे। सरफराज को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। मुकाबले में रेस्ट ऑफ इंडिया ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। मुम्बई की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। मुम्बई ने अपनी पहली पारी में 537 रन बनाए। मुम्बई के लिए पहली पारी में सरफराज खान सबसे बड़े हीरो साबित हुए। मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए नाबाद दोहरा शतक लगाया। उन्होंने 286 गेंदें खेलते हुए 222 रन बनाए और अपनी पारी में 25 चौके और 4 छक्के जड़े। सरफराज के अलावा कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 234 गेंदों में 97 रन बनाए। तनुश कोटियान ने 124 गेंदों में 64 रन, श्रेयस अय्यर ने 57 रन और शार्दुल ठाकुर ने 36 रन बनाए। इनके अलावा पृथ्वी शॉ 4 रन, आयुष मातरे 19, शम्स मुलानी ने 5 रन का योगदान दिया। रेस्ट ऑफ इंडिया की ओर से मुकेश कुमार ने 5 विकेट, यश दयाल, प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट और सारांश जैन ने एक विकेट लिया। इसके बाद रेस्ट ऑफ इंडिया की पहली पारी 416 रन पर ढेर हो गई। इससे पहली पारी के आधार पर मुंबई को 121 रनों की बड़ी लीड मिल गई। पहली पारी में रेस्ट ऑफ इंडिया के लिए अभिमन्यु ईश्वरन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 292 गेंदों का समाना करते हुए 191 रन बनाए। ईश्वरन ने अपनी पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाया। अभिमन्यु के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने 121 गेंदों में 93 रन बनाए। इनके अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 9 रन, साई सुदर्शन ने 32 रन, देवदत्त पडिक्कल ने 16 रन, ईशान किशन ने 38 रन और मानव सुथार ने 9 रन बनाए। मुम्बई की ओर से पहली पारी में तनुश कोटियान और शम्स मुलानी ने 3-3 विकेट लिया। मोहित अवस्थी ने दो विकेट और एम जुनैद खान ने एक विकेट लिया। इसके बाद मुंबई की टीम दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी। टीम ने दूसरी पारी में 8 विकेट के नुकसान के साथ 329 रन बना दिए। खेल के पांचवें दिन शनिवार को मुंबई का स्कोर दूसरी पारी में आठ विकेट पर 329 रन था। इसके बाद दोनों टीमों ने मैच को समाप्त करने का फैसला किया। इस तरह मुम्बई ने पहली पारी में बढ़त के हिसाब से जीत हासिल कर ली। मुंबई के लिए दूसरी पारी में तनुष कोटियान ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 150 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 114 रन बनाए। इस दौरान अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। तनुष के अलावा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने 105 गेंदो पर 76 रन, मोहित अवस्थी नाबाद 51 रन, आयुष मातरे 14 रन, हार्दिक तमोरे 7 रन, कप्तान रहाणे 9 रन, सरफराज खान 7 रन और श्रेयस अय्यर ने 8 रन बनाए।

## सुप्रीम कोर्ट की बेअसर फटकार

एक बार फिर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण रोकने के लिये प्रभावी कदम न उठाने पर पंजाब व हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि सरकारों ने पराली जलाने के दोषियों से नाममात्र का ही जुर्माना वसूला, जिसके चलते इसे जलाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। फलत: दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निरंतर प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाले वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी खरी–खोटी सुनायी है कि उसने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिये उसके निर्देशों को लागू करने का ईमानदार प्रयास नहीं किया। दो सदस्यीय पीठ ने सख्त नाराजगी जतायी कि गत 29 अगस्त को दिल्ली में वायु प्रदूषण पर चर्चा के लिये बुलाई आयोग की बैठक में ग्यारह में से सिर्फपांच सदस्य ही शामिल हुए। पराली जलाने की घटनाओं पर शिथिलता बरतने पर कोर्ट ने केंद्र सरकार व वायु गुणवत्ता आयोग को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दायर करने को कहा है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिये आगामी 16 अक्तूबर की तारीख तय की है। यह विडंबना ही है कि प्रदूषण के मुद्दे पर आरोप–प्रत्यारोप की राजनीति तो लगातार होती रही है लेकिन पराली व प्रदूषण बढ़ाने वाले अन्य कारकों पर रोक लगाने के लिये कोई ईमानदार प्रयास होते नजर नहीं आते। अदालत ने गत वर्ष भी कहा था कि पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिये सतत निगरानी की जानी चाहिए। इसके विपरीत दिल्ली सरकार, हरियाणा व पंजाब में पराली का मुद्दा राजनीति के रंग में रंगता रहा है। यही वजह है कि बीते साल की तरह ही इसी मौसम में फिर से प्रदूषण की समस्या विकट होती जा रही है। फिर ठंड का मौसम आते ही भौगोलिक कारणों से प्रदूषण विकराल रूप लेने लगता है। दिवाली पर तो पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है।निस्संदेह, यह तंत्र की काहिली का ही नतीजा है, जिसके चलते दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी का दर्जा हासिल कर लेती है। दरअसल, प्रदूषण के एक घटक पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि की वजह भी वोटों की राजनीति ही है। सरकारें पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती रही हैं। उन्हें अपने वोट बैंक के खिसकने की चिंता सताती रहती है। हाल ही में वायु गुणवत्ता आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि गत पंद्रह से पच्चीस सितंबर के मध्य पंजाब में पिछले साल इन दिनों के मुकाबले में दस गुना अधिक पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। वहीं बीते वर्ष इसी अवधि के मुकाबले इस वर्ष हरियाणा में पांच गुना अधिक पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई। सवाल यह है कि हर साल सितंबर से नवंबर के बीच बढ़ने वाली पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जा रहा है? बावजूद इसके कि शीर्ष अदालत बार–बार सख्त निगरानी की बात कहती रहती है। लेकिन सरकारों के तमाम दावों के बावजूद किसानों को ऐसा कारगर विकल्प नहीं दिया जा सका है कि किसान को खेत में पराली जलाने की जरूरत न पड़े। दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकारें भी तभी जागती हैं जब राजधानी व उसके आसपास के इलाकों में प्रदूषण के कारण जीवन पर संकट उत्पन्न होने लगता है। यहां तक कि अदालत के आदेश भी क्रियान्वयन की बाट जोहते रह जाते हैं। जबकि आंकड़े बता रहे हैं कि हर साल देश में लाखों लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत के मुंह में चले जाते हैं या फिर उनके जीवन की प्रत्याशा में कई सालों की कमी हो जाती है।

# जलवायु परिवर्तन : दोस्ती चाहती हैं आक्रामक प्रजातियां

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

आक्रामक प्रजातियों को अकसर पारिस्थितिक तंत्र के हानिकारक विघटनकारी के रूप में देखा जाता है। हालांकि, जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में, कुछ आक्रामक प्रजातियां पर्यावरणीय लाभ प्रदान कर सकती हैं। हालांकि वे मूल जैव विविधता के लिए जोखिम उत्पन्न करते हैं, लेकिन नई परिस्थितियों में जल्दी से अनुकूलन करने की उनकी क्षमता कभी-कभी पारिस्थितिक तंत्र को स्थिर करने या कार्बन पृथक्करण को बढ़ाने में मदद कर सकती है। विश्व प्राणी समुदाय में, आक्रामक प्रजातियों को अकसर संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, जिससे देशी पारिस्थितिकी तंत्र पर उनके प्रभाव के बारे में व्यापक स्तर पर गलत धारणा बन जाती है।

इस श्रेणी में, गैर-देशी खरपतवार से लेकर कीड़ों और जलीय आक्रमणकारियों तक, की गई प्रजातियों को गलत समझा जाता है और अकसर उनका गलत प्रबंधन किया जाता है। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि जानबूझकर या अनजाने में पेश की गई अधिकांश प्रजातियां देशी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा पैदा नहीं करती हैं। आक्रामक प्रजातियां वे पौधे, कीड़े और जलीय जीव हैं जो अपने वर्तमान आवासों के मूल निवासी नहीं हैं। वे अकसर नए पारिस्थितिकी तंत्रों में फैल जाते हैं, जिससे स्थानीय जैव विविधता बाधित होती है। इन प्रजातियों को गैर-देशी या पेश की गई प्रजातियां भी कहा जाता है। आक्रामक प्रजातियों के बारे में बहुत सी गलत धारणाएं हैं। एक आम गलतफहमी है कि सभी आक्रामक प्रजातियां नए पारिस्थितिकी तंत्र में आने पर हानिकारक हो जाती हैं। जबकि कुछ महत्वपूर्ण खतरे पैदा कर सकती हैं, यह सार्वभौमिक रूप से सत्य नहीं है। कई पेश की गई प्रजातियां अपने नए वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालती हैं और वास्तव में, लाभकारी भूमिका निभा सकती हैं।

आक्रामक प्रजातियों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। पहली आकस्मिक आगमन प्रजातियां अकसर अचानक व अनजान तरीके से आती हैं, जैसे कि जेबरा मसल, जिसे ब्लैक सी से दूसरे क्षेत्रों में जहाजों में बैलस्ट पानी के माध्यम से पहुंचाया गया था, जहां यह तब से स्थानीय बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। दूसरी आक्रामक प्रजातियां जानबूझकर पेश की जाती हैं, जैसा कि लैंटाना के मामले में देखा गया है, जिसे ब्रिटिश उपनिवेशवादियों द्वारा दक्षिण अमेरिका से भारत लाया गया था। लैंटाना का तेजी से प्रसार हुआ है, जो जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क आदि जैसे कई राष्ट्रीय उद्यानों में देशी वनस्पतियों को मात देकर और कृषि फसलों को नुकसान पहुंचाकर एक खतरा बन गया है, जिससे स्थानीय जैव विविधता को खतरा है। जलवायु परिवर्तन की घटनाओं में वृद्धि के साथ ही,



**कुछ आक्रामक पौधों की प्रजातियों में महत्वपूर्ण मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन को कम करने में सहायता मिलती है। उदाहरण के लिए प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा भारत में एक आक्रामक प्रजाति, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है, जो निम्नीकृत भूमि में कार्बन भंडारण में योगदान करती है। स्पार्टिना अल्टरनिफ्लोरा जैसी आक्रामक प्रजातियां तटीय मिट्टी को स्थिर कर सकती हैं, कटाव को रोक सकती हैं एवं समुद्र के बढ़ते स्तर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा कर सकती हैं। कुछ आक्रामक प्रजातियां, जैसे साइबेरियाई एल्म, अधिक सूखा-प्रतिरोधी हैं एवं जहां देशी प्रजातियां विफल हो जाती हैं, वहां वनस्पति आवरण प्रदान करती हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बनाए रखा जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण देशी पौधों की कमी होने पर आक्रामक पौधों की प्रजातियां परागणकों के लिए खाद्य संसाधन प्रदान कर सकती हैं।**

आक्रामक प्रजातियों के साथ हमारे संबंध भी विकसित हो रहे हैं। जलवायु परिवर्तन को रोकने में आक्रामक प्रजातियों के लाभ देखें तो कार्बन पृथक्करण में इनकी भूमिका है।

कुछ आक्रामक पौधों की प्रजातियों में महत्वपूर्ण मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन को कम करने में सहायता मिलती है। उदाहरण के लिए प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा भारत में एक आक्रामक प्रजाति, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है, जो निम्नीकृत भूमि में कार्बन भंडारण में योगदान करती है। स्पार्टिना अल्टरनिफ्लोरा जैसी आक्रामक प्रजातियां तटीय मिट्टी को स्थिर कर सकती हैं, कटाव को रोक सकती हैं एवं समुद्र के बढ़ते स्तर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा कर सकती हैं। कुछ आक्रामक प्रजातियां, जैसे साइबेरियाई एल्म, अधिक सूखा-प्रतिरोधी हैं एवं जहां देशी प्रजातियां विफल हो जाती हैं, वहां वनस्पति आवरण प्रदान करती हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बनाए रखा जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण देशी पौधों की कमी होने पर आक्रामक पौधों की प्रजातियां परागणकों के लिए खाद्य संसाधन प्रदान कर सकती हैं। उदाहरण के लिए पूर्वी अमेरिका में लोनीसेरा जैपोनिका (जापानी हनीसकल) कुछ मौसमों के दौरान मधुमक्खियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है। उन क्षेत्रों में जहां मूल जैव विविधता पहले ही नष्ट हो चुकी है, आक्रामक प्रजातियां पारिस्थितिक अंतराल को भर सकती हैं। उदाहरण के लिए- दक्षिण अफ्रीका में आक्रामक नीलगिरी के पेड़ ने स्थानीय प्रजातियों के लिए आवास की मुहैया करते हुए, वनों की कटाई वाले क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने में मदद की है। राष्ट्रीय हरित भारत मिशन बंजर क्षेत्रों में पुनर्वनीकरण पहल का समर्थन करता है। समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करते हुए आक्रामक प्रजातियों के प्रसार एवं प्रभाव को ट्रैक करने के लिए निरंतर निगरानी प्रणाली स्थापित करना। उदाहरण के लिए भारत की आक्रामक विदेशी प्रजातियों पर राष्ट्रीय कार्य योजना विभिन्न राज्यों में फॉल आर्मीवर्म जैसी प्रजातियों की आवाजाही पर नजर रखती है। सार्वजनिक जागरूकता से संभावित प्रभावों के बारे में शिक्षित करते हुए आक्रामक प्रजातियों की निगरानी एवं नियंत्रण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना। उदाहरण के लिए केरल में पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों में जलकुंभी, एक आक्रामक जलीय पौधा, को हटाने में स्थानीय लोगों को शामिल किया जाता है। विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन से प्रभावित क्षेत्रों में आक्रामक प्रजातियों के प्रबंधन के लिए जानकारी एवं रणनीतियों को साझा करने के लिए सीमा पार सहयोग को मजबूत करना। उदाहरण के लिए जैविक विविधता पर कन्वेंशन में भारत की भागीदारी आक्रामक प्रजातियों के प्रबंधन पर जोर देती है। जबकि आक्रामक प्रजातियां महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करती हैं, कुछ जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में लाभ प्रदान कर सकती हैं, जैसे पारिस्थितिक तंत्र को स्थिर करना एवं कार्बन पृथक्करण को बढ़ाना। एक संतुलित दृष्टिकोण जो सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों प्रभावों पर विचार करता है, पारिस्थितिक लचीलापन एवं जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देते हुए आक्रामक प्रजातियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आवश्यक है। आक्रामक प्रजातियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से किए गए कई प्रयास अप्रभावी और अत्यधिक समय की मांग करने वाले साबित हुए हैं। ये प्रजातियां अकसर अपने पारिस्थितिकी तंत्र में गहराई से समा जाती हैं, जिससे उनका उन्मूलन मुश्किल हो जाता है।

## विचार

# बदलते दौर में सिल्वर इकोनॉमी

**प्रियंका सौरभ**

सिल्वर इकोनॉमी में वृद्ध आबादी, विशेष तौर पर 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए लक्षित आर्थिक गतिविधियां शामिल होती हैं, जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। इसका प्राथमिक लक्ष्य वृद्धों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है और साथ ही उपभोक्ताओं के रूप में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। जैसे-जैसे वैश्विक आबादी बढ़ती है, यह क्षेत्र नवाचार एवं निवेश के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। भारत में, वरिष्ठ नागरिकों की आबादी वर्ष 2050 तक 319 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जो उनकी आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए सुधारों एवं नवाचारों की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है।

वैश्विक स्तर पर सिल्वर इकोनॉमी में आज प्रगति हो रही है। विश्व में अभूतपूर्व रूप से वृद्ध होती आबादी देखी जा रही है। वर्ष 2050 तक, दुनिया भर में 2 बिलियन से ज्यादा लोग 60 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के होंगे, जिससे आयु-विशिष्ट सेवाओं की मांग बढ़ेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक 6 में से 1 व्यक्ति 60 वर्ष या



उससे अधिक आयु का होगा, जिससे स्वास्थ्य देखभाल एवं वृद्धों की देखभाल में नवाचार की आवश्यकता होगी। स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति के कारण वैश्विक स्तर पर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई है, जिससे बुजुर्गों के लिए विशेष उत्पादों एवं सेवाओं के लिए बाजार में वृद्धि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 2019 में वैश्विक जीवन प्रत्याशा बढ़कर 73.1 वर्ष हो गई है, जिससे वृद्धावस्था स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक ध्यान केंद्रित हुआ है।

बुजुर्गों का आर्थिक योगदान देखें तो कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विकसित देशों में, निवेश, उपभोग और रोजगार के माध्यम से अर्थव्यवस्था में सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में बने हुए हैं। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की एक रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग व्यय एवं निवेश के माध्यम से अर्थव्यवस्था में प्रतिवर्ष 7.1 ट्रिलियन डॉलर का योगदान करते हैं। बुजुर्गों में दीर्घकालिक बीमारियों में वृद्धि के साथ, विशेष स्वास्थ्य सेवाओं और दवाओं की मांग बढ़ रही है। भारत में 75त्न से अधिक बुजुर्ग व्यक्तियों को कम-से-कम एक दीर्घकालिक बीमारी है। टेलीमेडिसिन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरणों जैसी प्रौद्योगिकी के एकीकरण ने सिल्वर टेक समाधानों के लिए तेजी से बढ़ता बाजार तैयार कर दिया है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सेग पहल बुजुर्गों की देखभाल के लिए उत्पाद बनाने पर केंद्रित स्टार्टअप को बढ़ावा देती है, जिससे इस क्षेत्र में विकास को बढ़ावा मिलता है।

भारत के लिए सिल्वर इकोनॉमी की प्रासंगिकता आज के दिन महत्व रखती है। भारत की बुजुर्ग आबादी वर्ष 2050 तक 319 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, जो कुल आबादी का लगभग 19त्न है, जिससे परिणामतः आयु-विशिष्ट सेवाओं की

**बुजुर्गों का आर्थिक योगदान देखें तो कई बुजुर्ग व्यक्ति, विशेष रूप से विकसित देशों में, निवेश, उपभोग और रोजगार के माध्यम से अर्थव्यवस्था में सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में बने हुए हैं। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की एक रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग व्यय एवं निवेश के माध्यम से अर्थव्यवस्था में प्रतिवर्ष 7.1 ट्रिलियन डॉलर का योगदान करते हैं।**

मांग बढ़ेगी। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सरकारी डेटा से पता चलता है कि बुजुर्गों की स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं में वृद्धि हुई है, जिसके लिए आयुष्मान भारत योजना जैसे नीतिगत योजनाओं की आवश्यकता प्रतीत होती है। वरिष्ठ नागरिकों में पुरानी बीमारियों में वृद्धि से विशेष रूप से जराचिकित्सा और टेलीमेडिसिन में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी, जिससे देखभाल की पहुंच और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए चिकित्सा प्रौद्योगिकियों और स्वास्थ्य प्रबंधन समाधानों में नवाचारों की आवश्यकता होगी। सामाजिक न्याय मंत्रालय बुजुर्गों की देखभाल करने के लिए स्टार्टअप को प्रोत्साहित करता है, जिससे भारत की बुजुर्ग आबादी के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार होता है। सिल्वर इकोनॉमी स्वास्थ्य सेवा, आवास, यात्रा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों के माध्यम से आर्थिक विकास के लिए अवसर प्रस्तुत करती है, जिससे रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ावा मिलता है। भारत की सिल्वर इकोनॉमी का वर्तमान मूल्य लगभग 73,082 करोड़ रुपये होने का अनुमान है और आने वाले वर्षों में इसके कई गुना बढ़ने की उम्मीद है जो उनके अनुभवों और कौशल को महत्व प्रदान करता है।

सिल्वर अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए सहायक नीतियों और ढांचों के निर्माण की आवश्यकता है, जो वृद्धों के लिए सेवाओं में समावेशिता, पहुंच एवं स्थिरता को बढ़ावा दें। भारत में सिल्वर इकॉनोमी संबंधी ढांचा विकसित करने की चुनौतियां भी कम नहीं है। भारत में स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना में वृद्ध आबादी के लिए अकसर पर्याप्त संसाधनों और पहुंच का अभाव होता है, जिसके कारण गुणवत्तापूर्ण देखभाल में अंतराल होता है और निवारक एवं वृद्धावस्था सेवाओं पर सीमित ध्यान दिया जाता है, जो दीर्घकालिक बीमारियों के प्रभावी प्रबंधन में बाधा डालता है।

# फिर लौटना होगा गांधी की ओर

**डा. सुदर्शन अयंगर**

2अक्टूबर को हमने फिर गांधी को याद किया। यह आश्वस्त करने वाली बात है कि कम से कम उन्हें याद करने की परंपरा जारी है। हम आशा करें कि इस परंपरा की सहायता से अहिंसा की फिलॉसफी किसी दिन मानवता की प्रकृति बन जाएगी। 2022 तक यह तर्क दिया जाता था कि युद्ध कम हो गए लेकिन सशस्त्र संघर्ष बढ़ गए थे। फिर रूस-यक्रेन युद्ध आरंभ हुआ और राष्ट्र संघ के अनुसार सिर्फ 2022 में संघर्ष से संबंधित मामलों में नागरिक मौतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। फिलीस्तीन पर इजरायली हमलों और बमबारी ने इस वैश्विक स्थिति को बदतर बना दिया है। अब हमारे पास फिलिस्तीनी लोगों की मृत्यु एवं दुखों का एक अंतहीन सिलसिला है। युद्ध के दुख के अतिरिक्त अन्य तरीकों और साधनों से भी हिंसा होती है जिसे मोटे तौर पर संघर्ष के रूप में ब्रांडेड किया जाता है।

संघर्ष अब निरंतर, अंतहीन और सामान्य होते जा रहे हैं। उन्हें कभी-कभी इस अर्थ में कम घातक माना जाता है जब अक्सर दो पूर्ण या समान रूप से शक्तिशाली देशों के बजाय घरेलू समूहों के बीच हिंसा होती है। अनसुलझे क्षेत्रीय तनाव, कानून-व्यवस्था के भंग होने, सरकारी या सहकारी संस्थानों की अनुपस्थिति, अवैध आर्थिक लाभ तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या के कारण संसाधनों की कमी संघर्ष के प्रमुख कारण बन गए हैं। इसके अलावा राष्ट्र संघ ने यह भी नोट किया है कि तकनीकी प्रगति ने घातक स्वायत्त हथियारों तथा साइबर हमलों, बॉट्स और ड्रोन के सशस्त्रीकरण एवं चरमपंथी हमलों के टीवी पर सीधे प्रसारण ने भी चिंताएं बढ़ाई हैं।

इसके साथ ही डेटा हैक और रैंसमवेयर (किसी उपभोक्ता या संगठन के कम्प्यूटर सिस्टम में घुसकर उसके डेटा हैक कर संबंधित व्यक्ति से मोटी रकम की मांग करना) जैसी आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि के कारण अंतरराष्ट्रीय सहयोग की गतिविधियां तनाव में हैं जो सभी रूपों में संघर्ष व हिंसा की रोकथाम तथा समाधान की वैश्विक क्षमता को कम कर रहा है। ग्लोबल पीस इंडेक्स- 2024 में कहा गया है कि इस समय 92 देश संघर्षों में शामिल हैं। गाजा और यूक्रेन संघर्ष वैश्विक शांति में गिरावट के प्राथमिक कारण हैं। पिछले साल केवल संघर्षों के कारण लगभग 162,000 मौतें हुईं। अमेरिकी सैन्य क्षमता चीन की तुलना में तीन गुना अधिक है। संघर्ष के कारण 2023 में वैश्विक जीडीपी पर 13.5 प्रश या 19.1 ट्रिलियन डॉलर का असर पड़ा। प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण और नीतियों, विशेष रूप से अमेरिका-चीन मतभेदों को भी विभिन्न देशों के बीच और घरेलू संघर्षों की श्रृंखला का एक कारण माना जाता है। एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में हत्याओं की घटनाएं बढ़ रही हैं जबकि विश्व स्तर पर लिंग आधारित हमले बढ़ रहे हैं। सारे विश्व में यह माना जा रहा है कि बच्चों के खिलाफ हिंसा सहित पारस्परिक हिंसा की घटनाओं से विकास पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ रहा है। गांधी आज भी दुनिया में इन घटनाओं के मूक गवाह बने हुए हैं। मानवता इस बात से अनजान है और भूल गई है कि प्रकट हिंसा और संघर्षों का गहरा संबंध है कि हम कैसे सोचते हैं, व्यवहार करते हैं और जीते हैं। अज्ञानता और बौद्धिक अहंकार व्यक्तिगत जीवन में संकट लाते हैं। ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा दांव पर हैं। लोभ और भोग की वजह से मानवीय गुणों की जगह विकारों ने घेर ली है। उच्चतम सार्वजनिक पदों पर बैठे लोग शायद ही चरित्रवान होते हैं। यह एक बुनियादी संकट है। गांधी जयंती का यह अवसर कुछ उदात्त विचारों की पेशकश करने या नैतिक आधार लेने के लिए नहीं है। हम यह स्वीकार करें कि देश और स्थान के बावजूद हमारा चरित्र सामूहिक रूप से हम सभी के सामूहिक व्यवहार में प्रकट होने के लिए जिम्मेदार है। एक शांतिपूर्ण दुनिया बनाने के लिए लोगों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को आत्म-विनियमन और संभालने के लिए शिक्षित करना होगा।



# राशिफल

**मेष:-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**बृषभ:** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन:-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्क :-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या:-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने।

**तुला:-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनु:-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर:-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**कुंभ:-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।


**मीन:-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# सुनहरे युग में प्रवेश करता जम्मू-कश्मीर

**आर.के. सिन्हा**

बेखौफ होकर जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से मतदाताओं ने राज्य विधानसभा के तीन चरणों में हुए चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया उससे दूर तक संदेश चला गया है कि अब वहां हालात लगभग सामान्य हो चुके हैं। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान किसी तरह की हिंसा भी नहीं हुई। चुनाव में राजनीतिक दलों ने भी निर्भीकतापूर्वक खुलकर प्रचार भी किया। रैलियां भी कीं और जमकर अपने-अपने मतों को खुलकर जनता के सामने रखा भी। यह सब पिछले कई दशकों से ठप पड़ा हुआ था। बेशक, निर्वाचन आयोग राज्य विधानसभा का चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय ले सकता है।

याद रहे कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि 1980 के दशक में जम्मू और कश्मीर में उग्रवाद के बढ़ने का एक कारण 1987 का विधानसभा चुनाव था, जो कि पूरी तरह से फर्जी था और जिसने चुनावी लोकतंत्र के प्रति भारी निराशा पैदा की थी और उग्रवाद को बढ़ावा देने में भरपूर मदद की थी। देश को अब उम्मीद जगी है कि राज्य विधानसभा के आगामी आठ अक्टूबर को



मतगणना भी इसी भावना से होगी और उसके बाद राज्य में नई सरकार का गठन बिना किसी पक्षपात या शिकायत के होगा। अब लगता तो यही है कि जम्मू-कश्मीर अपना अतीत भूलकर नया इतिहास रचने के लिए मन बना चुका है।


गांधी जयंती के मौके पर राजभवन में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए राज्य के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, बापू हमेशा जम्मू-कश्मीर में शांति और प्रगति देखना चाहते थे। उन्होंने नई पीढ़ी से बापू के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।÷ दरअसल राज्य के नौजवान भी समझ चुके हैं कि हिंसा और अशांति से उन्हें ही नुकसान होगा। इसलिए उनके हाथों में अब बंदूक और पत्थर नहीं हैं, बल्कि उनकी आंखों में शांति और आकांक्षाओं के सपने दिखाई देते हैं। आप कह सकते हैं कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र का महापर्व संपन्न हुआ है। सबसे पहले बीती मई में लोकसभा चुनाव हुए और फिर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुआ। यह भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया भर में चर्चा का केंद्र बिंदु बन गया है। केन्द्रशासित प्रदेश के 1.40 करोड़ नागरिकों ने संवैधानिक मूल्यों में अपनी आस्था दोहराई है और अपने मतदान के माध्यम से जम्मू-कश्मीर और देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया है। यह प्रमाण है कि पिछले चार-पांच वर्ष में भयमुक्त जम्मू-कश्मीर बनाने में बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्ष में किए गए कार्य, चाहे वह जमीनी स्तर पर लोकतंत्र का सशक्तीकरण हो या शांतिपूर्ण चुनाव कराना हो या विकास कार्य हो, इस बात का प्रमाण हैं कि जम्मू-कश्मीर अब विकास और खुशहाली के रास्ते पर चल पड़ा है। अब राज्य में स्कूल पूरे साल खुले रहते हैं। बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ रहे हैं। हालिया चुनाव में, उन जगहों में जमकर मतदान हुआ जिन्हें अब तक आतंकवादी संगठनों के गढ़ के रूप में देखा जाता था। तीन चरणों में क्रमशः 61.38त्न, 57.31त्न और 69.65त्न मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर में देश के अन्य भागों की तरह ही इतने भारी मतदान से साफ है कि कश्मीर की जनता भी चुनावी लोकतंत्र को गंभीरता से लेनी लगी है। उच्च मतदान दर का एक कारण यह भी हो सकता है कि घाटी में लगभग सभी राजनीतिक मतों और विचारधाराओं की पार्टियों ने चुनाव में भाग लिया। अपने स्तर पर जमात-ए-इस्लामी भी शामिल रही चुनावों में, जिसने बीते समय के दौरान राज्य में चुनावों का बहिष्कार करने की पुरजोर वकालत की थी। कुल मिलाकर 90 सीटों के लिए 873 उम्मीदवार मैदान में थे।

जमात ने स्वतंत्र उम्मीदवारों के रूप में या इंजीनियर रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी के सहयोगियों के रूप में चुनाव लड़ा। यह महत्वपूर्ण है , क्योंकि यह संगठन नेशनल कॉन्फ्रेंस का मुख्य वैचारिक दुश्मन रहा है। सीमापार से बार-बार आतंकवादी हमलों के कारण सुरक्षा बल, विशेष रूप से पीर पंजाल रेंज के दक्षिण में, तनाव में रहे हैं। लेकिन, सुरक्षा बलों की चौकसी ने निश्चित रूप से चुनाव बिना किसी हिंसा के सम्पन्न करवा दिए। यह तो मानना होगा कि जम्मू-कश्मीर तेजी से बदल रहा है। राज्य में 370 के हटने से पहले पत्थरबाजी की घटनाओं में सैकड़ों लोग घायल हो रहे थे और मारे जा रहे थे। सुरक्षाबलों पर हमले हो रहे थे, जिसमें अब 80-85 फीसद तक की कमी आई है।

अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद केन्द्र सरकार ने घाटी में राज्य की पुरानी सभ्यता और संस्कृति को फिर से जीवित करने के लिए बड़ी योजना पर काम शुरू किया। इसके तहत आस्था के केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों को नया रूप दिया गया। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के मेले और महोत्सव लगाए गए। यह मेले और महोत्सव आतंकवाद पनपने के कारण सालों से बंद थे। 2023 में नियंत्रण रेखा के पास स्थित मां शारदा देवी मंदिर का नवनिर्माण कराकर आजादी के बाद पहली बार पूजा के लिए खोला गया। सालों से बंद खीर भवानी मंदिर में फिर से दर्शन-पूजन का काम शुरू हुआ। खीर भवानी का मेला लगाया गया। इसमें पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। सरकार ने 123 पुराने स्थलों का व्यवस्थित रूप से जीर्णोद्धार और मरम्मत कराकर जनता के लिए फिर से खोल दिया। केन्द्र सरकार ने ऐतिहासिक हजरत बल दरगाह के विकास के लिए 42 करोड़ रुपये दिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# दानपात्र का ताला तोड़कर चोरी करते पकड़ा गया चोर



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कोटवाधाम बड़े बाबा जगजीवन दास साहेब के मंदिर के मुख्य गेट पर रखे दान पत्र का ताला तोड़कर चोरी करने का एक चोर प्रयास कर रहा था। मंदिर में अखंड रामायण हो रही थी श्रद्धालुओं की मन्दिर परिसर में भीड़ थी भीड़ से किसी श्रद्धालु ने देखा की एक व्यक्ति दान पात्र का ताला तोड़ रहा तो उसने सशोर मचाना शुरू किया।इतने में और लोग इकट्ठा हो गए और चोर को पकड़ लिया। आक्रोशित लोगों ने चोरो को मारने पीटने का भी प्रयास किया।तब तब सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से छुड़ाकर चोर को अपने कब्जे में ले कर थाने पर ले आयी।

शुक्रवार की रात करीब 12 बजे कोटवाधाम स्तिथ बड़े बाबा के मुख्य मंदिर में चोरी करने के लिए एक शातिर चोर घुसा गया। ग्रामीणो ने उसको पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस चोर को थाने पर लाई।ग्रामीणो की माने तो चोर विष्णु कश्यप कोटवाधाम का है जो शातिर चोर है और कई चोरी कि घटनाओ मे सम्मिलित है।

आज बड़े बाबा के मुख्य गेट के दानपत्र का ताला तोड़ रहा था उसी के दौरान ग्रामीणों ने इसे पकड़ा लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बीते दिनो आरोपी जेल गया था जो अभी तीन दिन पहले ही जेल से छूट कर आया है। मंदिर परिसर में अखंड रामायण होने के चलते मंदिर में परिसर मे चहल-पहल थी लेकिन चोर को अनुमान नहीं था कि रात में भी लोग मंदिर परिसर मे है। चोर जैसे ही मंदिर परिसर में घुसकर ताला तोड़ने का प्रयास किया। इतने में लोगों ने उसे घेर कर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि देर रात कोटवाधाम मंदिर परिसर से चोरी करने का प्रयास करने पर पकड़े गए चोर को थाने पर लाया गया है।घटना की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

### पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना असंद्रा क्षेत्र में बीती रात एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के खरिका फूल गांव निवासी नसीब की पत्नी आसमां (30) का शव बीती रात घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला। जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता थाना क्षेत्र के ही नूरपुर गांव निवासी ताज मोहम्मद ने मृतका के पति और सास आदि लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छात्राओं की रचनात्मक कार्यों में बढ़े सहभागिता : सुधा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



- महात्मा गांधी सप्ताह के पांचवें दिन रंगोली व निबंध प्रतियोगिता का आयोजित
- जमील उर रहमान गर्ल्स कालेज और पायनियर मांटेसरी स्कूल रहे अव्वल

गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को महात्मा गांधी सप्ताह के पांचवें दिन गांधी भवन परिसर में रंगोली और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने गांधीजी के सपनों का भारत विषयक पर आधारित रंगोली बनाई और निबंध लिखा। खासतौर पर बच्चों ने भारत के मानचित्र में महात्मा गांधी की तस्वीर बनाकर उसमें सुन्दर रंगो से भरकर स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. बेनी प्रसाद वर्मा की पुत्रवधू एवं समाजसेविका सुधा वर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। ट्रस्ट ने उन्हें सतत सामाजिक सहभागिता के लिए मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया। रंगोली बनाने में आयूषी, विभा, अनुष्का, प्रज्ञा, सौम्या, निखिल, खुशबू, लक्ष्मी, भावना, तान्या, अर्पिता, दिशा, निदा सहित अन्य छात्र व छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा। रंगोली जूनियर प्रतियोगिता में पायनियर मांटेसरी स्कूल को पहला स्थान, राजकीय बालिका इंटर कालेज को दूसरा स्थान और अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इं. कॉलेज को तीसरा स्थान मिला। वहीं रंगोली सीनियर प्रतियोगिता में जमील उर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इ. कॉलेज को पहला स्थान, राजकीय इंटर कालेज को दूसरा स्थान और पायनियर मांटेसरी स्कूल को तीसरा स्थान मिला। सभी रंगोली संयुक्त रूप से स्कूलों का ग्रुप बनाकर बनाई गई। निर्णायक की भूमिका समाजसेविका सरिता शर्मा ने निभाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महिला सशक्तिकरण पर वैश्विक स्तर पर चिंतन होना चाहिए। बेटियां किसी से कम नहीं हैं, वह खुद को साबित भी कर रही हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से संयोजक राजनाथ शर्मा, सीमा सिंह, पुनीता सिंह, नीलम वर्मा, प्रियांशी श्रीवास्तव, दीपा तिवारी, आद्या शर्मा, विनय कुमार सिंह, शिवशंकर शुक्ला, हुमायूं नईम खान, पाटेश्वरी प्रसाद, नीरज दूबे, विजयपाल गौतम, साकेत संत मौर्य आदि कई लोग मौजूद रहे।

## रामलीला में छठवें दिन धूमधाम से निकाली गई राम बारात

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** कस्बा के रामलीला कोठी मैदान में पिछले डेढ़ सौ वर्षो से होती आ रही रामलीला के छठवें दिन प्रभु श्री राम की बारात धूमधाम के साथ निकाली गई। इस अवसर पर भगवान राम की बरात नगर भ्रमण के लिए ढोल नगाड़ों व बैंड बाजों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकली ।

यात्रा में जगह-जगह लोगों ने प्रभु श्री राम सहित चारों भाइयों की आरती उतारी गई। रामलीला कोठी से निकली बारात में प्रभु श्री राम सहित चारों भाइयों के रथ के अलावा भगवान गणेश, वैष्णो देवी, अष्टभुजी मां दुर्गा, एवं राधा कृष्णा सहित तमाम देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां शामिल थी। नगर के मुख्य चौराहे पर बारात पहुचने पर पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत पूर्व मंत्री अरविंद सिंह को क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह भाजपा नेत्री नेहा सिंह आनंद नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने प्रभु श्री राम की आरती उतारी व प्रभु श्री राम के नारे लगाए।

## खबरें एक नजर में

### विक्रांत सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव मनोनीत



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** एडवोकेट विक्रांत यादव को समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि ने नगर के मोहल्ला दबगरान निवासी एडवोकेट विक्रांत यादव को युवजन सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर उनके समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जाकिर सिद्दीकी राजू यादव आदि मौजूद रहे।

### दो दिन से गायब युवक का कुएं से मिला शव

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ज़ैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अबहीपुर गांव का है। जहां पर गांव के बाहर खेत में स्थित एक कुएं में दो दिन पूर्व गायब हुए एक युवक का शनिवार करीब 1 बजे शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। और इसकी जानकारी होते ही आसपास से भारी संख्या में लोग एकत्रित होने लगे ।वही कुएं में शव मिलने की खबर पाते ही परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। और स्थानीय लोगो द्वारा इसके सूचना पुलिस को दी गई ।वही सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला तथा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अबहीपुर गांव निवासी अमरकेश पुत्र अशर्फीलाल जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है और बीते 3 अक्टूबर के रात्रि को खाना खाकर सोने गया था। इसके अगली सुबह जब परिजन जागे तो अमरकेस चारपाई से गायब था ।जिसके संबंध में परिजनों द्वारा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया है कि मानसिक रूप से पीड़ित का शव उसी के खेत के एक कुंए में मिला है। परिवार के लोगो द्वारा किसी प्रकार कोई आरोप भी नही लगाया गया है ।शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

### जागरण में प्रस्तुत की गई मनमोहक झांकियां

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नवरात्रि के मौके पर संतोषी माता जागरण समिति द्वारा मां भगवती का तीसवां महा भव्य विशाल जागरण का आयोजन जैदपुर के बड़ी बाजार में किया गया। जहां देवभूमि उत्तराखंड की मनमोहक झांकियां के प्रस्तुति के दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे ।जानकारी के अनुसार हर वर्ष की तरह शुक्रवार की रात को जैदपुर के बड़ी बाजार में शारदीय नवरात्रि के इस पर्व के मौके पर माता के भव्य स्वरूप के दर्शन तथा देवभूमि उत्तराखंड की मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति के साथ मां भगवती का तीसवां महा भव्य विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे ज्योति ठाकुर लखनऊ, कीर्ति पांडेय कानपुर,कुमार सोनू लखनऊ सहित अन्य कलाकारों ने भक्ती कार्यक्रम प्रस्तुत करते रहे। और भव्य आरती भी की गयी। पूरी रात हुये जयकारों से इलाका गूंज उठा। जिसमें भारी संख्या में दर्शन करने महिलाओं के हुजूम के साथ साथ चाचा गिरजा शंकर गुप्ता जगदम्बा सोनी,विनोद सोनी,सुरेश, अशोक सोनी, सत्यनारायण बनवारी सोनी संतोष सोनी,संजय सोनी, रज्जू सोनी,मनोज अनिल गुप्ता अभय सोनी अदित्य गुप्ता नंद किशोर सोनी सहित दीवान जयनारायण,शैलेश यादव,पंकज राठौर, धीरेन्द्र सिंह सिपाही व महिला सिपाहियों के साथ भारी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### रुपये के लेनदेन को लेकर युवक से मारपीट

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। रुपयों के लेन देन को लेकर चार लोगों ने मिलकर युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी ह्रदेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका गांव के ही युवकों से लेनदेन था। वह गांव के मंगल सिंह, आलोक कुमार, शिवम कुमार से अपने रुपये मांग रहा था। उन्होंने रुपये तो दिए नही उल्टा उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उन्होंने व उनके साथी मुन्ना निवासी चौरसी ने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आईं हैं। मारपीट के बाद चारों आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### साबित गंज में चला बिजली चेंकिग अभियान



- व्यापार मंडल नें मौके पर पहुंच कर अधीक्षण अभियंता से की वार्ता, निर्दोष व्यापारियों पर न हो कार्रवाई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को शहर के साबित गंज क्षेत्र में अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार गौड़ के नेतृत्व में चार पांच टीमों के साथ छापेमारी की जिससे व्यापारियों एंव स्थानीय निवासियों में हड़कंप मच गया, सूचना पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे, और अधीक्षण अभियंता से बात की,व्यापारी नेताओं नें कहा कि विभाग की टीम घरों में न घुसे, मीटर घर के बाहर लगे हैं, हर व्यक्ति चोर नहीं है विभाग को यह नजरिया बदलना पड़ेगा, लाइनें जर्जर हैं, आये दिन फाल्ट होते हैं, क्षेत्र में लोड जाता है, अत यहां नये ट्रान्सफार्मर लगाये जाऐं, पदाधिकारियों मे प्रमुख रूप से उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्र भारद्वाज, मीडिया प्रभारी इश्तयाक कुरैशी, जिला सचिव सहित तमाम व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## ट्रामा सेंटर शुरू करने के लिए भाकियू का प्रदर्शन



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जैदपुर चौराहे से दर्जनो भाकियू भानू के कार्यकर्ताओ द्वारा बाराबंकी शहर स्थित गन्ना दफ्तर के लिए भारी हुंकार भरते हुए रवाना हुए,ट्रामा सेंटर को शुरू कराने की मांग की गयी है ।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना चौराहा से दर्जनो की संख्या मे भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओ ने जोरदार नारेबाजी करते हुए बाराबंकी शहर स्थित गन्ना दफ्तर के लिए रवाना हुए। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी ने बताया कि बाराबंकी शहर स्थित ट्रामा सेंटर को चालू नहीं कराया गया है। जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था बेहद खराब है ।उन्होने कहाकि आज ट्रामा सेंटर को शुरू करने को लेकर गन्ना दफ्तर में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा ।जिस संबंध में संबंधित को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

## जन-समस्याओं का त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- पारिजात सभागार सिरौली गौसपुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

शनिवार को तहसील सिरौली गौसपुर के पारिजात सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र लेकर आने वाले शिकायतकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी ने सुना और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। जिलाधिकारी ने जन-समस्याओं की सुनवाई के दौरान अधिकारियों से यह भी कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के सख्त निर्देश है कि भूमि विवाद के मामलों को शीघ्रता के साथ निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के मामले में निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ताओ से संपर्क स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित कर ले कि उनकी समस्या का उचित निस्तारण हुआ है या नहीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 74 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।

राजस्व विभाग से संबंधित कुल 14 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, पुलिस विभाग से संबंधित 14 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 26 प्रार्थना पत्र, पूर्ति विभाग से 7 प्रार्थना पत्र, शिक्षा विभाग से 4 प्रार्थना पत्र, प्रोवेशन विभाग से 2 प्रार्थना पत्र, डीआरडीए विभाग से 1 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से 1 प्रार्थना पत्र, डीसी मनरेगा विभाग से 1 प्रार्थना पत्र, डीपीआरओ विभाग से 2 प्रार्थना पत्र, लोकनिर्माण विभाग से 1, व अन्य समस्या का 1 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें से 4 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर, श्रीमती प्रीति सिंह, तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश त्रिपाठी सहित प्रोवेशन, समाज कल्याण सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रदेशाध्यक्ष ने किया भाजपा कार्यालय का भूमि पूजन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



- एक वर्ष में बनकर तैयार हो जायेगा भाजपा कार्यालय : भूपेंद्र चौधरी

शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर जालौन रोड पर जिला भाजपा कार्यालय भवन का वैदिक रीति रिवाज के साथ विधि-विधान से भूमि पूजन किया।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद में नए भाजपा कार्यालय की बीते कई वर्षो से लगातार मांग की जा रही थी। भाजपा कार्यालय बनाने की आज से शुरूआत हो चुकी है और यह लगभग एक वर्ष में पूरी तरह तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय बनने की देखरेख के लिए टीम बनाई गई है जो भाजपा जिलाध्यक्ष की देखरेख में काम करेगी और जहां पर भी जरूरत होगी वहां अपनी सलाह देगी। इस दौरान कानपुर बुंदेलखंड प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला प्रभारी अशोक जाटव, उरई विधायक गौरी शंकर वर्मा मूलचंद्र निरंजन माधौगढ़ विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, अनिल यादव, संजीव उपाध्याय ब्रज भूषण सिंह, उदयन पालीवाल, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेंगर जिला पंचायत सदस्य, शक्ति गहोई, मनोज यादव के साथ सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर 4 महीने पर जारी होने वाली ?2000 की किस्त आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाशिम महाराष्ट्र से इस योजना की 18वीं किस्त सिंगल क्लिक के माध्यम से हमारे देश के सभी किसानों को ट्रांसफर की गई।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मुझे प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की 18वीं किस्त जारी करने का अवसर प्राप्त हुआ है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार देश के किसानों को दोहरा लाभ प्रदान कर रही है। किसानों के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फसल बीमा योजना एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन योजना का लाभ सीधे किसानों को मिल रहा है।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी कर्मचारी एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

## माउण्ट लिट्रा जी स्कूल इटावा के जगजोत सिंह ने पाया प्रथम स्थान



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, इटावा के प्रतिभाशाली छात्र जगजोत सिंह ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कानपुर में आयोजित मंडल स्तरीय कला उत्सव में अपनी बेहतरीन तबला वादन की प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कानपुर मंडल के विभिन्न जिलों से आए अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी अपने-अपने जिले की प्रतियोगिता के विजेता थे। इस शानदार प्रदर्शन के बाद अब जगजोत सिंह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जगजोत ने पहले भी कई स्थानीय और अन्य स्तर की प्रतियोगिताओं में विजय हासिल की है। यह उनके लिए एक और बड़ा अवसर है जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। ानपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में जगजोत को संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। यह जगजोत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनके माता-पिता तथा स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ. विकास यादव, प्रिंसिपल पंकज शर्मा और स्कूल के अन्य सभी पदाधिकारियों ने जगजोत को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन और जीत के लिए हार्दिक बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं।



## ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा मां शारदा का सजा दरबार

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।** सारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर भर में जहां मां का दरबार सजा हुआ है। वही वही बच्चों की स्कूल की छुट्टियों के साथ ही कई सांस्कृतिक गतिविधियां भी मां के पंडाल में हो रही हैं। गोरखपुर के सहारा स्टेट आवासीय कॉलोनी में नवरात्रि के अवसर पर मां का दरबार सजा हुआ है जहां सुबह-शाम मां की आरती के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है वही विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा कई प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां भी की जा रही है इस क्रम में फर्स्ट फुटप्रिंट किंडर गार्डन स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने आज ड्राइंग कंपटीशन में हिस्सा लेकर विभिन्न कलाकृतियों में रंग भरा। कार्यक्रम की संयोजक निधि त्रिपाठी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शारदीय नवरात्र में बच्चों को सामुदायिक लोकरंग एवं भारतीय संस्कृति त्योहार से परिचित कराने हेतु इस तरह के आयोजन किए जाते हैं जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे बच्चियों विभिन्न प्रकार की कंपटीशन प्रतियोगिताओं में शामिल होने के साथ एक दूसरे से घुल मिलकर त्यौहार का आनंद उठाते हैं। उन्होंने कहा कि नन्हे बच्चों का आज प्रथम कंपटीशन है। कल से गायन वाद विवाद प्रतियोगिता समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। और सभी प्रतियोगिताओं का रिजल्ट नवरात्र के अंतिम दिन जारी किया जाएगा जिसमें बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

## चालीस पार की चार महिलाएं 1350 किमी साइकिल से दर्शन करने पहुंचीं अयोध्या

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



महाराष्ट्र पुलिस की एक महिला हेड कांस्टेबल, एक होमियोपैथी चिकित्सक और दो गृहणियों समेत चालीस पार की चार महिलाएं 1350 किलोमीटर साइकिल चलाकर चौदह दिनों में अयोध्या पहुंचीं और श्रीराम लला का दर्शन पूजन किया। चिप्पलून, रत्नागिरि महाराष्ट्र की इन साइकिल यात्रियों ने पूना के तुलसीबाग स्थित पेशवा कालीन मन्दिर से पूजन अर्चन करके 21 सितम्बर को अयोध्या के लिए प्रस्थान किया।इसमें ज्योति परांजपे गृहणी 59 वर्ष,रमा कर्मारकर हेड कांस्टेबल महाराष्ट्र पुलिस 47 वर्ष,डा.अश्वनी गणपत्ये होम्योपैथी चिकित्सक 45 वर्ष तथा धनश्री गोखले गृहणी 40 वर्ष शामिल हैं। रवाना होने के बाद रास्ते की सारी जिम्मेदारी विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने संभाली।वैसे महिलाओं की टोली के साथ बसंत जोशी और जयन्त केलकर सपोर्ट टीम के रूप में थे।महाराष्ट्र से निकलकर मध्य प्रदेश में महेश्वर,उज्जैन,इंदौर यूपी में झांसी,कालपी और लखनऊ होते हुए रोज बारह घंटे सौ से डेढ़ सौ किमी साइकिल चलाकर अयोध्या पहुंचीं और श्रीराम लला का दर्शन किया।आज सुबह साइकिल यात्री ये महिलाएं कारसेवक पुरम पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय से मिलीं।

# माता सीता की भूमिका में रिया व राजा दशरथ की भूमिका में नजर आएंगे रिंकू

- करीब पचास करोड़ से ज्यादा राम भक्त देखेंगे इस बार अयोध्या की रामलीला

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



देश की नामचीन रामलीलाओं में अपनी अमिट छाप बना चुकी अयोध्या की रामलीला को इस बार दुनिया के कोने कोने से करीब पचास करोड़ से ज्यादा राम भक्त देखेंगे। अयोध्या की रामलीला में माता सीता का किरदार निभाने आईं मिस यूनिवर्स रिया सिंघा ने कहा कि अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है जिसमें मुझे माता सीता का किरदार निभाने का अवसर मिल रहा है,जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है।इसके लिए मैं अयोध्या वासियों का धन्यवाद करती हूं।

रामनगरी में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अयोध्या की रामलीला के फाउंडर अध्यक्ष (सुभाष मालिक)और महासचिव (शुभम मलिक) ने संयुक्त रूप से बताया कि आज मिस यूनिवर्स रिया सिंघा मां सीता के भूमिका के किरदार में नजर आएंगी। मिस यूनिवर्स रिया सिंघा ने कहा कि मैं अध्यक्ष सुभाष मलिक और महासचिव शुभम मलिक का धन्यवाद ज्ञापित करती हूं, जिनकी वजह से मुझे भगवान श्री राम की जन्मभूमि मे माता सीता का किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है।उन्होंने कहा कि आज अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बन चुकी है।अध्यक्ष सुभाष मलिक ने कहा कि प्रभु श्री रामलला के आशीर्वाद तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के शुभाशीष से विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बन चुकी अयोध्या की रामलीला की शुरुआत हुई है जिसमें मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीन कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर के साथ रामनगरी के पूज्यनीय साधु संतों का निरंतर आशीर्वाद मिल रहा है।उन्होंने बताया कि इस बार अयोध्या की रामलीला में बड़े बड़े फिल्म स्टार रामायण के पात्रों का किरदार निभाते नजर आएंगे।इसमें रिंकु राजा दशरथ जी की भूमिका में, प्रतिभा सुमित्रा जी की भूमिका में,मुंबई के अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह श्रवण कुमार जी की भूमिका में,हरियाणा से जोड़िंदर हासी तड़का की भूमिका में,राम मिश्रा जी विश्वामित्र जी की भूमिका में तथा हरियाणा फतेहाबाद के मोनू मान गुरु वशिष्ठ जी की भूमिका में नजर आएंगे।श्री मलिक ने रामनगरी के साथ विश्व और देश भर के लोगों से विश्व की सबसे बड़ी अयोध्या की रामलीला देखने तथा अपना स्नेह प्रदान करने का आह्वान किया है।


### सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम ALOK KUMAR TOMAR व जन्मतिथि 01.10.2005 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम ALOK KUMAR व जन्मतिथि 10.10.2005 है। संतोष कुमार पुत्र श्री प्रयाग सिंह, Army No-10405086Y, रैंक, सेवानिवृत्त (SEP), 114 INF BN (TA) जाट रेजीमेंट बरेली, निवासी ग्राम-नौगवां कैण्ट, फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।

### सूचना

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2020 का अनुक्रमांक 1321403 है, जिसकी मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गयी है। जिस किसी को यह दस्तावेज मिले तो इस नम्बर 9569281966 पर सूचना दें।
**शिवांगी पुत्री गिरीश चन्द्र निवासी वार्ड-2 टिकुरियन शमशाबाद, बाजिदपुर, जनपद फर्रुखाबाद।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत नेकपुर खुर्द विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकः पंचम राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 — दिनांक 05/10/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नेकपुर खुर्द विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 06/10/2024 से दिनांक 12/10/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 12/10/2024 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय नेकपुर खुर्द में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 06/10/2024 से दिनांक 12/10/2024 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | स्थान | सामग्री लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा शुल्क | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन में फालसीलिंग, शौचालय निर्माण व रंगाई पुताई का कार्य | नेकपुर खुर्द | 1.39 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | एक माह |
| 2 | पंचायत भवन में इंटरलाकिंग कार्य | नेकपुर खुर्द | 2.85 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | एक माह |
| 3 | गया प्रसाद के घर से हरिश्चन्द्र के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | नेकपुर खुर्द | 0.94 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | एक माह |
| 4 | चन्द्रभान के घर से ब्रह्मानंद के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | नेकपुर खुर्द | 1.16 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | एक माह |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (देवेन्द्र कुमार) — ग्राम पंचायत नेकपुर खुर्द, विकास खण्ड बढ़पुर — सचिव (स्वेता)

# बंदरों के खौफ से निजात दिलाने की मांग

- अधिवक्ताओं ने तहसील कर्मियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए की शिकायत
- समाधान दिवस में 123 शिकायतों में सात का हुआ निस्तारण

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**



एडीएम से शिकायत रखते न्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारी

अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपने शिकायतें अफसरों के सामने रखी। अधिकांश मामले जमीनों पर अवैध कब्जे से सम्बन्धित थे। इस दौरान 123 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखीं। इनमें महज सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए अफसरों ने संबंधित अधिकारियों को भेजकर निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील समाधान दिवस के दौरान तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के सेमपुर गांव के करीब आधा सैकडा ग्रामीण तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने अफसरों के सामने फरियाद रखी। कहा कि गांव में बंदरो का आतंक है। आवारा बंदर प्रतिदिन किसी न किसी पर हमला कर उन्हे काट रहे है। बंदरो के हमले में बच्चे व महिलाएं सबसे अधिक शिकार हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होने वन विभाग के अफसरों को भी सूचना दी थी। पर कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों की इस शिकायत पर एडीएम ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही वन विभाग की टीम गांव पहुंचेगी। समाधान दिवस में न्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एडीएम को 15 सूत्रीय ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि तहसील में विभिन्न पटलों पर तैनात कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं करते हैं। अधिवक्ताओं के साथ भी दुव्यवहार करते हैं। इसकी शिकायत जब एसडीएम व तहसीलदार से की जाती है, तो भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसी तरह से लेखपाल भी समय से कोई रिपोर्ट नहीं लगाते है। जिससे तमाम मुकदमे लंबित पड़े है। वकीलों के प्रतिनिधि मण्डल में संरक्षक नीरज त्रिपाठी, अध्यक्ष दीपू यादव एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह, अविनाश श्रीवास्तव, अखिलेश राजपूत सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# व्यापार में मेहनत एवं ईमानदारी से मिलती सफलता



फीता काटकर शुभारंभ करते पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी।

- पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया सीएनजी बाइक का शुभारंभ

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के साथ फीता काटकर सीएनजी बाइक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी को ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इससे व्यापार में सफलता मिलती है। शनिवार को फर्रूखाबाद रोड स्थित अलकरमा बाइक एजेंसी में पहली बार आई सीएनजी बाइक एवं इलेक्ट्रॉनिक बजाज स्कूटर को लॉन्च करने के उपरांत पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि अपने क्षेत्र में सीएनजी बाइक की बिक्री से लोगों को फायदा मिलेगा। कम खर्चे में दूर तक की यात्रा कर सकेंगे। जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हमारा नगर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जो कि हम सभी के लिए गर्व की बात है। इससे पहले एजेंसी संचालक सैयद अहमद उसैब ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी एवं भाकियू जिला अध्यक्ष शमीम सिद्दीकी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि बजाज फ्रीडम सीएनजी बाइक 02 लीटर गैस में 200 से अधिक का एवरेज देगी। इसकी कीमत लगभग 1,28000 है। बजाज स्कूटर इलेक्ट्रॉनिक की बैटरी एक बार चार्ज कर ली जाए। तो वह लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसकी कीमत लगभग 1,10000 रुपये है। इस मौके पर ध्यानेंद्र सिंह, पूर्व सभासद नफीस खान, इमरान, तनवीर आदि मौजूद रहे।

# मां भगवती के पंडालों में उमड़ रहा जनसैलाब

- कस्बे में दो स्थानों पर आयोजित हो रहे दुर्गा महोत्सव
- रामजानकी ठाकुर द्वारा व अन्नपूर्णा नगर में चल रहे कार्यक्रम

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**



रामजानकी ठाकुरद्वारा में मां भगवती की आरती उतारते श्रद्धालु

कस्बे में दो स्थानों पर पर शरदीय नवरात्र के पावन पर्व मां भगवती की नौ स्वरूपों की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। दो स्थानों पर सायंकालीन बेला में मां भगवती की दिव्य महाआरती का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। कस्बे के रामजानकी ठाकुर में नवयुवक जनसेवा समिति द्वारा 49वें दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दोपहर के समय वृंदावन से पधारे आचार्य के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाता है। सायंकालीन 08 बजे मां भगवती की महादिव्य आरती में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल होकर मानव कल्याण के लिए कामना करते है। इसके अलावा कस्बे के अन्नपूर्णा नगर मोहल्ले में मां अन्नपूर्णा नवदुर्गा कमेटी के तत्वाधान में 13वें दुर्गा महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया जा रहा है। जिसमें दूसरे दिन की महादिव्य आरती में कमेटी के श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मां भगवती की आरती उतारी।

# कस्बे में नवमी व दशमी को निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में नवमी व दशमी को दो स्थानों से मां भगवती की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए दोनो समितियों के पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। शोभायात्रा में कई मण्डलों ने शामिल होकर बच्चे भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगें। कस्बे में दो स्थानों पर चल रहे दुर्गा महोत्सव में नवमी व दशमी को दो दिन में भगवती की विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। पहली शोभायात्रा नवमी को नवयुवक जनसेवा समिति के तत्वाधान में रामलीला मैदान से शुरू होकर सर्राफा मार्केट होते हुए यात्रा मां अन्नपूर्णा मंदिर तक प्रस्थान करेगी। इस यात्रा में करीब नौ मण्डल शामिल है। जिसमें डण्डा मण्डल, डांडिया मण्डल, गरबा डांडिया मण्डल, वीर जवान मण्डल के अलावा कई बाहर प्रान्त से भी मण्डल शामिल होगें। दूसरी शोभायात्रा 13 अक्टूबर को मां अन्नपूर्णा नवदुर्गा कमेटी के तत्वाधान में निकाली जाएगी। यह यात्रा मां अन्नपूर्णा मंदिर से शुरू होकर मां भद्रकाली के दरबार खैरनगर रोड तक जाएगी। इस शोभायात्रा में करीब सात मण्डल शामिल होगें। इसके अलावा बाहरी जनपदों से आ रहे कलाकार शोभायात्रा को भव्य बनाएं। शोभायात्रा के लिए दोनो समितियों ने प्रशासन से अनुमति भी ले ली है।

# भूमाफिया स्कूल की जमीन को बेचने का कर रहे काम

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर किया गया पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया एवं छिबरामऊ नगर में बड़े पैमाने पर भूमाफिया नगर के एक शिक्षा के मंदिर की जमीन को बेचने के काम कर रहे हैं और बड़ी-बड़ी जमीनों का कब्जाने का काम कर रहे हैं इन कार्यों से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है किसानों को सरकार खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता बिल्कुल तैयार बैठी है बैठक संचालन किया।

आदिल परवेज इस मौके पर उमेश पाल बजरंग सिंह चौहान अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी हिमांशु यादव धीरज कटेरिया अनुराग वाजपेई अर्पित शुक्ला विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल अमन खान तस्लीम वारसी विवेक यादव हृदय नारायण दुबे साकेत जाटव कासू मंसूरी रोहित पाल सुनील पाल सहित सैकड़ो सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर ली शपथ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर शपथ ग्रहण की। शनिवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ हेमेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में बढ़ती हुई मृतकों की संख्या एक चिंतनीय विषय है। जिसमें कमी लाया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। जनमानस को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करके एवं उनके पालन के प्रति संवेदनशील बनाकर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए प्रो. डॉ. ओजेर अजीज राजकीय महाविद्यालय छिबरामऊ द्वारा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ.सुशील कुमार द्वारा समस्त स्टाफ़ एवं छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

# नवरात्र के तृतीय दिन हुई मां चन्द्रघंटा की पूजा-अर्चना

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



नवरात्रि के तीसरे दिन मां के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की घर व मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। माता चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र बना हुआ है। जिस वजह से भक्त मां को चंद्रघंटा कहते हैं। ऐसा माना जाता है कि मां ने अपने भक्तों के दुखों को दूर करने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा रखा हुआ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चंद्रघंटा को राक्षसों की वध करने वाली माता भी कहा जाता है। शनिवार को शारदीय नवरात्र के तृतीय दिवस पर मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। भारी संख्या में भक्त एकजुट होकर पूजा की थाली के साथ मां चंद्रघंटा की पूजा करने के लिए पहुंचे। मंदिरों व घरों में महामाई की पूजा अर्चना का दौर देर रात्रि तक चलता रहा। भक्तों ने सुख, शांति, समृद्धि, यश, कीर्ति, धन, वैभव के लिए दिन भर मां भगवती की तृतीय शक्ति चंद्रघंटा का व्रत रखकर आराधना की। नगर के जीटी रोड स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर, आजाद नगर स्थित प्राचीन मां काली मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर, रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर, तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर, चकोर गली स्थित पशुपतिनाथ मंदिर सहित नगर व क्षेत्र के मंदिरों व घरों में भक्तों ने मां भगवती की आरती वंदना की। पालिका प्रशासन के द्वारा मंदिरों के आसपास नित्य प्रति सफाई करवा कर चूना डलवाया जा रहा है। जबकि कोतवाल आलोक कुमार दुबे, कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भ्रमण करते रहे।

# युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जमीन के विवाद को लेकर युवक को चार लोगों ने घर में घुसकर गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी चंद्रशेखर पुत्र वेद प्रकाश ने कहा कि 28 सितंबर की शाम लगभग 07.30 बजे जमीन के विवाद को लेकर हरिओम, हरिकिशन, महेंद्र, सोनू ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर घर में घुस कर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कंटेनर की टक्कर से पुत्री की मौत, पिता-पुत्र घायल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

- ठठिया के विशिष्ट मंडी के निकट हुआ हादसा
- पुलिस ने घटना को अंजाम देकर भाग रहे कंटेनर का पकड़ा

ठठिया के विशिष्ट मंडी के निकट शनिवार को एक तेज रफ्तार कंटेनर ने एक मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड पर सवार पुत्री की मौत हो गई। पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुत्री के शव को मेडिकल कॉलेज के मोर्चरी में रखवा दिया गया है। कानपुर नगर जनपद के ककवन थाना क्षेत्र के ऐमा गांव निवासी रामकुमार अपनी 13 वर्षीय पुत्री ज्योति व 10 वर्षीय पुत्र सत्यम को मोपेड पर बैठाकर जा रहे थे। जब वह ठठिया के विशिष्ठ मंडी के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनके मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होते ही आसपास के लोगो की भीड़ लग गई। सूचना पर ठठिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस तीनों को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में लेकर आई। यहां उपचार से पहले ही डॉक्टरों ने ज्योति को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक पुत्री के शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। घायल रामकुमार व पुत्र सत्यम का इमरजेंसी वार्ड में उपचार चल रहा है। उधर घटना को अंजाम देकर भाग रहे कंटेनर चालक को ठठिया पुलिस ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा के पास पकड लिया है।

## किसानों को शाकभाजी बीज वितरण मेला आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** उद्यान विभाग द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया पर्यावरणीय उद्यान एवं पार्क मानपुर में कृषकों को शाकभाजी बीज वितरण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें शासन से इम्पैनल्ड विभिन्न शाकभाजी बीज निर्माता कम्पनियों के द्वारा स्टाल लगाएं गए। विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास की योजना (राज्य सेक्टर) एवं गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में औद्यानिक विकास योजना के अन्तर्गत पंजीकृत कृषकों को प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर 125 चयनित कृषकों कों उन्नति प्रजाति के शाकभाजी बीज जिला विकास अधिकारी एन.डी. द्विवेदी एवं जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी द्वारा संयुक्त रूप से कृषकों को नि:शुल्क वितरित किया गया। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने मेले में आए हुए कृषकों को योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कृषकों की आय दोगुनी करने पर जोर दिया। साथ ही कृषकों को परम्परागत खेती के स्थान पर नवीनतम तकनीकी से खेती करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान उद्यान विभाग से समस्त क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व सदर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा 12 कृषकों को संकर टमाटर, फूलगोभी, शिमला मिर्च, पातगोभी, बैगन एवं मसाला मिर्च आदि की विभिन्न प्रजातियों के शाकभाजी उन्नति प्रजाति के बीजों का नि:शुल्क वितरण किया गया।

# छात्र-छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत शहर के काजी टोला स्थित मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा छात्र- छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि पैदल चलने वालों को सड़क पर कहां पर चलना चाहिए। सड़क को ग्रीन क्रॉस कोड के अंतर्गत क्रॉस करना चाहिए। हेलमेट लगाना क्यों जरूरी है? सीट बेल्ट न लगाने से क्या होता है? डोरिंग एक्सीडेंट से बचने के उपाय क्या है? जिसमें दूर हाथ विधि का प्रयोग किस तरह से किया जाता है। दो पहिया वाहनों पर दो ही व्यक्ति बैठने चाहिए। यदि तीसरा व्यक्ति बैठता है तो चालान कर दिया जाता है। ऐसा क्यों होता है? आपातकालीन वाहनों की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए प्रभारी द्वारा बताया कि आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने पर दस हज़ार रुपए का जुर्माना किया जा सकता है। स्कूल के छात्र एवं छात्राओं से यातायात नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण सवाल पूछे गए। जिसमें रोशनी, दिव्यांशी और फय्याज द्वारा पूछे गए सवालों के सही जवाब दिए गए। सवालों के सही जबाब देने बाले छात्र- छात्राओं को यातायात पुलिस द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी धनीराम वर्मा सहित आदि रहे।

# मॉडल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कन्नौज का रहा दबदबा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



मॉडल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता जीतकर कन्नौज जनपद का नाम रोशन किया है। आप सभी को बताते चले मॉडल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 बालक वर्ग ( जिसमे 6 खिलाड़ियों मे चार खिलाड़ियों ने और सिटी मानटेसरी गुरसहायगंज से एक विद्यार्थी तथा आकाश एजुकेशन के एक विद्यार्थी) ने जो रंग जमाया है वो काफी दिनों तक नहीं भूला नहीं जायेगा बहुत सुन्दर खेल दिखाते हुए तेजतर्रार इटावा की टीम को लगातार दोनों सेट बिल्कुल जनपद स्तरीय प्रतियोगिता कि भांति हराकर खिताब हासिल किया अंडर 19 की टीम ( जिसमे 6 खिलाड़ियों मे 3 राजकीय इंटर कॉलेज समधन के , 2 आकाश एजुकेशन के एवं एक खिलाड़ी चौधरी कृपाल सिंह बिरौली / एक खिलाड़ी बाबा हरिपुरी कसावा ) द्वारा लाजवाब प्रदर्शन किया गया। कन्नौज जनपद की वॉलीबॉल अंडर 19 बालक वर्ग की टीम ने मण्डल स्तरीय वॉलीबॉल. प्रतियोगिता मे जनपद औरैय्या और अंडर 17 बालक वर्ग की टीम ने जनपद इटावा को हराकर मॉडल विजेता का खिताब अपने नाम किया। कन्नौज की दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों जनपद की टीम को क्रमशः 3-1, एवं 2-0 के अंतर से हराया। जनपद की ओर से टीम कोच फैज़ सिद्दीकी और लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि इसके बाद ये विजेता बच्चे प्रदेशीय वॉलीबॉल हेतु राजकीय इंटर कॉलेज बरेली खेलने के लिए जायेंगे। दोनों ही विजयी टीमों को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह, जनपद नोडल अजय कुमार यादव, क्रीड़ा सचिव सुनील यादव, राजकीय इंटर कॉलेज समधन के प्रधानाचार्य आशीष कुमार शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रदेशीय वॉलीबाल प्रतियोगिता बरेली मे बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाये दी।

# एक दिन की डीएम बनी छात्राओं ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



फरियादियों को समस्याएं सुनती एक दिन की डीएम बनी शांभवी मिश्रा

छात्रा साम्भवी मिश्रा व मुस्कान ने संपूर्ण समाधान दिवस में सांकेतिक रूप में एक दिन की जिलाधिकारी की भूमिका का निर्वहन किया।

मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-05 के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के उपलक्ष्य में संपूर्ण समाधान दिवस में एक दिन की जिलाधिकारी नायिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की पहल पर सुशीला देवी इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट 96.4 प्रतिशत अंक से पास छात्रा शांभवी मिश्रा एवं एसएसपी इंटर कॉलेज तिर्वा से इंटरमीडिएट 96.2 प्रतिशत अंक से पास छात्रा मुस्कान ने प्रतीकात्मक रूप से जनपद की कमान संभाली और लोगों की समस्याओं को सुनते हुए किस प्रकार से जिलाधिकारी के पद का निर्वहन किया जाता इसकी सीख ली। प्रतीकात्मक रूप से बनी एक दिन की जिलाधिकारी शांभवी मिश्रा ने कहा कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करके अधिकारी बनना चाहती है। उसके पिताजी कोर्ट में कर्मचारी हैं। तो वही प्रतिक्रात्मक रूप से बनी एक दिन की जिलाधिकारी मुस्कान ने कहा कि उसके पिता एक किसान है। और वह भविष्य में एक डॉक्टर बन के अपने पिता का नाम रोशन करना चाहती है। आज प्रतीकात्मक रूप से इस पद पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। और इससे बाकी छात्रों को भी सीख लेने की जरूरत है और शिक्षा के महत्व को बताते हुए इसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, विद्युत कनेक्शन, भूमि विवाद, शौचालय, वृद्धा/ दिव्यांग/ निराश्रित महिला पेंशन आदि से संबंधित लोगो की समस्याएं सुनने के पश्चात अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों द्वारा जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय में किया जाएं। तहसील सदर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 245 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित किया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके जाटव, उप जिलाधिकारी सदर रामकेश सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र द्विवेदी, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# व्यापार में कड़ी मेहनत व ईमानदारी से मिलती है सफलताः उसैब अहमद

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के साथ फीता काटकर एजेंसी पर बाइक लॉन्च की। इस दौरान उन्होंने कहा कि व्यापारी को ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करनी चाहिए जिससे व्यापार में सफलता मिलती है।

शनिवार को फर्रूखाबाद रोड रामगंज स्थित अलकरमाह बाइक एजेंसी पर पहली बार आई सीएनजी बाइक एवं इलेक्ट्रॉनिक बजाज स्कूटर को लॉन्च करने के उपरांत पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि अपने क्षेत्र में सीएनजी बाइक की बिक्री से लोगों को फायदा मिलेगा कम खर्चे में दूर तक की यात्रा कर सकेंगे भाकियू के जिलाअध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हमारा नगर अग्रणी भूमिका निभा रहा है जो कि हम सभी के लिए गर्व की बात है इससे पहले एजेंसी संचालक सैय्यद उसैब अहमद ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी एवं जिला अध्यक्ष समीम सिद्दीकी का स्वागत किया उन्होंने जानकारी देते हो बताया कि बजाज फ्रीडम सीएनजी बाइक 2 लीटर गैस में 200 से अधिक का एवरेज देगी इसकी कीमत लगभग 128000 है बजाज स्कूटर इलेक्ट्रॉनिक की बैटरी एक बार चार्ज कर ली जाए तो वह लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय करेगी इसकी कीमत लगभग 110000 रुपए है कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाक्टर ध्यानेंद्र सिंह, पूर्व सभासद नफीस खान, इमरान, पीला, मोहम्मद तनवीर, राजा खां, मिन्हाज खां, अकरम मो0 आदि लोग मौजूद रहे।

## बेटी को दवा दिलाने जा रहा था पिता

**तिर्वा।** मेडिकल कॉलेज के इमजरेंसी वार्ड में भर्ती घायल रामकुमार ने बताया कि पुत्री ज्योति पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। उसकी दवा लेने के लिए ही वह कन्नौज जा रहे थे। उसके पुत्र को भी ठठिया में कुछ काम था, इसलिए तीनों मोपेड पर सवार होकर जा रहे थे। विशिष्ठ मंडी के निकट वह हादसे का शिकार हो गए।

# खंडहर में पड़ा मिला बालक का शव, हत्या की आशंका

> फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जुटाये साक्ष्य, एसओजी भी पहुंची

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


रोते बिलखते मृतक के परिजन

बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के खंडहर में 5 वर्षीय बालक का शव मिलने से गांव में सन्नाटा पसर गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी राजू कुमार का 05 वर्षीय पुत्र आसू कुमार जो कि पड़ोस के गांव नया नगला के एक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था। परिजनों के बताए मुताबिक मृतक छात्र का पिता बाहर कहीं मेहनत मजदूरी करता है। जो 15 दिन पूर्व घर से गया हुआ था। वहीं छात्र बीते दिन 2.00 बजे घर से ट्यूशन जाने के लिए निकला। जो घर वापस नहीं आया। तब परिजनों को उसकी चिंता सताई और परिजन खोजबीन में जुट गये। परिजन व पूरा गांव एकत्र होकर बालक की खजबीन में जुट गये, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चला। तब गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। वहीं गांव के लोगों ने बालक के अपहरण की भी आशंका जताई। कुछ पता न चलने पर परिजनों ने सूचना 112 पुलिस को दी। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस जैसे ही गांव में पहुंची, वैसे ही सभी ग्रामीण रात के अंधेरे में पुलिस के पास पहुंच गए, तभी परिजनों के बताएं अनुसार एक धमाके की आवाज आई। जिस पर परिजन उस आहट की ओर दौड़े। तब जाकर देखा कि गांव के ही निवासी पड़ोसी परशुराम के घर के पीछे पुराने घर के खंडहर में खड़ी झाड़ियों में शव परशुराम ने देखा और लोगों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजनों के एकदम होश उड़ गए और चीख पुकार मच गई, तभी डायल 112 की पुलिस ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष बलराज भाटी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। जिस पर क्षेत्राधिकार मोहम्मदाबाद अरुण कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम सहित कई टीमों को मौके पर बुला लिया गया और मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी। सूचना के आधार पर मृतक बालक के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भिजवा दिया गया। वहीं थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीक होता है।

हो सकता है कि बालक झाड़ियों में चला गया हो और किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया हो। जिससे बालक की मौत हो गई हो, लेकिन वहीं ग्रामीण मृतक की हत्या की आशंका जाता रहे हैं। मृतक बालक तीन भाई बहन था। जिसमें मृतक की बहन छाया सबसे बड़ी थी। मृतक आशू कुमार छोटा था। उससे छोटा तीन माह का पुत्र था। वहीं मां रामादेवी तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# बाल मजदूरों से मजदूरी कराने की सूचना पर एएचटी टीम ने मारा छापा


छापा मारती एएचटी टीम

**शमशबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव रोशनाबाद में 25 सितंबर को पंडित दिन दयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज में निर्माणाधीन शौचालय के लिए एक बाल मजदूर किशोर को गड्ढा खोदते समय एक जहरीले सांप ने काट लिया था। मौके पर ग्रामीणों व विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद में उपचार हेतु भर्ती कर दिया गया था। जहां उपचार के बाद मजदूर किशोर को स्वस्थ होने के बाद घर भेज दिया गया था। बाल मजदूरों द्वारा कार्य करने की सूचना पर एएचटी टीम के निरीक्षक हरिनंदन ओझा ने कार्य स्थल पर छापा मारकर हकीकत परखी।

उन्हें कोई बाल मजदूर कार्य करते हुए नहीं मिला। जिसके बाद उन्होंने शौचालय का निर्माण कर रहे राजमिस्त्री और किशोर को मौके पर बुलाकर घटना की जानकारी ली। किशोर ने बताया राजमिस्त्री द्वारा मजदूरी पर बुलाया गया था और मजदूरी के रूपए भी दे दिए गए थे। जिसके बाद एएचटी टीम के निरीक्षक हरिनंदन ओझा ने राजमिस्त्री को जमकर फटकार लगाई और हिदायत दी की किसी भी किशोर को मजदूरी पर न लगाया जाए। यदि किसी बाल मजदूर से मजदूरी कराने की सूचना प्राप्त हुई, तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। चेतावनी के बाद राजमिस्त्री को हिदायत देकर छोड़ दिया गया और किशोर का रेस्क्यू करके घर भेज दिया गया। एएचटी टीम के निरीक्षक हरिनंदन ओझा ने चेतावनी देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों से मजदूरी करवाना दण्डनीय अपराध है। किसी भी किशोर से मजदूरी न करवाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी को भी बाल मजदूरों से मजदूरी की जानकारी हो तो बह उन्हें तत्काल सूचना दें।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं शिकायतें


शिकायतें सुनते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 74, पुलिस की 40, विकास विभाग की 05, विद्युत विभाग की 06 व अन्य विभागों की 25 कुल 150 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गए। इस अवसर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसीएमओ के निरीक्षण में डॉक्टर मिले नदारद, जतायी नाराजगी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


निरीक्षण के दौरान मौजूद अपर मुख्य चिकित्साधिकारी

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान कई डॉक्टर नदारद मिले। जिसपर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नाराजगी जतायी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दलवीर सिंह निरीक्षण करने हेतु पहुंचे।

जहां निरीक्षण में काउंसलर दीप माला नदारत मिलीं। वहीं डॉक्टर गौरव राजपूत भी अनुपस्थित मिले। डॉक्टर लोकेश शर्मा भी नदारत थे, लेकिन वहीं फार्मासिस्ट मरीज को देख रहे थे। चिकित्सा अधीक्षक कक्ष में मरीजों की लंबी भीड़ लगी हुई थी, लेकिन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को देखते ही वहां मौजूद स्टाफ ने चिकित्सा अधीक्षक रूम से सभी मरीजों को बाहर निकाल दिया और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपनी टीम के साथ चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय में बैठ गए और वहीं से कार्यों की समीक्षा करने लगे। जिसमें कई जानकारियां स्टाफ नहीं दे सका। तब उन्होंने फोन लगाकर अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा से जानकारी ली।

तब 11.45 बजे डॉक्टर लोकेश शर्मा पहुंचे और उनसे क्षेत्र की जानकारी जुटाई। वहीं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वह आकांक्षात्मक विलय का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण एएनएम के कार्यों का निरीक्षण करेंगे और सभी सीएचओ सेंटरों पर जाकर विधिवत निरीक्षण करेंगे।

यह बात कर वह चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा को साथ लेकर क्षेत्र में निरीक्षण के लिए निकल गए। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दलवीर सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा, डॉ. पीयूष दीक्षित साहित कई लोग उपस्थित रहे।

## दो अक्टूबर को बंद रहे विद्यालयों से मांगा स्पष्टीकरण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रपिता की जन्म जयंती के अवसर पर बंद रहे विद्यालय के शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय आठरूइया का विद्यालय 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बंद रहा था, जबकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सभी सरकारी कार्यालय, विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया था और महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को धूमधाम से मनाया गया था। साथ ही महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया था, लेकिन वहीं प्राथमिक विद्यालय अठरुइया के प्रधानाध्यापक तथा समस्त स्टाफ ने विद्यालय को बंद रखा था। जब यह जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा को हुई, तो उन्होंने वहां के शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा तथा खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बारे में उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

# बुनियादी भाषा तथा गणित पर आधारित दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षकगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खंड शिक्षा कार्यालय पर बुनियादी भाषा तथा गणित पर आधारित प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रशिक्षण एआरवी शिक्षकों द्वारा दिया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित विकास खंड कार्यालय परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर शनिवार को बुनियादी भाषा तथा गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण में जनपद के 10 विद्यालय के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। वहीं एआरपी शिक्षक बलवीर सिंह तथा बृजेश, पुष्कर ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाया और उन्होंने बताया की प्रशिक्षण का मतलब यह है कि सभी शिक्षकगण अपने-अपने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था सुधारें और निपुण लक्ष्य के तहत कार्य करें। ऐसे ही कई निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा तथा एआरपी बृजेश, पुष्कर, बलवीर सिंह ने दिए। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, एआरपी बलवीर सिंह, बृजेश, पुष्कर, शिक्षक प्रशांत कटियार, राममोहन यादव, शालिनी वर्मा, वसीम अख्तर, राजीव राजपूत, शालिग्राम गंगवार, आनंद, बृजेश गंगवार, रोहित द्विवेदी सहित भारी संख्या में शिक्षकगणों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

## खबरें एक नजर में

### बंधक बनाकर मारपीट करने में प्रधानाचार्य चचेरे भाई सहित गिरफ्तार

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को थाना मेरापुर क्षेत्र के हमीरखेड़ा स्थित बाबा श्री मौजगिरी इण्टर कालेज में बंधक बनाकर गांव के ही रामनिवास शर्मा, सौरभ शर्मा, रोहन शर्मा आदि लोगों के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपित आदित्य यादव व उनके चचेरे भाई योगेंद्र यादव को मेरापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपित आदित्य यादव कालेज के प्रधानाचार्य बताए जा रहे हैं।

### दहेज हत्या में वांछित दंपति गिरफ्तार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 146/2024 धारा-85/80(2)बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण नन्हेंलाल पुत्र सरनाम, बेबी पत्नी नन्हेंलाल निवासीगण ग्राम संतोषापुर थाना शमशाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव हरुआ निवासी ऊदल पुत्र राम खिलाड़ी बाइक द्वारा कायमगंज की ओर आ रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। वहाँ से गुजर रहे प्रधान ईश्वर दयाल, प्रतिनिधि रेखा देवी ने घायल को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### शौच करने गई युवती से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर शाम उसकी 20 वर्षीय पुत्री बैठक में बने शौचालय में शौच करने गई थी। बैठक में पहले से गांव निवासी रत्नेश शाक्य अंधेरे में बैठा था। जैसे ही युवती शौच करने लगी, तो युवक ने छेड़छाड़ कर दी। युवती के शोर मचाने पर भाई आ गया। भाई ने आरोपित युवक को पकड़ लिया। उसी समय मौके पर आरोपित के स्वजन उसे छुड़ा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### उखरा में लेखपालों से मारपीट में तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** उखरा में लेखापालों के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व में 16 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। शनिवार को थाना पुलिस नें आरोपी अविनाश कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह, सोनू उर्फ करन सिंह पुत्र स्वामी दयाल, पप्पू यादव पुत्र वीर सहाय को लेखपाल रूद्र प्रताप सिंह व सौरभ पाण्डेय के साथ मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### दौरा पड़ने से वृद्ध महिला पानी में गिरी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव शाहीपुर निवासी कर्नाल सिंह उम्र 53 वर्षीय पत्नी शैलेन्द्र सिंह खेतों की ओर शौचक्रिया करने जा रही थी। जैसे ही वह खेत पर पहुँची, तभी अचानक अधेड़ महिला को दौरा पड़ गया। जिससे वह खेत के बराह में पानी में गिर गयी और अचेत हो गयी। काफी देर बाद परिजन खेत पर पहुंचे और कर्नाल को खेत के बराह में पड़ा देख उसे पानी से बाहर निकालकर कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 जितेन्द्र कुमार ने वृद्ध महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### वाहन की टक्कर से दूधिया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव आजमनगर निवासी विपिन कुमार यादव उम्र 19 वर्षीय पुत्र दुर्वेश यादव जो की दूधिया है। आज वह साईकिल द्वारा दूध देने कायमगंज आ रहा था। ढमढेरा के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल दूधिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

# दूल्हा बने भगवान शंकर को देखने उमड़े नर नारी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


दूल्हा बने भगवान शंकर

शिव की बारात कस्बे में धूमधाम से निकाली गयी। जगह-जगह पुष्पवर्षा की गयी। इस दौरान दूल्हा बने शिव को देखने के लिए कस्बे के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

गंगापार क्षेत्र के राजेपुर एवं अमृतपुर में रामलीला का मंचन करीब 100 वर्षों से होता चला आ रहा है। अमृतपुर कस्बे की रामलीला परिषद कार्यक्रम को सद्भावनापूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर प्रसिद्ध है। इसी क्रम के चलते शनिवार को भगवान शिव की मनोरम झांकी निकाली गयी। रथ पर बैठे शिव शंकर का रूप धारण किए हुए सुरेंद्र जोशी हाथ में त्रिशूल गले में रुद्राक्ष और सांपों की माला के साथ कस्बे की गलियों में अपनी मनमोहक छटा बिखेर रहे थे। भगवान शंकर की बारात में भूत, प्रेत, नंदी बाराती बने। ढोल बाजे के साथ बारात को बाजार की गलियों में घुमाया गया। जिससे लोग दर्शन के साथ रामलीला मंचन होने वाले कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर सकें। आगामी 11 अक्टूबर से रामलीला मंचन का कार्यक्रम कमेटी द्वारा किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इस कार्यक्रम को ग्रामीणों के सहयोग से किया जाएगा।

## छात्र ने पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर की आत्महत्या



**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गिरी रामपुर निवासी जोत सिंह का 18 वर्षीय पुत्र मोहित उर्फ करन आज दोपहर लगभग 12:00 बजे अपनी मां अनेकश्री को घर से बाहर बने घेर में जाने की बात कहकर घर से निकला। काफी समय के बाद जब छात्र घर नहीं आया, तो घरवालों ने खोजबीन की। तब ग्रामीणों ने बताया कि वह खेत की तरफ गया है, तो घरवालों ने सोचा कि चारा लेने गया होगा। शाम 5 बजे अलावलपुर गांव के राहगीरों ने खेत की तरफ आए, तो उन्होंने मोहित को आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका देखा। जिसकी सूचना आनन-फानन में मृतक के परिजनों को दी। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। वह मोहम्मदाबाद के विद्यालय में कक्षा 11 में पढ़ता था। पिता भैंस का व्यापार करते हैं। मृतक नौ भाई बहन हैं। हुकुम सिंह निवासी अलावलपुर के खेत की मेड़ पर आम के पेड़ पर रस्सी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता की सूचना पर पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने शव की जांच की तथा शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हत्या के मामले में साले बहनोई सहित तीन अभियुक्तों पर दोष सिद्ध

**सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 10 अक्टूबर की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश रितिका त्यागी ने हत्या के मामले में उमेश चन्द्र पुत्र नाहर सिंह निवासी नगला कोठी बिछवा मैनपुरी, राजेश कुमार पुत्र अर्जुन सिंह यादव, सुधीर पुत्र शेर सिंह निवासीगण जिराउ कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंन्दु पर सुनवाई के लिए 10 अक्टूबर की तिथि नियत की गयी है।

बीते 21 वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम जिराउ निवासी कल्पना पत्नी बलवीर सिंह यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी पहली शादी रामभरोसे धानुक निवासी जिराउ से हुई थी। घटना से करीब 15 साल पहले मैंने रामभरोसे को छोड़कर बलवीर सिंह यादव से शादी कर ली थी और पत्नी की तरह उसके साथ रहने लगी थी। बलवीर से मुझे तीन लड़किया और एक लड़का हुआ। लड़का खत्म हो गया था। मैं बलवीर के साथ घर में रहती थी। बलवीर के घर वाले बलवीर से नाराज रहते थे। उनके परिवार के बच्चों की शादी नही हो रही थी। घटना के चार महीना पहले राजेश का तिलक मलोखर से आना था। जब उन लोगों को मालूम हुआ बलवीर ने मुझसे शादी की है तब तिलक न चढ़ाकर वह लोग वापस लौट गए।

तब से अर्जुन के लड़के मेरे पति से रंजिश मानते हैं। हम लोग उनसे सतर्क रहने लगे हैं। 8 अक्टूबर 2003 को बलवीर सुबह शौचक्रिया करने गए थे। तब मैंने देखा राजेश, सुधीर, ब्रजेश, उमेश तेजी से भागते उधर ही जा रहे थे। मुझे शक हुआ मैं अपनी लड़की के साथ बलवीर को बचाने के लिए चली। तब तक चारों लोगों ने खेत में पकड़ लिया। राजेश, उमेश ने मेरे पति को गोली मारी और मौके पर उनकी मौत हो गयी। चीखने चिल्लाने पर गांव के लोग आ गए। जिस पर हमलावर भाग गये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश, शैलेश सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिक त्यागी ने अर्जुन, राजेश, सुधीर को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 10 अक्टूबर की तिथि नियत है।

# तीसरे दिन मंदिरों में मां चंद्रघंटा की हुई पूजा अर्चना

> महिलाओं ने घरों में किये हवन यज्ञ व देवी जागरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव से मां की आराधना कर मुरादें मांगीं। पूजा अर्चना करने का क्रम पूरे दिन जारी रहा। वहीं घरों में महिलाओं ने व्रत रखकर मां की आराधना की।

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन भक्तों ने मां के तीसरे स्वरुप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। सनातन शास्त्रों में निहित है कि मां ममता की सागर हैं। उनकी महिमा निराली है। अपने भक्तों का उद्धार करती हैं और दुष्टों का संहार करती हैं। धार्मिक मत है कि शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन श्रद्धा भाव से मां चंद्रघंटा की उपासना करने से साधक की सभी मनोकामनाएं यथाशीघ्र पूर्ण होती हैं। साथ ही घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आती है। इसी क्रम में भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की। नगर के मठिया देवी मंदिर, ऐतिहासिक गुरगांव देवी मंदिर, बढ़पुर स्थित माता शीतला देवी मंदिर, भोलेपुर स्थित मैं वैष्णो देवी मंदिरों में खासी भीड़ देखी गयी। पौ फटते ही भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे। पूजा अर्चना करने का क्रम पूरे दिन चलता रहा। बज रहे घंटा घड़ियालों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। वहीं घरों में महिलाओं ने मां की आराधना कर शाम को भजन कीर्तन व देवी जागरण किये। मंदिरों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो पल-पल पर अपनी नजर बनाये रहा। वहीं बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस को महिला व पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगवानी पड़ी।

# दौड़ लगाने गये तीन किशोरों को अज्ञात वाहन ने कुचला, एक की मौत


रोते बिलखते मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार सुबह दौड़ लगाने के लिए निकले तीन किशोरों को अज्ञात वाहन नें कुचल दिया। तीनों को लोहिया अस्पताल लाया गया। जहाँ एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में ग्राम नगला पंजाब याकूतगंज निवासी राजकुमार का 14 वर्षीय पुत्र हर्ष, नीरज कुमार का 14 वर्षीय पुत्र केशव कुमार, रामवृक्ष का 15 वर्षीय पुत्र रजत फतेहगढ़-कानपुर मार्ग पर दौड़ लगा रहे थे। उसी दौरान पाल गेस्ट हाउस के पास अज्ञात वाहन ने तीनों के टक्कर मार दी। जिसमें तीनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल लोहिया भेजा। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. जय सिंह ने 14 वर्षीय हर्ष को मृत घोषित कर दिया। रजत और केशव की हालत गंभीर है। दोनों घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। मृतक हर्ष की मौत की सूचना पर परिवार में कोहरा मच गया। मृतक किशोर हर्ष के शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस सूचना भेज दी है। हर्ष की दादी किशोरी व माँ सविता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### टेंपो पलटने से दंपति घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव ललई निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी पूनम तथा अनीशा, मनीष, जान्हवी, अनीस व कार्तिक के साथ ऑटो में बैठकर कायमगंज भगवान रामचन्द्र की बारात देखने आ रहे थे। जैसे ही ग्राम रुटौल के निकट पहुँचे, तभी ऑटो अनियन्त्रित होकर पलट गया। जिसमें बैठे सुनील व उसकी पत्नी पूनम ऑटो में दब गईं। चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुँचे और पति पत्नी को ऑटो से बाहर निकाला। बाकी लोगों के छुटपुट चोटें आईं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# जनपद स्तरीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कायमगंज जोन बना विजेता

## सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरुस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का हुआ समापन


जिला चैम्पियन टीम को सम्मानित करती सीओ सिटी व डीआईओएस


रिले रेस लगाते प्रतिभागी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शनिवार को मुख्य अतिथि सीओ सिटी व जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा समापन किया गया। 67वीं जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में चल रही थी। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह द्वारा किया गया था।

प्रतियोगिता के संयोजक लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर तथा सह संयोजक कैप्टन बलविंदर सिंह तथा डॉ. नीतू मसीह ने रैली सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 270 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 8 प्रतिभागियों ने चैंपियनशिप जीती। कायमगंज जोन विजेता टीम रही। जबकि उपविजेता टीम फतेहगढ़ जोन रहा। चैंपियनशिप में सीनियर बालक वर्ग में सुशील कुमार आरपी इंटर कॉलेज, दीपक कुमार बाबा रामदीन चोखेलाल इंटर कॉलेज, जूनियर वर्ग में अनिकेत आरपी इंटर कॉलेज, अभिषेक केएसआर कम्पिल इंटर कॉलेज, सब जूनियर में अंकित राजपूत एसडी इंटर कॉलेज पहला, जबकि बालिका वर्ग में सीनियर वर्ग में रामा जीजीआईसी फतेहगढ़ तथा सब जूनियर में नैंसी तथा प्रतीक्षा रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, एनएकेपी इंटर कॉलेज, सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों के छात्राओं ने की। शनिवार को 400 मीटर दौड़ में सुनील प्रथम, सत्यम सिंह द्वितीय रहे।

5 हजार मीटर क्रास कन्ट्री दौड़ में राहुल कुमार प्रथम, श्यामसुंदर राजपूत द्वितीय रहे।

जूनियर बालिका वर्ग जैवलिंग थ्रो में मोनिका देवी प्रथम, अंजली द्वितीय रही। 400 मीटर दौड़ में रानी दीक्षित प्रथम, स्वेता रानी द्वितीय रही। सीनियर बालिका वर्ग जैवलिंग थ्रो में जूली सिंह प्रथम, रागिनी द्वितीय रही। 3 हजार मीटर क्रास कन्ट्री दौड़ में किरन पाण्डेय प्रथम, कामिनी द्वितीय रही। 400 मीटर दौड़ में रमा देवी प्रथम, मधु रानी द्वितीय रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा 400 मीटर रिले रेस का आयोजन कराया गया। संयोजक लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर द्वारा सभी प्रतिभागियों को सुभाशीष देते हुए अपनी-अपनी प्रतिस्पर्धा में प्रतिभा निखारते हुए अपने देश का नाम रोशन करने के लिए संदेश दिया गया। सह संयोजक कैप्टन बलविन्दर सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। सह संयोजिका डॉ. नीतू मसीह ने सीओ सिटी का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। शिक्षक संघ के मण्डली अध्यक्ष महिपाल सिंह व जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को नगद उपहार देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में प्रमुख रूप से अतुल दास, देवेंद्र कुमार, सत्येंद्र सिंह, केशव गंगवार, सुनील पाल, राहुल यादव, रितु मिश्रा, आरती यादव, सुब्रत शाक्य, अर्जुन प्रताप सिंह, नेहा भारद्वाज, शुभम मौर्य, देवेश कुमार, अनुराग पटेल आदि रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य संतोष कटियार, रामदास, अनिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, इंदू मिश्रा, ऐस्तर रोज दयाल, रीता दुबे, रजिन्द्र सिंह शाक्य, डॉ. बृजभूषण सिंह, दीन बंधु मौजूद रहे। संचालन सुधाकर चतुर्वेदी व डॉ. यशवंत सिंह ने किया।

लेखा में मयंक रस्तोगी, प्रदीप जायसवाल, अमिताभ सिंह, विश्व प्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त मिश्रा, निशीत सक्सेना, हरेंद्र सिंह, संजीव कुमार आदि लोगों ने व्यवस्था देखी। इस दौरान जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेंद्र सिंह सोलंकी, संजीव चौहान, प्रशांत कुमार मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, आदेश गंगवार, राजेश निरालो आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों के साथ हो रही घटनाओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ज्ञापन देने के दौरान मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें

शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा अमेठी की घटना को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा। जनपद अमरोहा, अमेठी, सीतापुर में शिक्षकों के साथ हुई घटनाओं से शिक्षक कर्मचारी अत्यंत पीड़ा अनुभव कर रहा है। शिक्षक कर्मचारियों के प्रति उपेक्षा पूर्ण व्यवहार हो रहा है।

जनपद अमरोहा के शिक्षक द्वारा विद्यालय के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। अमेठी में एक शिक्षक के पूरे परिवार सहित चार लोगों की घर में घुसकर हत्या कर जघन्य अपराध किया है।

सीतापुर के शिक्षक का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई है। विभागीय प्रताड़ना से सुल्तानपुर के शिक्षक द्वारा आत्महत्या कर ली गई है। इन घटनाओं से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। शिक्षक संगठनों ने मांग की है कि अमेठी घटना में दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाये। सुल्तानपुर की घटना में शामिल दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की जाये। जिससे नजीर बन सके।

सीतापुर की घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो आदि घटनाओं की समस्याओं को देखते हुए दोषियों पर कार्यवाही व मृतक आश्रितों को नौकरी के साथ मुआवजा दिया जाये। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, भूपेश प्रकाश पाठक, नरेन्द्र सिंह जाटव, पीयूष कटियार, अनिमेश मिश्रा, आलोक द्विवेदी, सुजीत कुमार, ऋषिपाल यादव, अनुराग पाण्डेय, विमलेश कुमार, प्रवेश राठौर, पंकज यादव, वीरेन्द्र त्रिवेदी, मनोज कुमार दुबे, संजेश यादव, प्रदीप कुमार गौतम, दीपक भास्कर, फूल सिंह शाक्य, आर्येन्द यादव, देवेश यादव व शिक्षक महिलायें मौजूद रही।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत मीना मंच ने महिलाओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


महिलाओं को शपथ दिलाती भारती मिश्रा

मीना मंच सुगमकर्ता भारती मिश्रा द्वारा मिशन शक्ति चरण 5 के अंतर्गत ग्राम महमदपुर करसान में समुदाय के साथ घरेलू हिंसा पर जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए महमदपुर करसान ग्राम में मीना मंच के बच्चों के द्वारा रैली निकाली गई तथा गांव की चौपाल में सभा की गई।

जिसमें घरेलू हिंसा से जुड़े कानून के बारे में बताया गया। मीना मंच की अध्यक्ष दिव्या ने बताया की घरेलू हिंसा संरक्षण विधेयक 12 सितंबर 2005 को संसद में पारित कर दिया गया था। पावर एंजिल गायत्री ने बताया कि घरेलू हिंसा के अंतर्गत शारीरिक हिंसा, यौन हिंसा, मौखिक एवं भावनात्मक हिंसा, आर्थिक हिंसा आदि सभी को सम्मिलित किया गया है। भारती मिश्रा ने ग्रामीण परिवेश के लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि यह समझने की बात है कि यह कानून उन्हें क्या-क्या अधिकार देता है। शिकायतकर्ता महिला को उसके घर से निकाला नहीं जाता जा सकता, किन्तु यदि हिंसा करने वाला फिर भी हिंसा करें तो उसका घर में प्रवेश वर्जित किया जा सकता है। हिंसा करने वाले से बाण्ड भरवाया जाएगा। संबंधित इलाके के पुलिस थाने को यह निर्देश दिए जाएंगे कि वह महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसी प्रकार आर्थिक रूप से भी मदद मिलेगी। गुजारा भत्ता इतना मिलेगा कि महिला व उसके बच्चे सम्मान से जीवन जी सकें। गुजारा भत्ता हर महीने या एक मुस्त भी हो सकता है। अर्पित ने कहा कि ध्यान रखें फैसला महिला के बयानों के आधार पर ही होगा। कोर्ट जो आदेश की प्रति देगी उसकी कोई फीस नहीं लगेगी। हम सबको घरेलू हिंसा कानून को ठीक से समझना होगा। इस अवसर पर पूनम, उर्मिला, मेनका, रिया, आलोक, अर्पित, प्रांशु, विशाल, सूरज, अनूप, आदेश, दीपांजलि, सुमन, राम लली, शीला, निशा, नेहा, सदाप्यारी, धनदेवी, मोहिनी, काजल, नव्या, अलका, सीता देवी, मनोरमा आदि ग्रामीण महिलाएं उपस्थिति रहीं। घरेलू हिंसा के प्रति आवाज उठाने हेतु सभी के द्वारा शपथ भी ली गई।

## खबरें एक नजर में

### कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा 24वां जिला सम्मेलन 6 अक्टूबर रविवार को मसीहा पब्लिक स्कूल रकाबगंज निकट काशीराम कालोनी के पास होगा। मुख्य वक्ता मुकुट सिंह होगें। यह जानकारी जिला मंत्री सुनील कुमार कटियार ने दी है।

### प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया का सातवां स्थापना दिवस व पत्रकार सम्मेलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन द्वारा 7वां स्थापना दिवस एवं पत्रकार सम्मेलन ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा भवन में 6 अक्टूबर रविवार सुबह 11 बजे सम्पन्न होगा। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी भाग लेंगी।

### 26 अक्टूबर को मनायी जायेगी विमल प्रसाद तिवारी की पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पंडित विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान द्वारा 26 अक्टूबर शनिवार को ब्राह्मण समाज धर्मशाला नितगंजा रोड पर विमल प्रसाद तिवारी की पुण्यतिथि मनायी जायेगी। जानकारी देते हुए आदेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रतिपक्ष नेता माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा व पूर्व केंद्रीय संयुक्त सचिव ब्रहस्पति त्रिवेदी भाग लेंगे। अध्यक्षता पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू करेगें।

### स्वास्थ्य टीम ने शिविर लगाकर डेंगू बुखार के मरीजों का किया परीक्षण


शिविर में जांच कराते मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लिंजीगंज सिविल अस्पताल के चिकित्साधीक्षक व जिला सर्विलांस अधिकारी ने डेंगू बुखार आदि के रोगियों को शिविर लगाकर जांच की। मोहल्ला घेरशामू खां शिव नगर में मनीषा पत्नी अमन चौहान को एक चिकित्सीय टीम के सदस्य डॉ. नवनीत गुप्ता, दीपकांत शुक्ला, फार्मासिस्ट पंकज ने कैम्प लगाकर 17 लोगों का परीक्षण किया। जिसमें 13 मरीज बुखार से पीड़ित, चार खांसी जुकाम के पाये गये। जिनका चिकित्सीय परीक्षण के साथ दवाइयां लेने की सलाह दी गई।

# एसडीएम ने तहसील दिवस पर सुनीं जनता की समस्याएं

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**


शिकायत सुनते एसडीएम

तहसील के सभागार में उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 54 शिकायतें आई। दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। ग्राम हरसिंहपुर निवासी राकेश सिंह ने पैतृक जमीन पर बना रहे मकान में अवरोध डालने वाले दबंग के खिलाफ , इसी गांव के निवासी अशोक सिंह ने चकमार्ग की पैमाइश कराये जाने को लेकर, तुषौर निवासी संतराम ने आवास दिलाए जाने, ग्राम निगार निवासी मुंशीलाल ने हरिजन बस्ती के अंतर्गत पक्की सड़क बनाये जाने को लेकर, ग्राम उजरा मऊ निवासी रामदास ने सरकारी हैंडपंप पर दबंगों के कब्जे को लेकर, किराचन निवासी सुरेंद्र पाल सिंह ने राशन कार्ड बनवाने एवं ग्राम कलेक्टरगंज निवासी कौशल्या देवी ने दबंगों द्वारा रास्ता रोके जाने, ग्राम सबलपुर निवासी शंकर लाल ने कृषि भूमि पर दबंग काबीज होने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। ऐसी ही अन्य शिकायतें भी अधिकारी के सामने दर्ज कराई गई।

जिन पर कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों के लिए लिखा गया। अधिकतर शिकायते आवास एवं कृषि संबंधित रही। जिस समय उपजिलाधिकारी जनसुनवाई कर रहे थे उसी समय अचानक तहसील सभागार में चले रहे पंखे में आग लग गयी। जिससे अफरा तफरी मच गयी। अधिकारी अपनी कुर्सी छोड़कर भागे, तभी राजेपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खां ने बहादुरी दिखाते हुए आग बुझा दी। तब जाकर हालात सामान्य हुए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार राय, राजस्व कर्मचारी एवं संबंधित थानों की पुलिस मौजूद रही। एसडीएम ने सभी शिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण करने को निर्देशित किया और कहा कि शिकायत की मौके पर जांचकर आख्या प्रस्तुत करें।

# चालकों का किया गया नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


स्वास्थ्य परीक्षण कराते लोग

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशन में मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की के चतुर्थ दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगढ़ में विद्यालय वाहन चालकों तथा अन्य व्यावसायिक वाहन चालकों का स्वास्थ्य जांच कार्ड के अनुसार नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

प्रदेश सरकार द्वारा चालकों के स्वास्थ्य की जांच हेतु एक स्वास्थ्य कार्ड जारी किया गया है।

जिसमें चालक के नेत्र, कान, रक्तचाप, डायबिटीज आदि की जांच प्रत्येक 6 माह में किए जाने का प्रावधान है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आरसी माथुर, सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सर्वेश यादव, लैब टेक्नीशियन शिवम एवं महेंद्र तथा स्टाफनर्स मंजू लाल आदि उपस्थित रहे। चालकों के परिक्षण में एक चालक को दूर की दृष्टि में कठिनाई होने पर उसे विस्तृत जांच हेतु लोहिया अस्पताल जाने की सलाह दी गई। परिवहन विभाग द्वारा अब सभी चालकों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, ताकि उनका स्वास्थ्य विवरण उपलब्ध रहे। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा मार्ग चेकिंग की कार्यवाही करते हुए बिना फिटनेस संचालित दो वाहनों को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया तथा उन पर 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त 23 दो पहिया वाहन चालकों के चालान हेलमेट न लगाने के अभियोग में किए गए।

# यादव महासभा ने की उखरा घटना की निंदा


वार्ता करते यादव महासभा के पदाधिकारी

**▸ लेखपालों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की उठायी मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यादव महासभा द्वारा उखरा घटना की घोर निंदा की गई है।

कायमगंज गल्ला मण्डी स्थित यादव महासभा के ब्लाक अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर आयोजित पत्रकार वार्ता में यादव महासभा ने मोहम्मदाबाद के ग्राम उखरा में यादव समाज के परिवारों के मकानों को प्रशासन द्वारा ध्वस्तीकरण किये जाने को लेकर निंदा की और पीड़ितों के ऊपर दर्ज किये गये मुकदमे वापस लेने व लेखपालों को निलंबित करने की मांग उठायी गई। जिलाध्यक्ष हरिनंदन यादव ने कहा कि प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाकर गरीब व कमजोरों को बेघर कर दिया है। क्षेत्रीय लेखपाल ने अपनी गलती छुपाने तथा खुद को बचाने को लेकर बेघर किये गये लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखवाया है। यादव महासभा के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश यादव ने कहा कि पुलिस प्रशासन लेखपालों के दबाव में कार्य कर रहा है। ब्लाक अध्यक्ष प्रवीन यादव ने कहा कि लेखपाल रुद्र प्रताप व सौरव पाण्डेय ने पीड़ितों से मकान बचाने के नाम पर लाखों रुपये की रिश्वत ली है। इसकी जांच करायी जाये। यशवीर आर्य ने कहा कि यादव समाज के मकानों पर जातीय रंजिश निभाई गयी है। लेखपालों ने मकान स्वामियों को नोटिस तक नहीं उपलब्ध कराया और स्वयं भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी में लिप्त है। इसकी जांच की जाये और लेखपालों को निलंबित किया जाये। इस मौके पर अधिवक्ता जितेन्द्र यादव, लालू यादव, विनोद यादव, संजय यादव, रंजीत यादव, विजय कुमार, जुगेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र यादव, ओम सिंह यादव, जसवीर सिंह यादव, दिलीप सिंह यादव, सुनील यादव मौजूद रहे।

# पंचायत सहायक ने बीडीओ एडीएम से फोन पर की अभद्रता


सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद एडीएम व अन्य अधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सम्पूर्ण समाधान दिवस अपरजिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता तहसील सभागार में सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले, कार्यालय में जो भी लालार्थी व नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 260 प्रार्थना पत्र दिये। जिसमें मौके पर 23 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष 237 शिकायती प्रार्थना पत्रो को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया समय गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह तथा उपजिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। विकास खण्ड कायमगंज ग्राम पंचायत रानीपुर गौर पंचायत सहायक प्रतेन्द्र कुमार लगभग एक माह क्राफ सर्वे में काम नहीं कर रहे थे, तभी ज्वाइंट बीडीओ मनीराम शाक्य ने पंचायत सहायक को फोन किया, गुस्साए पंचायत सहायक ने बीडीओ को फोन पर खरी खोटी सुनाई। इसकी जानकारी बीडीओ उपेन्द्र नाथ को दी तो उन्होंने फोन पर बात की तो उनके साथ भी अभ्रद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से शिकायत की। पंचायत सहायक को फोन किया तो उसने एडीएम से भी फोन पर अभद्रता की। इस अभद्रता के लिए पंचायत सहायक को पकड़कर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पेश किया गया।

एडीएम ने उसकी कड़ी फटकार लगायी और चेतावनी दी। क्राफ सर्वे के काम को तुरन्त पूरा करें। विचित्र कुमार पुत्र जयवीर सिंह निवासी अचरिया वाकरपुर मेरापुर ने गांव के ही आशीष पुत्र श्रीकृष्ण के खिलाफ शिकायती पत्र देकर जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की। अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति के अलावा क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार, तहसीलदार विक्रम सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, राहुल यादव, विद्युत उपखंड अधिकारी विनोद कुमार, कायमगंज कस्बा चौकी इन्चार्ज योगेन्द्र सिंह, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमसाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवावगंज थानाध्यक्ष बलराज भाटी, मेरापुर थाने से उपनिरीक्षक आनन्द शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन



बीएसए को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि विद्यालय में कम्पोजिट ग्रांट न होने के बावजूद भी खिड़किया व जाली लगाने के आदेश दिये गये है। यह शिक्षकों का आर्थिक शोषण है। ऐसे में धन पारित किया जाये। अन्य जनपदों की भांति ऑन लाइन सत्यापन के आधार पर दिवाली से पूर्व वेतन दिया जाये। अमरोहा में सफाई को लेकर शिक्षक ने आत्महत्या की है यह दुर्भाग्य पूर्ण है। ऐसे में सफाई करने के लिए विद्यालय में सफाई कर्मी नियुक्त किये जाये और नियमित सफाई करायी जाये। जीपीएफ कटौती व अन्य विवरण जल्द ऑन लाइन किये जाये। मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों की ईएल नियमानुसार प्रदर्शित नहीं है, अपलोड करायी जाये। शिक्षकों का शेष देय भुगतान किया जाये। चयन वेतन मांग की श्रेणी में आने वाले शिक्षकों का चयन वेतन मान लगाया जाये। अत्याधिक गर्मी पड़ने के कारण बच्चे बेहाल है। ऐसे में अक्टूबर तक विद्यालय 8 बजे से 2 बजे तक रखा जाये आदि मांगों का निराकरण करने की मांग की है। इस मौके पर शिक्षक साथी मौजूद रहे।

# जीजीआईसी फतेहगढ़ में हुई विज्ञान व गणित प्रदर्शनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोक करते मनेन्द्र मिश्रा व दीपिका राजपूत

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, गणित एवं विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ समन्वयक समग्र शिक्षा मनेन्द्र मिश्रा एवं प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या शिल्पी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर महेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर कल्पना सिंह द्वारा मेले का अवलोकन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं के मॉडल उत्कृष्ट रहे। गणित मेले का आयोजन गणित क्लब प्रभारी ज्योति, विज्ञान मेले का आयोजन विज्ञान क्लब प्रभारी अर्चना गुप्ता व समग्र शिक्षा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रभारी निर्मला सिंह द्वारा किया गया। उत्कृष्ट मॉडल में भौतिक विज्ञान पार्क अनम अजरा द्वारा, मानव संरचना मॉडल छवि वैश्य द्वारा व चन्द्रयान-3 मॉडल अंशिका शाक्य द्वारा गणित खेल आराधना द्वारा, पादप कोशिका का 3डी मॉडल रहा। विषय बार सर्वश्रेष्ठ मॉडल जनपद स्तरीय आयोजन में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर शिक्षिका ऋचा तिवारी, शैल्जा मौर्या, सरिता त्रिवेदी, गुलशन जहां, दीप्ती सिंह, सर्वेश शाक्य, आदेश गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रविरोधी बयानों से उत्पन्न खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा

# गलत सूचना से राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान

▸ संपादकीय स्थान को लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में करना चाहिए काम

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गलत सूचना, सनसनीखेज और राष्ट्रविरोधी बयानों से उत्पन्न खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए मीडिया से इन खतरों का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने का आह्वान किया है।

श्री धनखड़ ने शनिवार को यहां एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गलत सूचना और सनसनीखेजता राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति ने संपादकीय स्थान को लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में काम करना चाहिए और प्रौद्योगिकी के युग में जिम्मेदार रिपोर्टिंग की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने तेजी से बदलती तकनीकी उथल-पुथल के दौर में जिम्मेदार मीडिया की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने सार्वजनिक संवाद की शुचिता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, कि संपादकीय को जनता को सूचित और संवेदनशील बनाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मीडिया लोकतंत्र का प्रहरी बना रहे। उन्होंने कहा, झूठे बयान और सनसनीखेज बातें भले ही रोचक हों, लेकिन वे राष्ट्र के ताने-बाने को नुकसान पहुंचाती हैं। मीडिया को इन ताकतों को बेअसर करना चाहिए और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर जोर देते हुए श्री धनखड़ ने मीडिया से पूर्वोत्तर के लिए राजदूत के रूप में काम करने और इसकी पर्यटन क्षमता और विकासात्मक प्रगति को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पूर्वोत्तर केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि संस्कृतियों, परंपराओं और प्राकृतिक सुंदरता का एक जीवंत दृश्य है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड, स्विटजरलैंड और स्कॉटलैंड को एक साथ रख दें, तो भी? पूर्वोत्तर की समृद्धि से पीछे रह जाएंगे। क्षेत्र का प्रत्येक राज्य आगंतुकों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए स्वर्ग है। उन्होंने पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी में सुधार के लिए किए गए महत्वपूर्ण कदमों पर जोर दिया और इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक्ट ईस्ट नीति देश की सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि भारत से आगे जाकर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यह नीति एक 'गेम चेंजर' साबित होगी, जो इस क्षेत्र के साथ गहरे सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देगी।

## मोदी के नेतृत्व में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा खादी उद्योग



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधी जयंती पर खादी इंडिया में रिकॉर्ड दो करोड़ रुपये की बिक्री पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी उद्योग आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। केंद्रीय मंत्री शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मोदी की खादी एवं स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील अब एक क्रांति बन चुकी है और उनके नेतृत्व में खादी उद्योग आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस गांधी जयंती पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी इंडिया में रिकॉर्ड ?2.01 करोड़ की बिक्री वास्तव में आनंद का विषय है। इससे खादी के कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा। मैं खादी के सभी उत्पादकों को इसके लिए बधाई देता हूं। लोगों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति लगातार बढ़ रहा आकर्षण आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है।

# ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में संकटमोचन महादेव मंदिर मामले पर 10 को होगी सुनवाई

एजेंसी

**अजमेर।** अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह परिसर में संकट मोचन महादेव मंदिर होने के दावे को लेकर हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा अपने वकील के जरिए दायर वाद पर शनिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जिला एवं सेशन न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई को 10 अक्टूबर तक टाल दिया गया।

अब दस अक्टूबर को निश्चित होगा कि इस वाद पर कौन न्यायाधीश सुनवाई करेगा और सुनवाई किस कोर्ट में होगी। पूर्व में इस मामले में सिविल न्यायाधीश की अदालत में दायर वाद को सुनवाई से इनकार करते हुए न्यायालय ने उचित अदालत में वाद प्रस्तुत करने को कहा था। एडवोकेट शशि रंजन सिंह ने बताया कि इस मामले में एक दिन पूर्व जिला एवं सत्र न्यायालय के समक्ष ट्रांसफर पिटीशन लगाई गई थी। शनिवार को इस मामले में सुनवाई होनी निश्चित थी किन्तु न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 10 अक्टूबर तक टल गई। अब जब सुनवाई होगी तो यह तय होगा कि मामले को किस न्यायालय में कौन जज सुनेगा। हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने शनिवार को भी मीडिया के समक्ष कहा कि दरगाह को हिंदू मंदिर तोड़कर बनाया गया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि न्यायालय में प्रस्तुत वाद में चार मांगे रखी गई है जिसमें प्रमुख रूप से दरगाह को संकट मोचन महादेव मंदिर घोषित किए जाने, दरगाह में मंदिर के स्थान पर पूजा का अधिकार दिए जाने, एएसआई का सर्वे कराए जाने तथा दरगाह का यदि कोई रजिस्ट्रेशन है तो उसे रद्द किए जाने की मांग शामिल है।

## मुकदमा दर्ज कराने के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग

दूसरी और अजमेर के ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह स्थित अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सरवर चिश्ती ने बयान जारी कर दरगाह को मंदिर घोषित करने के मामले पर ऐतराज दर्ज कराया है। साथ ही उन्होंने हुजूर रसूल की शान में गुस्ताखी करने वालों, इस्लाम के खिलाफ अनर्गल बयान देने वालों के खिलाफ चाहे वे देश के किसी भी प्रांत के हों, मुकदमें दर्ज कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। सरवर चिश्ती ने कहा कि आए दिन हुजूर रसूल के खिलाफ कोई ऐरा गैरा कुछ भी बोल जाता है इसे मुस्लिम समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को भी उलाहना दिया कि वे इस तरह रसूल की शान के खिलाफ बोलने पर भी खामोश क्यों रह जाते हैं? जबकि वे अंजुमन के पदाधिकारी होने के नाते विरोध दर्ज कराते हैं तो उन्हें ही नसीहत देने चले आते है कि क्यों बात को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब यह से बर्दाश्त के बाहर है। दरगाह पुलिस थाने में मुस्लिम समुदाय के कुछ प्रतिनिधि द्वारा दरगाह पुलिस थानाधिकारी से मिल कर एक रिपोर्ट पेश की गई है और उन्हें मामले में शीघ्र ही कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बमबारी, इजराइल के हाइफा पर लेबनान से दागे गए दो रॉकेट

▸ इजराइल को भुगतना होगा इन अपराधों का अंजाम : हमास

एजेंसी



**बेरूत।** इजराइल के लड़ाकू विमानों ने आज सुबह लेबनान की राजधानी बेरूत के अलावा चौफात और बोरज अल ब्रजनेह में बमबारी की। हिजबुल्लाह आतंकवादियों के कमांड सेंटर को भी निशाना बनाया। इस बीच लेबनान से भी इजराइल के हाइफा पर दो रॉकेट दागे गए।

इजराइल की सेना लेबनान के कई हिस्सों पर बम बरसा रही है। वह लगातार ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के बंकरों को ध्वस्त कर रही है। इजराइल ने जमीनी लड़ाई भी छेड़ दी है। ईरान के सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) के अनुसार, इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार सुबह से चौफात और बोरज अल ब्रजनेह सहित लेबनान की राजधानी के कई इलाकों पर बमबारी की है। इसके अलावा बेदावी शरणार्थी शिविर पर इजराइली ड्रोन हमले में सईद अताउल्लाह अली और उनकी पत्नी और दो बच्चों की जान चली गई। ड्रोन से एक आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया गया। हमास ने कहा है कि इजराइल को इन अपराधों का अंजाम भुगतना होगा। आईडीएफ के एक्स हैंडल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, वायुसेना ने दक्षिण लेबनान में सलाह घंडौर अस्पताल के पास स्थित हिजबुल्लाह आतंकवादियों के एक कमांड सेंटर को निशाना बनाया। यह सेंटर एक मस्जिद के अंदर स्थापित किया गया था। आईडीएफ ने कहा कि वायुसेना की कार्रवाई से पहले स्थानीय नागरिकों को आगाह किया गया। पिछले चार दिन में आईडीएफ ने लेबनान में 2,000 से अधिक सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर 250 हिजबुल्लाह आतंकवादियों को मार गिराया।

## पश्चिम चंपारण मे आठ लाख मूल्य के गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला स्थित भंगहा पुलिस ने नेपाल से गांजा लेकर आ रहे दो तस्करों को धर दबोचा है। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद माझी को शनिवार के सुबह गुप्त सूचना मिली कि कुछ तस्कर नेपाल से गांजा की खेप लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे है। त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचनार्थ जगह पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित कर नाका लगा दिया। इसी दौरान धुमाटाड़ जसौली शीतला माई मंदिर से सटे तीनमुहानी के पास दो संदिग्ध व्यक्ति माथा पर बोरा लिये हुए आते दिखाई दिये। जब पुलिस ने दोनों संदिग्ध को रोकना चाहा तो उक्त लोग माथे से बोरा फेंककर भागने लगे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए भाग रहे दोनों व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़ने के दौरान पूछताछ के बाद दोनों ने अपना नाम थाना क्षेत्र के बेहरी गांव निवासी प्रहलाद दिसवा तथा रामपुर गांव निवासी त्रिलोकी खवास बताया।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का जीएसटी पोर्टल के साथ हुआ एकीकरण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने जीएसटी पोर्टल के साथ अपने एकीकरण की घोषणा की है, जिससे अब बैंक के ग्राहकों के लिए जीएसटी भुगतान करना और भी आसान होगा। इसी के साथ ग्राहकों को तुरंत भुगतान की पुष्टि और चालान डाउनलोड करने की सुविधा मिलेगी, जिससे यह अनुभव और सरल हो जाएगा। इस नए एकीकरण के जरिए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं, रिटेल और कॉर्पोरेट प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ देशभर में मौजूद बैंक की किसी भी शाखा से भी जीएसटी का भुगतान कर सकेंगे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिटेल लाइबिलिटीज़ और ब्रांच बैंकिंग हेड, चिन्मय ढोबले ने कहा,हम एक कस्टमर-फर्स्ट बैंक हैं और अपने ग्राहकों को सरल, उपयोग में आसान समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जीएसटी पोर्टल के साथ यह एकीकरण हमारे हर प्रकार के बैंकिंग समाधान प्रदान करने के मिशन का एक और कदम है। हमारा उद्देश्य है कि हमारे ग्राहक आसानी से और बिना किसी परेशानी के जीएसटी का भुगतान कर सकें। हम अपने ग्राहकों से आग्रह करते हैं कि वे इस सुविधा का उपयोग करें और हमारी ऑनलाइन और शाखा सेवाओं के माध्यम से आसानी से अपना जीएसटी भुगतान करें। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक उन चुनिंदा प्राइवेट सेक्टर बैंकों में से एक है जिन्हें जीएसटी कलेक्शन के लिए अधिकृत किया गया है, जिससे बैंक की वित्तीय सेवाएं देने की प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

# खबरें एक नजर में

## ईरान ने गाजा, लेबनान में युद्धविराम की पहल की

**तेहरान।** ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इजराइल के लगातार हमलों के बीच लेबनान और गाजा में युद्धविराम की पहल की गई है। उम्मीद है कि इसका सुखद परिणाम होगा। शीर्ष ईरानी राजनयिक ने शनिवार को अपने बेरूत दौरे के दूसरे चरण में दमिश्क (सीरिया) पहुंचने पर यह टिप्पणी की। ईरान के सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) के अनुसार, अराघची कल लेबनान की राजधानी बेरूत पहुंचे। उन्होंने वहां के सरकारी अधिकारियों के साथ बहुत महत्वपूर्ण बातचीत की। उनकी दमिश्क यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में विकास पर बातचीत जारी रखना है। अराघची ने कहा कि वह सीरियाई सरकारी अधिकारियों के साथ पश्चिम एशिया के विकास पर बातचीत जारी रखेंगे। इस बातचीत में लेबनान और गाजा में युद्धविराम सबसे महत्वपूर्ण विषय होगा। इस संबंध में विचार-विमर्श किया गया है। उम्मीद है कि इसका अच्छा परिणाम निकलेगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हुए बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कथित तौर पर वह अभी भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। स्टोक्स की अनुपस्थिति में ओली पोप टीम की कप्तानी करेंगे। अगस्त में इंग्लैंड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में घरेलू सीरीज से बाहर हो गए थे, उनके अब और क्रिसमस के बीच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में छह टेस्ट मैचों में के लिए कप्तानी फिर से शुरू करने की उम्मीद थी। स्टोक्स शुक्रवार को मुल्तान में लगभग 40 डिग्री की गर्मी में प्रशिक्षण के दौरान एक या दो ओवर फेंके। उनकी अनुपस्थिति से इंग्लैंड को एक बार फिर इस पर काम करने की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने कहा, वह अपनी चोट से अच्छी तरह उबर रहा है, लेकिन हमें अभी तक पता नहीं है। टीम के संतुलन के बारे में पूछे जाने पर, क्रॉली ने जवाब दिया, हमारे पास गेंद और बल्ले के साथ बहुत सारे विकल्प हैं, हमारे पास ऐसे गेंदबाज हैं जो वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं, जैसा कि गर्मियों में साबित हुआ। जो भी टीम आएगी, हम तैयार हैं।

## शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में पहुंचे अल्कराज

**शंघाई।** चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने शनिवार को चीन के शांग जुनचेंग को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अल्कराज ने पहले गेम में ब्रेक लिया और 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले महीने चेंगदू ओपन में एटीपी टूर एकल खिताब जीतने वाले केवल दूसरे चीनी खिलाड़ी बने शांग, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ कुछ ज्यादा हासिल नहीं कर सके। अल्कराज ने मैच के बाद कहा, मैं हाल ही में वास्तव में अच्छा टेनिस खेल रहा हूं इसलिए मैं इसे जारी रखना चाहता हूं और इसे महसूस करना चाहता हूं, मैंने सिर्फ एक अभ्यास किया था और फिर सीधे इस मैच में पहुंच गया, इसलिए पहले मैच में यह स्तर दिखाने में सक्षम होने पर मुझे वास्तव में गर्व है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मां चंद्रघंटा के चरणों को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर की तृतीया पर मां चंद्रघंटा से प्रार्थना कर सभी के यशस्वी जीवन की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा-नवरात्रि में आज मां चंद्रघंटा के चरणों में कोटि-कोटि वंदन! देवी मां अपने सभी भक्तों को यशस्वी जीवन का आशीष प्रदान करें। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पोस्ट पर मां की स्तुति का एक वीडियो भी अपलोड किया है। लोक मान्यता है कि नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा के विग्रह की पूजा-अर्चना की जाती है। मां चंद्रघंटा के वंदन से मन को परम सूक्ष्म ध्वनि सुनाई देती है

## नासिक में मनाया गया रेलवे सुरक्षा बल का 40वां स्थापना दिवस



**नासिक, समृद्धि न्यूज।** रेलवे सुरक्षा बल का 40वां स्थापना दिवस समारोह दिनांक 04 अक्टूबर को रेलवे सुरक्षा बल क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र नासिक में संपन्न हुआ। इस दौरान रेल मंत्री भारत सरकार अश्वनी वैष्णव ने रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव, पूर्वोत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त तारिक अहमद तथा अन्य उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में सराहनीय सेवाओं के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के निरीक्षक दशरथ प्रसाद लखनऊ पारा निवासी अजय कुमार द्विवेदी (सहायक उप निरीक्षक), राकेश कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल मोहम्मद साजिद सिद्दिकी को भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पुलिस पदक से सम्मान प्राप्त हुए।

# श्रीलंका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला से हटे रसेल, पूरन व हेटमायर, एंड्रयू शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर और अकील होसेन ने व्यक्तिगत कारणों से श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। सलामी बल्लेबाज एविन लुईस, जिन्होंने आखिरी बार 2022 में विश्व कप के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला था, की टीम में वापसी हुई है। लुईस को श्रीलंका दौरे के वनडे चरण के लिए भी चुना गया है।

ब्रैंडन किंग भी साइड की चोट से उबरने के बाद टी20अंतरराष्ट्रीय टीम में लौट आए, जिसके कारण उन्हें इस शुरुआत में टी20 विश्व कप और सीपीएल 2024 से चूकना पड़ा था। रसेल की अनुपस्थिति में, वेस्टइंडीज ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स टीम के साथी टेरेंस हिंड्स और एंटीगिया और बारबुडा फाल्कन्स के शमर स्प्रिंगर को टीम में शामिल किया है। रोवमैन पॉवेल टी-20 टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, जबकि रोस्टन चेज़, जिन्होंने इस सप्ताह के शुरू में वेस्टइंडीज का केंद्रीय अनुबंध अर्जित किया था, को उनके डिप्टी के रूप में बरकरार रखा गया है। चयन प्रणाली में सुधार के बाद लुईस की वापसी हुई है और कोच डेरेन सैमी अब पैनल का नेतृत्व कर रहे हैं। सैमी ने सीडब्ल्यूआई के एक बयान में कहा, श्रीलंका का दौरा हमें अपनी गहराई का परीक्षण करने और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका देता है, खासकर जब कई वरिष्ठ खिलाड़ी आराम की आवश्यकता और चोट से पुनर्वास के कारण टीम से बाहर रहे हैं। हमें श्रीलंका के खिलाफ मजबूती से प्रतिस्पर्धा करने की टीम की क्षमता पर भरोसा है। सत्रह वर्षीय ज्वेल एंड्रयू को पल्लेकेले में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है।

## आतंकियों से मुठभेड़ में लेफ्टिनेंट कर्नल समेत छह सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान के स्पिनवाम इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक लेफ्टिनेंट कर्नल सहित छह सैनिकों की मौत हो गई। इस मुठभेड़ में छह ख्वारिज (दहशतगर्द) भी ढेर हो गए। एआरवी न्यूज चैनल ने इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी दी। आईएसपीआर ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि यह मुठभेड़ चार और पांच अक्टूबर की दरमियानी रात हुई। लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद अली शौकत ख्वारिज के खिलाफ ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे थे। 43 वर्षीय लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद अली शौकत फैसलाबाद के रहने वाले थे। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बेटे छोड़ गए हैं। आईएसपीआर के अनुसार, सुरक्षाबलों ने स्वात का दौरा करने वाले विदेशी राजनयिकों के काफिले पर हाल ही में हुए हमले में शामिल आतंकवादी अट्टा उल्लाह उर्फ मेहरान को भी मुठभेड़ में मार गिराया।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुरक्षित रेल परिचालन के लिए मुख्य लोको निरीक्षकों से लिए सुझाव

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नासिक दौरे के दौरान मुख्य लोको निरीक्षकों से सुरक्षित रेल परिचालन, टेक्नोलॉजी के अपग्रेडेशन, लोको पायलटों के विश्राम, नियमित प्रशिक्षण जैसे मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की और लोको निरीक्षकों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किये।

नासिक स्थित भारतीय रेलवे विद्युत इंजीनियरिंग संस्थान (आईआरईईएन) में प्रशिक्षण ले रहे चीफ लोको इंस्पेक्टर्स के साथ रेल मंत्री ने भारतीय रेलवे पर लोकोमोटिव संचालन के आधुनिकीकरण और सुरक्षा उपायों को बढ़ाने से संबंधित विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। रेल मंत्री वैष्णव ने सामान्य रूप से अपने प्रशिक्षण अनुभवों और विशेष रूप से कवच के उपयोग के बारे में सीएलआई से बातचीत की। सीएलआई ने इस बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा की कि कैसे कवच प्रणाली गति बनाए रखने और ट्रेन संचालन के दौरान सुरक्षा और समय की पाबंदी दोनों में सुधार करने में उनका आत्मविश्वास बढ़ाती है। चर्चाओं में आधुनिक ब्रेकिंग सिस्टम, लोकोमोटिव में नई तकनीक और प्रभावी चालक दल प्रबंधन प्रथाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। भोपाल डिवीजन के सीएलआई एस के राठी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जैसे इंटरलॉकिंग स्टेशन मास्टर के लिए, पीएससी स्लीपर ट्रैक ट्रैकमैन की मदद करता है, वैसे ही कवच तकनीक लोको पायलटों को सुरक्षित ट्रेन संचालन में मदद करती है। इसी क्रम में, एक सीएलआई ने कहा कि कवच तकनीक न केवल सुरक्षित ट्रेन संचालन की ओर ले जाती है, बल्कि उन्हें और उनके परिवार को तनाव मुक्त भी रखती है। कवच एसपीएडी (सिग्नल पासिंग एट डेंजर) घटनाओं को रोकने में मदद करता है और लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर सुरक्षा सुनिश्चित करता है, ऐसा एक अनुभव सीएलआई ने बताया।

# महिला टी-20 कप : न्यूजीलैंड ने 58 रन से भारत को हराया

एजेंसी



**दुबई।** रोज़मेरी मैयर के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भारत पर 58 रन की शानदार जीत हासिल की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारतीय बल्लेबाजों के पास व्हाइट फर्न्स की गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था और कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को नहीं छू सका।

161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत की शुरुआत खराब रही और ईडन कार्सन ने शेफाली वर्मा (2) और स्मृति मंधाना (13 गेंदों में 12 रन, दो चौकों की मदद से) को पवेलियन भेज दिया। भारतीय टीम ने 4.4 ओवर में केवल 28 रन पर दो विकेट खो दिये। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जो शानदार पारी खेलकर भारत की नंबर तीन की स्थिति की दुविधा को हल करना चाह रही थीं, 11 गेंदों में एक चौके की मदद से 13 रन बनाकर रोजमेरी मैयर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गईं। भारत ने पावरप्ले से पहले 42 रन पर अपने तीन सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को खो दिया था। छह ओवर में पावरप्ले की समाप्ति पर, भारत का स्कोर 43/3 था, जिसमें ऋचा घोष (1*) और जेमिमा रोड्रिग्स (6*) नाबाद थीं। भारत ने 7.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। भारतीय टीम बड़ी साझेदारी करने में विफल रही, क्योंकि ली ताहुहू ने रोड्रिग्स (13) और ऋचा घोष (19 गेंदों में 12) को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया। भारत ने 11 ओवर में 70 रनों पर अपने 5 विकेट खो दिये।

इसके बाद अरुंधति रेड्डी को एक रन पर सूजी बेट्स ने एक्स्ट्रा कवर पर कैच कर लिया, यह मैयर का मैच में दूसरा विकेट था। भारतीय टीम 12.2 ओवर में 75 रन पर 6 विकेट खो चुकी थी। ली ने दीप्ति को 13 रन पर आउट करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया, जबकि अमेलिया केर ने पूजा वस्त्रकार को मात्र आठ रन पर आउट कर दिया। भारत 15.3 ओवर में 90/8 पर पहुंच गया। मैयर ने बाकी बल्लेबाजी लाइन-अप को भी ध्वस्त कर दिया और भारतीय टीम 19 ओवर में 102 रन सिमट गई। मैयर ने 19 रन देकर 4 विकेट लिया, जबकि ली ताहुहु ने 15 रन देकर 3 विकेट लिये। कार्सन ने भी दो विकेट मिले। इसके पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सोफी डिवाइन के शानदार अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने 4 विकेट पर 160 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया।

इसके बाद आशा शोभना ने प्लिमर को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। प्लिमर ने 23 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए। 8.1 ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 2 विकेट पर 67 रन था। एमेलिया केर और कप्तान सोफी डिवाइन ने साझेदारी बनानी शुरू की और 10 ओवर की समाप्ति पर न्यूजीलैंड का स्कोर 72/2 पर पहुंचा दिया। हालांकि भारतीय गेंदबाजों ने तीन-चार ओवरों तक वास्तव में अच्छा नियंत्रण रखा, लेकिन 13वें ओवर में डिवाइन के दो शानदार चौकों ने कीवी टीम को कुछ गति प्रदान की। 14.2 ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर 99/3 था। न्यूजीलैंड ने 14.4 ओवर में 100 रन का आंकड़ा छू लिया। हालांकि, अमेलिया के आउट होने के बावजूद सोफी ने गेंदबाजों को परेशान करना जारी रखा और रेणुका और श्रेयंका को चौके जड़े।

न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और सूजी बेट्स ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। न्यूजीलैंड ने सिर्फ 5.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। पावरप्ले के छह ओवर में न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। जिसमें प्लिमर ने 30 और बेट्स ने 19 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच 67 रनों की साझेदारी आखिरकार रेड्डी द्वारा बेट्स को 24 गेंदों में 27 रन पर आउट करने के साथ समाप्त हुई, बेट्स ने इस दौरान दो चौके लगाए थे। बेट्स को डीप मिडविकेट पर श्रेयंका पाटिल ने कैच किया।

## हॉकी इंडिया लीग की वापसी से बेहतर कुछ नहीं : हरमनप्रीत सिंह

**बेंगलुरू।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सात साल के अंतराल के बाद हॉकी इंडिया लीग के वापसी की घोषणा की। संशोधित एचआईएल 2024-25 में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल होंगी, जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग 28 दिसंबर को दो स्थानों रांची, झारखंड में मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और राउरकेला, ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के साथ शुरू होगी। महिला लीग का समापन 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी 2025 को राउरकेला में होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पिछले संस्करण में एक उभरते सितारे थे, और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का अध्ययन करने के अवसर का उपयोग किया। उन्होंने कई मौकों पर भारत में हॉकी के स्तर को बढ़ाने के लिए लीग को श्रेय दिया है ।

# श्रवण व अस्थि बाधित बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा सक्षम स्पीच हियरिंग एंड ऑटिज्म केयर सेंटर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सक्षम स्पीच हियरिंग एंड ऑटिज्म केयर सेंटर विकल्प खंड गोमती नगर लखनऊ में शनिवार को भव्य उद्घाटन का प्रारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सचिव डॉ. शिव शंकर द्विवेदी उत्तर प्रदेश सरकार ने फीता काटकर किया। डॉ. द्विवेदी ने अपने वक्तव्य में बताया कि यह सेंटर एक साथ श्रवण बाधित, अस्थि बाधित और मानसिक रूप से समस्या ग्रस्त विशेष बालकों के निदान के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र दुबे सहायक पुलिस आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ ने कहा कि समाज में दिव्यांग लोगों के उपचार के लिए यह केंद्र उपयोगी रहेगी तथा समाज में ऐसे लोगों की सेवा करना ही धर्म है। विशिष्ट अतिथि मनीष शुक्ला प्रवक्ता भाजपा उत्तर प्रदेश ने दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण हेतु केंद्र के सफल संचालन के लिए साधुवाद दिया। प्रोफेसर विजय शंकर शर्मा विभाग अध्यक्ष विशेष शिक्षा शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में सभी प्रकार के दिव्यांगों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निदान करेगा।

काइनेटिक दिव्यांग रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन केंद्र तथा अग्रणी दिव्यांग फाउंडेशन के निदेशक शैलेंद्र मिश्रा ने समस्या ग्रस्त बालकों को यह केंद्र समाज के मुख्य धारा से जोड़ने में सहायक रहेगा। संचालक डॉ. नीरज शुक्ला अध्यक्ष बी.एड ने कहा कि इस समय उत्तर प्रदेश में लगभग 41 लाख दिव्यांग व्यक्ति हैं जिसमें 20त्न लोगों को चलने फिरने में समस्या 19त्न दिव्यांगों को सुनने और देखने में समस्या ग्रस्त हैं,7/श्रवण बाधित और 6 प्रतिशत मानसिक रूप से बाधित है द्य उत्तर प्रदेश दिव्यांगों की संख्या में प्रथम स्थान है इस केंद्र के निदेशक डॉ कपिल मुनि दुबे ने श्रवण बाधित वाणी वाधित तथा मानसिक ग्रस्त व अस्थिबाधित लोगों की सभी प्रकार की समस्याओं के लिए स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथैरेपी तथा स्पेशल एजुकेशन के माध्यम से बच्चों का निदान कर बेसिक ज्ञान भी सिखाया जाएगा तथा आभार ज्ञापन भी किया।

इस अवसर पर सब रजिस्ट्रार अवधेश मिश्रा डॉक्टर सचिन गिरी एम डी न्यूरोलॉजिस्ट राम मनोहर लोहिया लखनऊ, डॉक्टर सुधीर सिंह एम डी गैस्ट्रोलॉजिस्ट, हर्षित मिश्रा सांख्यिकी अधिकारी, शेर बहादुर एस एच ओ 1090 लखनऊ, नीलम पांडे, संजय उपाध्याय, हिमांशु शुक्ला, रजनीकांत, शुभम चौहान, अतुल वर्मा, आमिर, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।